1. वैश्विक परिदृश्य

वर्ष 2022-23 कई मामलों में अद्वितीय था। इस अवधि के दौरान कई झटके लगे और चुनौतियां आईं, जिससे आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक शत्रुता, रूस-यूक्रेन युद्ध द्वारा उत्पन्न वित्तीय अस्थिरता ने आपूर्ति श्रृंखलाओं की बहाली को बाधित किया और वैश्विक आर्थिक सुधार प्रक्रिया में बाधा डाली। इसका परिणाम यह रहा कि खाद्य, ईंधन और उर्वरक की बढ़ती कीमतों से दुनिया भर में मुद्रास्फीति का दबाव लगातार बना रहा। इस स्थिति का मुकाबला करने के लिए, दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने मौद्रिक नीति को कड़ा किया और नीतिगत दरों में तेजी से वृद्धि की। इससे खपत और उत्पादन में संकुचन के कारण वैश्विक आर्थिक विकास की संभावनाओं के लिए एक नकारात्मक जोखिम उत्पन्न हुआ। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2021 के दौरान 6.4% की वृद्धि के मुकाबले, 2022 के दौरान वैश्विक उत्पादन संकुचित हो कर 3.4% हो गया। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 2.7% की वृद्धि हुई और उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 4.0% की वृद्धि हुई। इस प्रकार आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के साथ वैश्विक विकास की धीमी गति ने भी वैश्विक व्यापार को नियंत्रित किया। वैश्विक व्यापार वृद्धि 2021 में 10.4% से घटकर 2022 में 5.1% हो गई। वैश्विक मुद्रास्फीति 2021 में 4.7% से बढ़कर 2022 में 8.7% के उच्च स्तर पर पहुंच गई। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में बड़े पैमाने पर मुद्रा मूल्यह्रास, पूंजी पलायन हुआ, निवेशक जोखिम से बचने का प्रयास करने लगे और ऋण-संकट की स्थित उत्पन्न हुई।

यूएस और यूरोप में बैंकिंग क्षेत्र की उथल-पुथल के रूप में वित्तीय वर्ष 23 के अंत में वैश्विक अर्थव्यवस्था में अशांति का नया चरण सामने आया। इससे बैंकिंग क्षेत्र की कमजोरियां सामने आईं और व्यापक वित्तीय क्षेत्र में इसके फैलने का डर बढ़ गया।

2. घरेलू आर्थिक परिदृश्य :

वैश्विक स्पिलओवर्स की चुनौतियों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं के सामान्यीकरण, उपभोक्ता विश्वास की बहाली और संपर्क गहन क्षेत्रों में गतिविधि के पुन: उत्थान के कारण पुनर्प्राप्ति के पथ पर बनी रही। अर्थव्यवस्था ने, मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल, अच्छी तरह से विनियमित और पूंजीकृत बैंकिंग क्षेत्र और कॉर्पोरेट क्षेत्र की मजबूत बैलेंस शीट के कारण लचीलापन और स्थिरता का प्रदर्शन किया। इससे क्रेडिट-मांग में फिर से वृद्धि आई और सरकार द्वारा पूंजी व्यय में बड़ी वृद्धि से इसे सहायता मिली।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के नवीनतम अनुमान के अनुसार, वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भी 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद में 7% की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 के दौरान दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गई। 2022-23 में कृषि और संबद्ध क्षेत्र में तेजी रही। इस क्षेत्र में खाद्यान्न, गन्ना, रेपसीड और सरसों के रिकॉर्ड उत्पादन के परिणामस्वरूप सकल मूल्य संवर्धन ने 3.3% की वृद्धि दर्ज की।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) द्वारा मापे गए औद्योगिक उत्पादन में वि.वर्ष 23 के दौरान 5.1% की वृद्धि दर दर्ज की गई जो पिछले वर्ष 11.4% थी। तीन उप-क्षेत्रों में, विनिर्माण क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्षेत्र की रिकवरी को आकार दिया लेकिन वैश्विक मांग में मंदी ने वित्त वर्ष 23 की दूसरी छमाही में विनिर्माण गतिविधि को प्रभावित किया और विकास दर कम होकर 4.5% के स्तर पर आ गई। वहीं दूसरी ओर खनन ने 5.8% की वृद्धि दर्ज की और बिजली उत्पादन ने 2022-23 में 8.9% की अच्छी वृद्धि दर्ज की। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, प्राथमिक वस्तुओं और बुनियादी ढाँचे/निर्माण वस्तुओं ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की, जबकि पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन को, बुनियादी ढाँचे में सरकार द्वारा किये गए निवेश से प्रोत्साहन मिला। इसके अतिरिक्त, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन, 2019-20 के महामारी पूर्व उत्पादन स्तर से नीचे रहने तथा 2022-23 में गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन लगभग सपाट होने के कारण उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन शिथिल रहा।

सेवा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में फिर से तेजी देखी गई और यह 2022-23 में निर्माण, घरेलू व्यापार और परिवहन के नेतृत्व में मजबूती से पुनरुज्जीवत हुआ तथा अपने महामारी पूर्व स्तर को पार कर गया। वहीं दूसरी ओर विमानन, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी जैसे कोविड-19 महामारी से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में काफी सुधार हुआ है।

विशेष रूप से वर्ष की पहली छमाही के दौरान, आपूर्ति पक्ष की समस्या, कच्चे तेल, खाद्य, उर्वरक और धातुओं की वैश्विक कीमतों में तेज वृद्धि जैसे विभिन्न कारकों के कारण खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) और डब्ल्यूपीआई, दोनों ऊंचे स्तर पर रहे। अत: युद्ध के बाद की परिस्थितियों में आपूर्ति में नए प्रकार की रुकावटों के साथ-साथ उच्च इनपुट लागतों को उपभोक्ताओं को अंतरित करने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई। हालांकि वैश्विक कमोडिटी कीमतों में नरमी, सरकार द्वारा उठाए गए उपायों की तत्परता, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के सामान्य होने और आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में लगातार बढ़ोतरी के कारण, वर्ष 2022-23 की दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति में कमी आई। समग्र हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति, 2021-22 में 5.5% से बढ़कर 2022-23 में 6.7% हो गई, जो पूरे वर्ष के दौरान कोर मुद्रास्फीति में अवरुद्धता को प्रदर्शित करती है तथा यह महामारी पूर्व स्तर से ऊपर रही है।

वैश्विक मंदी और लगातार भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, भारत का व्यापारिक निर्यात 6.7% बढ़ा और पिछले वर्ष में 44.6% की तुलना में 2022-23 में 450.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। निर्यात वृद्धि का प्रमुख भाग पेट्रोलियम उत्पाद थे जिनकी निर्यातों में हिस्सेदारी वित्त वर्ष 22 में 16% से बढ़कर वित्त वर्ष 23 में 21.6% हो गई। इसके अलावा सॉफ्टवेयर सेवाओं के नेतृत्व में 27.9% की रिकॉर्ड वृद्धि के साथ सेवा निर्यात में मजबूत वृद्धि देखी गई। हालांकि, 2022-23 के दौरान मजबूत घरेलू मांग में सुधार के कारण निर्यात की तुलना में व्यापारिक आयात में 16.5% की तेजी से वृद्धि हुई और इसी अवधि के दौरान 714.0 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इसके साथ, व्यापार घाटा पिछले वर्ष 192.24 बिलियन डॉलर से लगभग 38% बढ़कर वित्त वर्ष 23 में 263.6 बिलियन डॉलर हो गया। 2022-23 के दौरान, एफडीआई के तहत शुद्ध प्रवाह 28 बिलियन डॉलर था, जो 2021-22 (यानी 38.6 बिलियन डॉलर) की तुलना में थोड़ा कम है। हालांकि, शुद्ध पोर्टफोलियो बहिर्वाह, वर्ष के दौरान 5.9 बिलियन डॉलर था। वित्त वर्ष 2023

के दौरान नौ महीनों की अवधि के लिए, हालांकि चालू खाता घाटा (सीएडी) जीडीपी का 2.7% था, जबकि वित्त वर्ष 2022 की इसी अवधि के दौरान यह 1.1% था, लेकिन यह टिकाऊ स्तर के भीतर रहा। इन कारकों के परिणामस्वरूप मार्च 22 के अंत से मार्च 23 के अंत तक विदेशी मुद्रा भंडार में 28.9 बिलियन डॉलर की गिरावट आई और यह 578.4 बिलियन डॉलर रहा और 2022-23 के लिए इसने लगभग 9 महीनों के अनुमानित आयात को कवर प्रदान किया। फिर भी, भारतीय अर्थव्यवस्था बाहरी मोर्चे पर भी लचीली दिखाई दी, जिसमें बाहरी ऋण (जीडीपी के अनुपात के रूप में) और अन्य जैसे भेद्यता संकेतक, अधिकांश समकक्ष उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे।

राजकोषीय मोर्चे पर, अर्थव्यवस्था की वापसी के साथ, जीएसटी संग्रह, आयकर और निगम कर में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण कर राजस्व मजबूत बना रहा और राजस्व व्यय को युक्तिसंगत बनाया गया। सकल राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2022 में जीडीपी के 6.75% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 (संशोधित अनुमानों के अनुसार) में जीडीपी का 6.45% हो गया। वर्ष के दौरान केंद्र सरकार द्वारा पहली बार सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड (एसजीआरबी) जारी करना राजकोषीय क्षेत्र में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम था। बॉन्ड की आय का उपयोग उन सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं में किया जाएगा जो अर्थव्यवस्था की उत्सर्जन तीव्रता को कम करते हैं।

3. बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के विकास :

वित्त वर्ष 2023 के दौरान, बैंकिंग उद्योग ने उच्च अग्रिम वृद्धि और कम जमा वृद्धि देखी। वित्त वर्ष 2022 में 9.6% की तुलना में अग्रिमों में 15% की दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई और वित्त वर्ष 2022 के दौरान जमा में 8.9% की तुलना में 9.6% की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान उपभोक्ता आशावाद की वापसी और कारोबार दृष्टिकोण में सुधार से ऋण वृद्धि में निरंतरता बनी रही। सभी उप-क्षेत्रों अर्थात कृषि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के लिए ऋण प्रवाह में क्रमशः 15.4%, 5.7% और 19.8% की वृद्धि हुई, जो औद्योगिक क्षेत्र को छोड़कर पिछले वर्ष के दौरान की तुलना में बहुत अधिक थी।

बढ़ते ब्याज दर चक्र में एनआईआई में वृद्धि के संदर्भ में बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन उत्साहजनक रहा, जिससे परिचालन लाभ, शुद्ध लाभ में प्रबल वृद्धि हुई, और आरओए तथा आरओई अनुपात में सुधार हुआ। आस्ति गुणवत्ता में भी काफी सुधार हुआ है, जीएनपीए अनुपात 5% से नीचे आ गया है और एनएनपीए 2% से कम हो गया है और ताज़ा स्लिपेज पर नियंत्रण हुआ। डिजिटलीकरण और समावेशी विकास पर जोर देने के साथ, देश में बैंकिंग लेनदेन करने के डिजिटल तरीकों को अपनाने के लिए देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) स्थापित की गईं। 31 मार्च, 2023 तक डीबीयू की संख्या बढ़कर 84 हो गई। इसके अलावा, आरबीआई ने वर्ष के दौरान क्रमशः 1 नवंबर, 2022 और 1 दिसंबर, 2022 को थोक और खुदरा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) की शुरुआत की।

हालांकि आरबीआई द्वारा मौद्रिक नीति में उदार रुख को वापस लेने से सिस्टम में अधिशेष चलनिधि के स्तर में धीरे-धीरे कमी आई, अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों की ऋण जरूरतों को पूरा करने हेतु चलनिधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक नपे तुले दृष्टिकोण का पालन किया गया। अप्रैल 2022 में, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) की शुरुआत की गई, जिसने बैंकों को सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में संपार्श्विक की आवश्यकता के बिना आरबीआई के पास अतिरिक्त धनराशि को जमा करने में सक्षम बनाया। इसका उद्देश्य संपार्श्विक मुक्त तरीके से प्रभावी चलनिधि का प्रबंधन करना था। 2022-23 के दौरान एसडीएफ के तहत औसत दैनिक अवशोषण 1.5 लाख करोड़ था जबकि वीआरआरआर नीलामियों के माध्यम से औसत अवशोषित राशि 1.4 लाख करोड़ थी। सीआरआर में 50 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 4.5% हो गया, जिसके परिणामस्वरूप बैंकिंग प्रणाली से 87,000 करोड़ रुपये की प्राथमिक चलनिधि की निकासी हुई। दैनिक निवल चलनिधि अवशोषण मार्च 2022 में 6.6 लाख करोड़ रु. के दैनिक औसत से नीचे गिरकर मार्च 2023 में 0.14 लाख करोड़ हो गया। जीएसटी भुगतान, अग्रिम कर बहिर्गमन और सामान्यतः वर्षांत की तंगी के कारण प्रतिरोधी चलनिधि दबाव का मुकाबला करने के लिए, समय-समय पर वीआरआरआर नीलामी आयोजित की गई।

दुनिया भर में उच्च मुद्रास्फीति और नीतिगत दरों में बढ़ोतरी की चिंताजनक स्थिति के कारण सरकारी-प्रतिभूति प्रतिफल वित्त 2023 की पहली तिमाही के दौरान उन्नयन पथ की ओर चला गया तथा इसमें वृद्धि हुई। तथापि वृहद् आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव जैसे- कच्चे तेल की कीमतें कम होने, मुद्रास्फीति के स्तर में गिरावट, दर बढ़ोतरी की धीमी गति और अमेरिका में सरकारी बॉन्ड प्रतिफल में सामान्य कमी के कारण प्रतिफल कभी-कभी कम हुआ लेकिन फिर बढ़ गया। 10 साल की बेंचमार्क यील्ड 31 मार्च, 2022 को 6.79% से बढ़कर यथा 30 जून 2023 को 7.50% की ऊंचाई तक गई और 31 मार्च, 2023 को 7.31% पर आ कर रुकी।

रुपये-यूएसडी विनिमय दर में वर्ष के दौरान वैश्विक घटनाओं के अनुसार व्यवस्थित उतार-चढ़ाव रहा, ज़्यादातर यह नॉमिनल आधार पर मूल्यह्रास के साथ रहा। अप्रैल 2022 से दिसंबर 2022 तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में 8.3% की गिरावट आई है। यूएसडी के मुकाबले रुपए के मूल्यह्रास को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में बहिर्गमन, अन्य सभी मुद्राओं के मुकाबले यूएसडी का अधिमूल्यन, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, मौद्रिक नीति के सामान्यीकरण तथा भू-राजनीतिक तनाव थे।

रुपया-यूएसडी विनिमय दर दिनांक 31 मार्च, 2022 को रु.75.79 से बढ़कर 31 मार्च, 2023 को रु.82.18 हो गई। हालांकि, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का मूल्यह्रास उभरते बाजारों की मुद्राओं की तुलना में कम है।

वर्ष 2022-23, सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए कई नीतिगत उपायों के संदर्भ में महत्वपूर्ण था, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच लचीलापन बनाए रखने के लिए स्थिरता, सतत विकास को बढ़ावा देने और प्रणाली को मजबूत करने हेतु पुराने प्रचलन को जारी रखा है। आरबीआई ने उदारता का रवैया वापस ले लिया और विकास को बढ़ावा देते हुए मुद्रास्फीति की संभावनाओं को कम करने हेतु नीतिगत रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि की। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 की घोषणा 31 मार्च, 2023 को की गई थी ताकि आसानी से व्यापार करने और भारतीय रुपये में अधिक व्यापार की खोज करके निर्यात अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके। राजकोषीय

मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2023 के पहले आठ महीनों में सरकार के पूंजीगत व्यय में 63.4% की वृद्धि हुई, जिससे निजी निवेश बढ़ा और अर्थव्यवस्था में एनिमल स्पिरिट्स (आंतरिक मूल्य के बजाय मानव भावनाओं के आधार पर उतार-चढ़ाव) बढ़ने से पूंजी निवेश चक्र में तेजी आई। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करते हुए, पीएलआई योजनाओं को विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने हेतु अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय बजट 2022-23 में विकास की गति को बढ़ावा देने और वैश्विक चुनौतियों के खिलाफ राहत प्रदान करने हेतु सरकार ने विभिन्न विकास-उन्मुख उपायों की घोषणा की है जैसे कि रु.10 लाख करोड़ तक पूंजी निवेश में 33% की वृद्धि, 'गति शक्ति' के साथ बुनियादी ढांचे पर जोर देना, नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी (एनएलपी) के तहत अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से कृषि विस्तार सेवाओं को मजबूत करना आदि।

कारोबार समीक्षा:

1. संसाधन संग्रहण:

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 2.72% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाते हुए कुल रु. 6,684 करोड़ की कासा वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में 2.64% की दर से बचत बैंक जमाराशियों में रु. 5,711 करोड़ की उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई है। बैंक ने पिछले वर्ष की तुलना में 3.26% की वृद्धि के साथ आधार आकड़ों में रु. 974 करोड़ की वृद्धि करते हुए चालू जमाराशियों में भी वृद्धि दर्ज की है। मीयादी जमा राशियों ने भी पिछले वर्ष की तुलना में 3.91% की वृद्धि के साथ रु. 11,732 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है।

167418 नये ग्राहकों को एसबी डायमंड ग्राहक आधार में जोड़ा गया है जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 4.75% की वृद्धि है। एसबी डायमंड ग्राहकों की जमाराशि आधार में रु.7,647 करोड़ की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार, सीडी डायमंड आधार में 2600 नए ग्राहक जोड़े गए जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.96% की वृद्धि है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में कासा अनुपात 44.73% रहा। बैंक ने रिटेल जमाराशियों तथा कासा पर ध्यान केन्द्रित करना जारी रखा है।

2. अग्रिम :

बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम, यथा 31.03.2022 के रु.457,014 करोड़ से बढ़कर यथा 31.03.2023 को रु.515,852 करोड़ हो गया। यह वर्ष-दर-वर्ष 12.87% की वृद्धि को दर्शाता है। सकल घरेलू ऋण में 9.55% की संतुलित वृद्धि दर्ज की गयी। यह 31.03.2022 को रु.393,991 करोड़ था जो 31.03.2023 को रु.431,637 करोड़ हो गया। बैंक, ए.जी.एम./सी.एम. की अध्यक्षता में 10 लार्ज कॉर्पोरेट शाखाओं तथा अन्य बड़ी शाखाओं के माध्यम से कॉर्पोरेट/मिड कॉर्पोरेट की विशेषीकृत आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसके अतिरिक्त निर्धारित केंद्रों पर 18 शाखाओं को मध्य कॉर्पोरेट कारोबार के लिए चिह्नित किया गया है।

3. रिटेल:

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान रिटेल ऋण खंड में 17.41% और योजनाबद्ध रिटेल में 18.01% की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान हमने आवास ऋणों और वाहन ऋणों पर विशेष ध्यान दिया है। वर्ष के दौरान आवास ऋण सेगमेंट रु.44,895 करोड़ से बढ़कर रु.51,897 करोड़ हो गया तथा उसमें 15.60% की वृद्धि दर्ज़ की गई। वर्ष के दौरान वाहन ऋण सेगमेंट रु. 10,353 करोड़ से बढ़कर रु.13,584 करोड़ हो गया तथा इसमें 31.21% की वृद्धि दर्ज की गई।

हमने वेतनभोगी ग्राहकों, आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण (एलएपी) और शिक्षा ऋण का लाभ उठाने वाले मौजूदा ग्राहकों और पेंशनभोगियों के लिए वर्ष के दौरान स्टार सुविधा एक्सप्रेस पर्सनल लोन की शुरुआत की है। वैयक्तिक ऋण सेगमेंट में 26.12% की वृद्धि दर्ज की गई, जो 5,483 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,915 करोड़ रुपये हो गई।

बैंक ने वाहन ऋणों के लिए मारुति सुज़ुकि, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एण्ड महिंद्रा तथा किआ मोटर्स के साथ टाई-अप व्यवस्था की है। इसी प्रकार, आवास ऋणों के लिए Housing.com, Nobroker.com एवं Prop Tiger के साथ टाई-अप व्यवस्था है।

पीएसयू/पीएसई/प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स/संस्थाओं के कर्मचारियों को, नियोक्ता के साथ टाई-अप व्यवस्था के तहत बैंक वैयक्तिक ऋण भी उपलब्ध कराता है।

आवास ऋण, वाहन ऋण और वैयक्तिक ऋणों के अलावा हम संपत्ति पर ऋण और शिक्षा ऋण भी उपलब्ध कराते हैं।

4. एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम):

एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है तथा निम्न प्रति व्यक्ति निवेश से अर्थव्यवस्था की विकेंद्रीकृत वृद्धि द्वारा आय और रोजगार के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्र की 30.74% कुल जीडीपी और 49.35% कुल निर्यात में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान है। घरेलू तथा वैश्विक स्तर पर कोविड संबंधी प्रतिबंधों में क्रमिक ढील के कारण आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने से मांग वसूली के सहारे वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में एमएसएमई क्षेत्र में 15-17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पुन: तीव्र सुधार की संभावना है।

मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और ईज़ रिफॉर्म जैसे कार्यक्रमों पर ध्यान देने के कारण बैंक स्तर पर एमएसएमई ऋणों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं।

एमएसएमई खंड के अंतर्गत बैंक का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है:-

सकल एमएसएमई अग्रिम (पीडबल्यूओ व यूआरआई को छोडकर)					
विवरण	मार्च-22	दिस-22	मार्च-23	वर्ष दर वर्ष वृद्धि	वर्ष दर वर्ष वृद्धि (%)
सकल एमएसएमई	64750	69250	70777	6027	9.31%

वित्तीय वर्ष 2022-23 की विशेषताएँ :

- वित्त वर्ष 22-23 के दौरान रु. 21,424 करोड़ की ऋण राशि के लिए 4,00,272 नए एमएसएमई ऋण खाते जोड़े गए हैं।

- बैंक ने रु. 10 लाख तक के एमएसएमई ऋणों के डिजिटल प्रसंस्करण के लिए ई-प्लेटफॉर्म शुरू किया है।
- बैंक ने वर्ष के दौरान मुद्रा ऋण के तहत रु. 8273.58 करोड़ मंजूर किए हैं।
- ईसीएलजीएस कारोबार मार्च 2023 तक रु. 9002.64 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।
- बैंक ने रु. 2000.00 करोड़ के टीआरईडीएस कारोबार को पार कर लिया है और मार्च 2023 के अंत में रु. 2,134.38 करोड़ था।
- एमएसएमई पोर्टफोलियो को बढ़ाने और एमएसएमई ऋणों के बाजार में प्रवेश करने के लिए, वित्त वर्ष 22-23 के दौरान कारोबार सोर्सिंग एसोसिएट्स (बीएसए) पर नीति को मंजूरी दी गई है। बीएसए संभावित एमएसएमई उधारकर्ताओं के साथ जुड़ने के लिए बैंक की विस्तारित शाखा के रूप में काम करेगा।
- बैंक ने अपने स्वयं के पोर्टल के शुभारंभ के साथ चैनल फाइनेंस कारोबार को डिजिटल बनाया है।
- एमएसएमई ऋणों के लिए बैंक के केंद्रीकृत प्रोसेसिंग केंद्रों (एसएमईसीसी/एसएमईयूसी) को देश भर में बढ़ाकर 98 कर दिया गया है।
- चैंबर ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एफ्सएई), नई दिल्ली द्वारा बैंक ऑफ इंडिया को **''इनोवेटिव बैंक''** श्रेणी में विजेता और **''सामाजिक योजना को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक''** में उपविजेता के रूप में **एमएसएमई बैंकिंग एक्सीलेंस अवार्ड -2022** से सम्मानित किया गया.

5. कृषि वित्त:

प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम :

बैंक ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं के अपने नेटवर्क के माध्यम से प्राथमिकता और कृषि क्षेत्रों को सेवा प्रदान कर रहा है। बैंक ने प्राथमिक प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत रु. 164411 करोड़ (वि.वर्ष 22-23 के एएनबीसी औसत का 43.28%) की बकाया राशि के शानदार स्तर को प्राप्त किया है। इसमें कृषि क्षेत्र के अंतर्गत रु. 72366 करोड़ (वि.वर्ष 22-23 के एएनबीसी औसत का 19.00%) है। जिसमें से कृषि के अंतर्गत लघु एवं सीमांत किसानों को रु. 43244 करोड़ (वि.वर्ष 22-23 के एएनबीसी औसत का 11.23%) का ऋण शामिल है। एस.एम.ई के अंतर्गत रु. 68678 करोड़ का ऋण दिया गया है जिसमें एम.एस.एम.ई सूक्ष्म क्षेत्र में रु.43136 करोड़ (वि.वर्ष 22-23 के एएनबीसी औसत का 11.29%), शिक्षा में रु. 2206 करोड़, आवास में रु. 21050 करोड़ तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण की श्रेणी में रु. 112 करोड़ शामिल है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राथमिकता क्षेत्र, एस.एफ तथा एम.एफ, एम.एस.एम.ई - सूक्ष्म तथा कमजोर वर्गों को ऋण के अंतर्गत, विनियामक अनुपातों को प्राप्त किया है।

राशि करोड़ में

मद	बकाया राशि		वर्षानुवर्ष वृद्धि (मार्च 22/मार्च 23)		ए.एन.बी.सी मार्च 23 तिमाहियों का %
	मार्च -22	मार्च -23	राशि	%	
*कुल कृषि	66418	72366	5948	8.96	19.00
लघु एवं संपार्श्विक किसान	38927	43244	4317	11.09	11.23
सूक्ष्म उद्यम	39637	43136	3499	8.83	11.29
***प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम**	**151600**	**164411**	**12811**	**8.45**	**43.28**

* आरआईडीएफ एवं पीएसएलसी के बकाया सहित कुल कृषि एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र।

कृषि के अंतर्गत बैंक की शाखाओं ने वर्ष के दौरान रु. 34632 करोड़ संवितरित किए जबकि वित्त वर्ष के दौरान 2022-23 के दौरान लघु एवं सीमांत किसानों को कुल रु. 26,443 करोड़ संवितरित किए गए। वर्ष के दौरान, बैंक ने लचीले रूप से ऋण उपयोग के लिए रु. 4219 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 2.83 लाख केसीसी जारी किए हैं। विभेदक ब्याज दर योजना के अंतर्गत बैंक, कम आय वर्गों को 4% की छूट प्राप्त ब्याज दर पर वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। बैंक ने वर्ष के दौरान डी.आर.आई योजना के अंतर्गत 191 मामले स्वीकृत किए हैं जिसमें 4.95 करोड़ की राशि शामिल है। यथा मार्च 2023, अल्पसंख्यक समूहों को बैंक का ऋण एक्सपोज़र रु.18,626 करोड़ है (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण के 15.00 प्रतिशत के लक्ष्य के मुक़ाबले 13.59 प्रतिशत)। दिनांक 31.03.2023 को कमजोर वर्गों के अंतर्गत बकाया राशि रु. 56558 करोड़ (विव 22-23 हेतु 14.75% है)। यथा 31.03.2023, खाद्य एवं कृषि उद्योग को बैंक का वित्तपोषण रु. 7348 करोड़ है।

स्वर्ण ऋण: स्वर्ण ऋण में प्रगतिशील वृद्धि आधार पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में, रु. 6187 करोड़ (38.72% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि) की वृद्धि दर्ज की गई और यह 31.03.2023 को रु 22166 करोड़ हो गया।

स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) : यथा 31.03.2023 को बैंक के पास 6.52 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का ग्राहक आधार है जिसमें से यथा 31.03.2023 को 2.76 लाख एस.एच.जी को ऋण सुविधा से जोड़ा गया है तथा इसमें से 2.34 लाख महिला एस.एच.जी हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) : ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के जीवन से गरीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एक महत्वपूर्ण योजना है। वर्ष के दौरान बैंक ने इस योजना के अंतर्गत 1.76 लाख उधारकर्ताओं को रु. 4755 करोड़ ऋण संवितरित किये गये हैं।

स्टार कृषि विकास केंद्र (एसकेवीके): वर्तमान में 13 एनबीजीयों के 61 अंचलों में 138 एसकेवीके कार्यरत हैं। एसकेवीके ने विगत विव 2022-23 में रु. 7866 करोड़ संवितरित किए हैं। इसके अलावा, कृषि पोर्टफोलियो में केंद्रित और गुणवत्तापूर्ण विकास के लिए एसएमई सिटी केंद्रों में 97 कृषि डेस्क संचालित हैं।

अग्रणी बैंक योजना : बैंक के पास 51 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है जो पाँच राज्यों यथा झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (07) तथा ओडिशा (2) - में फैले हुए हैं। बैंक झारखण्ड राज्य में राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) का संयोजक भी है।

केसीसी सैचुरेशन :- वर्ष 2022-23 के दौरान हमारे द्वारा केसीसी सैचुरेशन अभियान के तहत 2.83 लाख नए केसीसी ग्राहक जोड़े हैं।

6. वित्तीय समावेशन:

बैंक यह मानता है कि वित्तीय समावेशन के माध्यम से व्यवसाय करना व्यावहारिक है तथा इस दिशा में बैंक ने अपने दृष्टिकोण को "सीएसआर" से "आर्थिक व्यवहार्यता" की ओर मोड़ दिया है। वित्तीय क्षेत्र की अपेक्षानुसार अत्यंत कम लागत के संव्यवहारों को समर्थित करने एवं संरक्षित करने हेतु आईसीटी आधारित समाधान आवश्यक है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) से वित्तीय समावेशन अभियान को गति प्राप्त हुई है। व्यापार संपर्की मॉडल के नेतृत्व में आई.सी.टी. के माध्यम से उन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ने ये सेवाएं दी हैं जहाँ बैंकिंग सेवाएं नहीं हैं।

पीएमजेडीवाई एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ:

वित्त वर्ष (2022-23) के दौरान 16.98 लाख पीएमजेडीवाई खाते खोले गए हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में बैंक सक्रिय भागीदारी रही है। वर्ष (2022-23) के दौरान बैंक ने पीएमएसबीवाई (प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना) के अंतर्गत 31.97 लाख खाते एवं पीएमजेजेबीवाई (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) के तहत 37.82 लाख खाते इस अवधि में कवर किए गए हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक द्वारा ए. पी. वाई. (अटल पेंशन योजना) के 6.54 लाख नए अभिदाता जोड़े गए हैं।

स्टार हॉकर आत्मनिर्भर लोन (एसएचएएल):

स्टार हॉकर आत्मनिर्भर लोन (एसएचएएल)- पीएमस्व:निधि की शुरुआत जून 2020 में किया गया था ताकि किस्त -I के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को 12 ईएमआई में चुकाने योग्य 10,000/- तक की परेशानी मुक्त कार्यशील पूंजी मांग ऋण प्रदान किया जा सके। पीएमस्वनिधि के तहत दूसरी किस्त उन स्ट्रीट वेंडर्स के लिए जिन्होंने अपना पहला पीएमस्व:निधि ऋण चुकाया है। किस्त -II के तहत, डब्ल्यूसीडीएल रु. 20000/-(न्यूनतम रु.15000/-) तक स्ट्रीट वेंडरों को प्रदान करता है और यह 18 महीने की किस्तों में चुकाने योग्य है। किस्त -III के तहत, डब्ल्यूसीडीएल रु. 50000/-(न्यूनतम रु. 30000/-) तक स्ट्रीट वेंडरों को प्रदान करता है और यह 18 महीने की किस्तों में चुकाने योग्य है।

दिनांक 31/03/2023 तक, हमने कुल प्राप्त 3.57 लाख आवेदनों में से 3.56 लाख आवेदन (99.72%) मंज़ूर किए हैं एवं कुल 3.40 लाख (95.24%) संवितरण किया है।

स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी):

बैंक झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल राज्य में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देने हेतु 43 आरएसईटीआई को प्रायोजित कर रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान आरसेटी ने 1158 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए एवं 32,341 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया और 76.57% (24,764) का नियोजन सुनिश्चित करते हुए 58.23% (14175) अभ्यर्थियों ऋण प्रदान किया गया ताकि लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में उनकी मदद की जा सके। एमओआरडी द्वारा हमारी 43 आरसेटी को "एए" श्रेणी दी गई हैं।

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी):

एफएलसीसी/ एफएलसी की स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के जिला केंद्रों में की गई है, जहाँ बैंक के पास अग्रणी बैंक की ज़िम्मेदारी है। बैंक की 51 एफ़एलसी सभी 51 अग्रणी जिलों में कार्यरत हैं। प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा एफएलसी मामला-दर-मामला आधार पर दबावग्रस्त उधारकर्ताओं के लिए उपचारात्मक परामर्श तथा संचार माध्यमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के माध्यम से निवारक परामर्श भी देते हैं। 31 मार्च 2023 तक, कुल 17.21 लाख जरूरतमंद संकटग्रस्त लोगों को परामर्श दिया गया।

वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल): पायलट परियोजना

आरबीआई से 10 दिसंबर 2020 के पत्र के संदर्भ में, हमें सूचित किया गया कि आरबीआई ने देश के प्रत्येक ब्लॉक में मार्च 2024 तक सीएफएल की पहुँच को चरणबद्ध तरीके से विस्तार करने की घोषणा की थी। हम सीएफ़एल पायलट प्रोजेक्ट चरण-I के प्रारंभिक कार्यान्वयन के बाद से एक प्रयोजक बैंक के रूप में जुड़े हुये है, जो अब 01.12.2021 तक बढ़ गया है। हमें प्रायोजक बैंक द्वारा आंशिक वित्तपोषित करते हुए जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता (डीईए)/ वित्तीय समावेशन निधि (एफईएफ) द्वारा पहले चरण में 106 सीएफएल एवं दूसरे चरण में 45 सीएफएल (दिसंबर 2022) को प्रायोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। तदनुसार, हमने 1 दिसंबर 2021 से आरबीआई द्वारा पहचाने गए पाँच एन. जी. ओ. के सहयोग से पाँच राज्यों (झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश) में 151 सीएफएल खोले/बढ़ाए हैं। समग्र रूप से, 31.03.2023 तक कुल 151 सीएफएल ने 54,553 शिविर आयोजित किए एवं कुल 14,26,944 संकटग्रस्त लोगों को परामर्श दिया गया।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक:

विलय के पश्चात, हम 3 आरआरबी को प्रायोजित कर रहे हैं, यथा उत्तर प्रदेश में **आर्यावर्त बैंक (एबी)**, मध्य प्रदेश में **मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक (एमपीजीबी)** एवं महाराष्ट्र राज्य में **विदर्भ एवं कोंकण ग्रामीण बैंक (वीकेजीबी)**, जिनमें यथा 31.03.2023 को 82 जिलों में 2554 शाखाओं का नेटवर्क हैं। इन सभी प्रायोजित आरआरबी का प्रबंधन बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा नियुक्त अध्यक्ष द्वारा प्रबंधित किया जाता है और इनके कार्यनिष्पादन की प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक एफआई एवं आरआरबी (प्रभाग) द्वारा निगरानी की जाती है। सिस्टम जनरेट रिपोर्ट सुविधा के साथ तीनों आरआरबी की शाखाएँ एवं प्रशासनिक कार्यालय सीबीएस प्लेटफार्म पर है। इन आरआरबी में आरटीजीएस, एनईएफटी एवं एटीएम प्लेटफार्म की सुविधा है। हमारी सभी आरआरबी का कुल मिश्रित कारोबार यथा दिनांक 31.03.2023 को रु. 96612.25 करोड़ हैं।

7. अंतरराष्ट्रीय

बैंक की कुल 21 विदेशी शाखाएँ हैं, जकार्ता (इन्डोनेशिया) में 1 प्रतिनिधि कार्यालय, 4 अनुषंगी एवं 1 सहयोगी/संयुक्त उद्यम, जो कि विश्व के सभी टाइम ज़ोन में स्थित 5 महाद्वीपों के 15 देशों में फैले हुये हैं। यथा दिनांक 31.03.2023 में बैंक के वैश्विक कारोबार मिश्र में विदेशी परिचालनों का हिस्सा 15.75% है।

विदेशी अनुषंगी एवं सहयोगी :

i) पीटी बैंक ऑफ इंडिया इन्डोनेशिया टीबीके

ii) बैंक ऑफ इंडिया (तंज़ानिया) लिमिटेड

iii) बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लिमिटेड

iv) बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लिमिटेड

v) इंडो- ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड (आईज़ेडबी) - संयुक्त उद्यम

8. ऋण निगरानी:

बैंक के ऋणों की आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने तथा उसमें सुधार लाने तथा ऋण जोखिम को कम करने के लिए ऋणों की निगरानी अनिवार्य है। स्वीकृत शर्तों के अनुपालन तथा निधियों के सही इस्तेमाल को सुनिश्चित करना ऋण निगरानी का मुख्य उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त यह सुनिश्चित करना कि ऋण आस्तियाँ, मानक श्रेणी में ही रहें, चिह्नित दबावग्रस्त खातों/निगरानी के अधीन खातों को अपग्रेड करने का प्रयास किया जाय तथा सुधारात्मक कार्रवाई की जाय ताकि खातों को मानक श्रेणी से अवमानक श्रेणी में जाने से रोका जा सके। कमजोरी के संकेत/चूक की संभावना / डिलिक्वेंसी वाले दबावग्रस्त खातों को पहचानने तथा उनकी निगरानी करने के लिए, विभाग, विभिन्न उपकरण तथा पद्धतियों का प्रयोग कर रहा है ताकि संभावित स्लिपेज को प्रभावी तरीके से रोका जा सके तथा आस्ति की अच्छी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सके।

प्रभावी निगरानी तथा नियंत्रण के लिए उपकरण:-

पूर्व चेतावनी संकेत :

हमारे बैंक में अगस्त, 2020 से पूर्ण रूप से तकनीकी आधारित ईडब्ल्यूएस समाधान की शुरूआत की गई है। अच्छी प्रकार से परिभाषित अंतर्निहित कार्य-प्रवाह के साथ, हमारा ईडब्ल्यूएस पूर्णत: स्वचालित समाधान है। आंतरिक (सीबीएस एवं रेटिंग डाटा) तथा बाह्य डाटा (एमसीए, सीआईसी इत्यादि) दोनों के आधार पर चेतावनी जनरेट होती है। जनरेट की गई चेतावनी आरंभिक कमजोरी को पहचानने तथा समय से सक्रिय सुधारात्मक उपाय करने में बैंक की सहायता करती है। यह उपाय खातों में धोखाधड़ी की शीघ्र पहचान करने में सहायता करता है (यदि कोई हो)। यह समाधान उपयुक्त प्रणाली / कार्रवाई के साथ खातों की सघन निगरानी हेतु शाखाओं को समर्थ भी करता है।

ऋण आरएफए/धोखाधड़ी परीक्षण :

डीएफएस दिशानिर्देशों के अनुसार रु.50 करोड़ और इससे ऊपर के सभी एनपीए खातों का परीक्षण धोखाधड़ी के दृष्टिकोण से किया जाना है। अत: विभाग अनिवार्य रूप से रु.50 करोड़ तथा इसके ऊपर के खातों का परीक्षण धोखाधड़ी के दृष्टिकोण कर रहा है। इसके अतिरिक्त जहाँ भी ईडब्ल्यूएस खाते में कुछ भी संदेहास्पद दिखता है तो उसे तत्काल रेड फ्लैग के लिए परीक्षित किया जाता है तथा इसके बाद विनियामकीय समय-सीमा के अंदर निर्णय के लिए धोखाधड़ी परीक्षण की प्रक्रिया आरंभ की जाती है।

क्रिलिक रिपोर्टिंग :

एसएमए श्रेणी में खाते के वर्गीकरण के बाद अनुवर्ती कार्रवाई, पुन:संरचनात्मक कदम उठाने हैं। आरबीआई के संशोधित दिशा-निर्देशों को अनुसार 5 करोड़ तथा इससे अधिक की ऋण सीमा वाले दबावग्रस्त खातों को साप्ताहिक आधार पर क्रिलिक प्लेटफॉर्म पर आरबीआई को रिपोर्ट किया जाता है।

सिस्टम से आस्ति का वर्गीकरण (सास्कल) :

सास्कल एक संभावना बताने वाला प्रोग्राम हैं जो वसूली के रिकॉर्ड के आधार पर दो माह से अधिक की अवधि की अतिदेयता को प्रदर्शित करते हुए संभावित स्लिपेज को पहचानता है। इसके अतिरिक्त इसमें 90 दिनों से स्टॉक/बही ऋण स्टेटमेंट न जमा करना, समीक्षा न होना, सीसी खातों में अपर्याप्त/कोई जमा न होना आदि जैसी तकनीकी वित्तीय अनियमितता प्रदर्शित करने वाले खातों की भी पहचान करता है। इस संबंध में यदि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई न की जाए तो इससे खाता डाउनग्रेड हो सकता है। मानक आस्तियों की डाउनग्रेडिंग को रोकने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा विशेष तौर पर एक नवीन सास्कल प्रारूप बनाया गया है जो कि अधिक प्रयोगकर्ता-अनुकूल होने के साथ-साथ फील्ड के लिए अधिक सही तरीके से सूचनाएं प्रदान करेगा।

एसएमए निगरानी :

सास्कल के अतिरिक्त, इस वर्ष एसएमए निगरानी पर ध्यान दिया जाएगा। शाखाएँ एसएमए 0 खातों की निगरानी शुरू करने के लिए अनुशासित की जाएंगी ताकि आरंभ में ही उपचारात्मक कार्रवाई की जा सके और संबंधित खाते एसएमए 1 या सास्कल में न जा सके। एसएमए डाटा एनबीजी के स्थान पर (वर्तमान परिपाटी) सीधे शाखाओं को भेजे जाएं।

वसूली प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) :

हम वसूली प्रबंधन प्रणाली कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में हैं जो शाखा के अधिकारियों को डिजिटल प्लैटफार्म उपलब्ध करा कर एसएमए/डीएनपीए पोर्टफोलियो को प्रबंधित करने में हमारी मदद करेगा। प्रस्तावित समाधान के काम का दायरा निम्नलिखित है :-

- एसएमए जोखिम ग्रेडेशन
- सभी प्रासंगिक जानकारी जैसे अतिदेय राशि/पता/संपर्क विवरण इत्यादि के साथ एसएमए/डीएनपीए सूची
- वसूली कार्रवाई तथा भुगतान करने के वादे सहित (पीटीपी) ग्राहक की प्रतिक्रिया को अपडेट करना

- पूर्व के पत्राचार की विजिबिलिटी
- उधारकर्ता को एसएमएस/आईवीआर/ईमेल से अनुस्मारक भेजना
- सुधारात्मक सुझाव कार्रवाई
- आउटबाउंड कॉलिंग के माध्यम से ग्राहक की प्रतिक्रिया को दर्ज करने के लिए कॉल सेंटर के साथ समेकन
- फील्ड अधिकारी के लोकेशन के आधार पर जियो टैगिंग तथा अगले दौरे का सुझाव
- शाखा/आंचलिक कार्यालय/एनबीजी/एचओ के लिए एमआईएस

हम प्रस्तावित समाधान को मौजूदा वित्तीय वर्ष में लॉच करने की आशा करते है।

ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा :

ऋण प्रक्रिया की लेखा परीक्षा (सीपीए) यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि स्वीकृति की संवितरण पूर्व और संवितरण पश्चात् शर्तों/अनुबंधों का अनुपालन किया जा रहा है। सीपीए का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि संवितरण करने वाला अधिकारी द्वारा बैंक निधियों का संवितरण करने से पूर्व, प्रतिभूति के सृजन / प्रतिभूति की पूर्णता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं ताकि उक्त प्रतिभूतियों की प्रवर्तनीयता सुनिश्चित की जा सके। अब, सीपीए रियल टाइम में निगरानी के लिए फिनेकल के साथ एकीकृत किया गया है।।

स्टॉक लेखापरीक्षा :

हम पात्र खातों में स्टॉक एवं प्राप्य राशियों के संबंध में समयपूर्वक लेखापरीक्षा किया जाना सुनिश्चित करते हैं ताकि जब भी आवश्यक हो, सक्रिय/ सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। वर्तमान में स्टॉक की लेखापरीक्षा उन मानक अग्रिम खातों के संबंध में लागू हैं, जिनका कार्यशील पूंजी एक्सपोजर रु.5 करोड़ तथा उससे अधिक है। इसे सालाना आयोजित करना आवश्यक है। कमजोरी के अंतर्निहित संकेत दिखाने वाली आस्तियों, जैसे कि खराब स्थिति, साख पत्र के तहत अतिदेय बिल, गारंटी का लागूकरण, समीक्षा हेतु लंबित आदि, जो बैंक की गुणवत्ता के लिए खतरा पैदा करते हैं, विभिन्न प्लेटफार्मों और स्तरों पर टेलीविडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

स्टॉक ऑडिट एमआईएस के लिए फिनैकल में एक नया स्टॉक ऑडिट मेन्यू (STKADT) विकसित किया गया है जो किसी लागू खाते में स्टॉक ऑडिट की स्थिति के विषय में समय पर जानकारी प्राप्त करने में हमें सक्षम करेगा।

एनपीए का दैनिक अंकन :

दिनांक 15.04.2021 से बैंक एनपीए की पहचान और नियामक दिशानिर्देशो के अनुपालन में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए एनपीए के दैनिक अंकन में आरंभ कर गया है।

पुनर्गठित खातों की निगरानी (आरएफ़सीआरएस पोर्टफोलियो) :

आरएफसीआरएस के तहत पुनर्संरचित खातों की आस्ति की गुणवत्ता की रक्षा के लिए, प्रधान कार्यालय स्तर पर एक समर्पित टीम का गठन किया जाता है जो उधारकर्ताओं को व्यक्तिगत कॉल के माध्यम से समय पर अनुस्मारक देना सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, डीएनपीए उधारकर्ताओं सहित सभी आरएफसीआरएस उधारकर्ताओं को प्रधान कार्यालय स्तर से एसएमएस भेजे जा रहे हैं।

कॉल सेंटर से रिमाइंडर कॉल:

हमारे कॉल सेंटर में कार्यरत 50 लोगों की एक समर्पित टीम अग्रिमों की निगरानी के लिए काम कर रही है। वे एसएएससीएल और एसएमए उधारकर्ताओं को कॉलिग करते हैं।

विशिष्ट निगरानी के लिए एजेंसियां (एएसएम):

आईबीए के दिशानिर्देशों के अनुसार 250 करोड़ रुपये से अधिक के कुल बैंकिंग एक्सपोजर वाले खातों और नवरत्न खातों और पीएसयू/सरकारी गारंटी खातों जैसे कुछ छूट वाले श्रेणी के खातों को छोड़कर, विशेष प्रकृति के एक्सपोजर वाले खातों में एएसएम (विशेषीकृत निगरानी के लिए एजेंसियां) को नियुक्त किया जाता है। जहां भी आवश्यक हो, हम दबावग्रस्त खातों में एएसएम की सेवाएं भी ले रहे हैं।

अन्य निगरानी उपकरण:

- अनुपालन स्तर को मजबूत करने के लिए लागू किए गए पूर्व वितरण और वितरण के बाद के अनुबंधों की केंद्रीकृत निगरानी।
- ईडब्ल्यूएस के पालन पर खातों की रेड फ्लैगिंग और नियामक दिशानिर्देशों के संदर्भ में एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर धोखाधडी के दृष्टिकोण की जांच के लिए नीतियां है। एक बार खाते को धोखाधड़ी घोषित कर देने के बाद, आरबीआई के सीआरआईएलसी प्लेटफॉर्म में तत्काल रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाती है।
- सभी एसएमए उधारकर्ताओं/ एसएमए गारंटरों/ आरएफसीआरएस डीएनपीए उधारकर्ताओं/आरएफसीआरएस उधारकर्ताओं/सभी सीसी/ ओडी और टीएल उधारकर्ताओं को चुकौती सूचना के लिए एसएमएस भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय भाषाओं में भी एसएमएस भेजे जा रहे हैं।
- खातों की अलग सूची जहां समीक्षा 90 दिनों के लिए अतिदेय है और जहां स्टॉक विवरण एक महीने से अधिक के लिए देय है, तकनीकी स्लिपेजेस से बचने के लिए मासिक अंतराल पर शाखाओं को प्रदान किया जा रहा है।

9. एनपीए प्रबंधन :

बैंक ने एनपीए और बट्टे खाते डाले गये खातों में वसूली के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित कार्यनीतियों को आत्मसात करते हुए और आस्ति वसूली शाखाओं की शुरूआत करके तथा जमीनी स्तर पर स्टाफ के साथ मिलकर काम करके लगातार अथक प्रयास किये हैं।

दिनांक 31.03.2022 एवं 31.03.2023 को एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है :

(राशि करोड़ में)

विवरण	यथा 31.03.2022 को स्थिति	यथा 31.03.2023 को स्थिति
सकल एनपीए	45605	37686
निवल एनपीए	9852	8054
सकल एनपीए (%)	9.98	7.31
निवल एनपीए (%)	2.34	1.66
प्रावधान कवरेज अनुपात (%)	87.76%	89.68%

एनपीए का एबीसी विश्लेषण

- वर्ष के दौरान, **जीएनपीए** में **267 बीपीएस (9.98% से 7.31%)** का सुधार हुआ, जबकि **एनएनपीए** में भी **68 बीपीएस (2.34% से 1.66%)** का सुधार हुआ है, जबकि **पीसीआर** भी **87.76%** से बढ़कर **89.68%** हो गया है।

- साप्ताहिक वसूली कैंप एनबीजी/अंचल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं तथा ''स्टार इंटेन्सिव रिकवरी कैंपेन'' मासिक आधार पर आयोजित किए जा रहे हैं। हमने ''शाखा अदालत अभियान'' का विस्तार किया है, जिसमें छोटे आकार के एनपीए खातों में अधिक से अधिक वसूली के लिए रू. 5.00 करोड़ तक की राशि को शामिल किया है।

- बट्टे खाते में डाले गए खातों में वसूली पर जोर देना। यह हमारे लागत आय अनुपात (सीआईआर) में सुधार करने में भी मदद करता है। पीडब्ल्यूओ खातों में वसूली के लिए विभिन्न कार्यनीतियों का पालन किया जाता है जैसे कि :

  सरफेसी कार्रवाई, एनसीएलटी के माध्यम से समाधान, सरफेसी/डीआरटी के माध्यम से गारंटरों की प्रतिभूतियों का प्रवर्तन, समझौता निपटान, एआरसी/एनएआरसीएल के माध्यम से बिक्री, जहां भी संभव हो, ओटीएस योजनाओं स्टार संजीवनी 2023, बीओआई-ओटीएस 2023 एवं एनपीए प्रबंधन नीति आदि के माध्यम से समाधान जारी रखना ।

- एनपीए खातों के समाधान के लिए विभिन्न कैंपेन शुरू किए जाएंगे।

- हम मार्च 2024 तक अपने सकल एनपीए को 5% से नीचे तथा निवल एनपीए अनुपात को 1.30% से नीचे होने की उम्मीद कर रहे हैं।

- हमने वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) के लिए अपनी तैयार की गई योजना को संशोधित किया है जो गैर-विवेकाधीन और भेदभावरहित थी और योजना 01.04.2023 से फिर से शुरू की गई है।

- खातों में वसूली में सुधार के लिए अखिल भारतीय आधार पर हर महीने मेगा ई-नीलामी आयोजित करना।

- गोल्ड लोन एनपीए खातों में एनपीए के तेजी से समाधान के लिए मासिक सोने की नीलामी आयोजित करना ।

- स्टार इंटेंसिव रिकवरी डे, साप्ताहिक रिकवरी कैंप में सहभागिता करके, वर्चुअल रिकवरी कैंप के आयोजन तथा ग्राहकों के साथ सीधे बातचीत के माध्यम से प्रत्येक स्तर पर ओटीएस प्रस्तावों के निर्माण पर जोर देना ।

- एनसीएलटी के माध्यम से एआरसी को बेचकर दबावग्रस्त आस्ति खातों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना।

- विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेना ।

10. कोषागार:

फॉरेक्स कारोबार : ट्रेजरी, बैंक का विदेशी विनिमय कारोबार संभालता है तथा फॉरवर्ड, ऑप्शन तथा स्वैप के माध्यम से ग्राहकों को हेजिंग सुविधा उपलब्ध कराता है। मुंबई में केंद्रीकृत ट्रेजरी के अतिरिक्त, बैंक के नई दिल्ली, अहमदाबाद, चेन्नई तथा कोलकाता में 4 सैटेलाइट डीलिंग रूम तथा गिफ्ट सिटी (अहमदाबाद) में एक केंद्रीयकृत बैंक ऑफिस है ताकि ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवाएं उपलब्ध कराया जा सके। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, मर्चेंट तथा इंटरबैंक टर्नओवर क्रमश: रु. 1.45 लाख करोड़ तथा रु. 45.94 लाख करोड़ रहे। इस वित्त वर्ष के दौरान बैंक का फॉरेक्स कारोबार टर्नओवर रु. 47.39 लाख करोड़ रहा। मुद्रा फ्यूचर की ट्रेडिंग में ट्रेजरी सक्रियतापूर्वक सहभागिता करता है तथा यह सभी एक्सचेंजों में एक अग्रणी बैंक है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान करेंसी फ्यूचर में बैंक का टर्नओवर यूएसडी 108.64 बिलियन रहा। बैंक को करेंसी फ्यूचर (बैंक) में सर्वोत्तम कार्यनिष्पादन हेतु बीएसई द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए पुरस्कृत किया गया था।

ट्रेज़री परिचालन एवं निवेश : बैंक ने 2022-23 के दौरान के सभी क्षेत्रों में अर्थात-मुद्रा बाजार,फॉरेक्स, बॉण्ड तथा डेरिवेटिव में सक्रिय भूमिका अदा करना जारी रखा। रेपो/टीआरईपीएस विण्डोज़ से उधार लेने हेतु अतिरिक्त एसएलआर का उपयोग करने के लिए बैंक ने समय-समय पर एसएलआर निवेशों को विनियामक आवश्यकता, जो कि एन.डी.टी.एल का 18.00% है, उससे अधिक पर बनाये रखा। यथा दिनांक 31.03.2023 को सकल एसएलआर निवेश रु.155,027 करोड़ (कुल निवेश का 77.68%) था और गैर-एसएलआर निवेश रु.44,544 करोड़ (कुल निवेश का 22.32%) रहा। गैर एसएलआर निवेश में रु. 24,699 करोड़ के 'पुन:-पूंजीकरण' के बॉण्ड भी शामिल हैं। एस.एल.आर ए.एफ़.एस. पोर्टफोलियो का एम-ड्यूरेशन, 31.03.2022 को 0.47% था जो कि 31.03.2023 को 1.20% रहा। यथा 31.03.2023 तक एएफएस पोर्टफोलियो के तहत एसएलआर का एम-ड्यूरेशन और गैर एसएलआर निवेश 1.55% है। भारत सरकार द्वारा की गई हरित पहलों के साथ सहमति में, आरबीआई ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड की बिक्री के लिए अधिसूचना जारी की थी, ट्रेजरी शाखा ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में रु.680 करोड़ रुपये का निवेश किया था। ये निवेश, बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुसार किये जाते हैं और बाज़ार में होने वाले बदलावों/विनियामक आवश्यकताओं से तालमेल बनाए रखने हेतु समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है।

11. सूचना प्रौद्योगिकी:

वेबसाइट:

- बैंक ऑफ इंडिया ने बेहतर और समृद्ध ग्राहक अनुभव के आधार पर बाजार में उपलब्ध नवीनतम तकनीक के साथ अपनी कॉर्पोरेट और वैश्विक वेबसाइट (12 विदेशी केंद्रों) को नया रूप दिया है।
- लाइफरे डिजिटल एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म (डीएक्सपी) पर निर्मित, यह वेबसाइट कारोबार की जरूरतों और ग्राहकों की सुविधा हेतु अनुकूलन की किसी भी जटिलता को पूरा करने के लिए कोड इंडिपेंडेंट कंटेन्ट मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक लचीला एवं सक्षम बनाती है।
- पब्लिक क्लाउड पर बनाई गई यह वेबसाइट अत्यधिक स्केलेबल है, जिससे बदलते व्यवसाय की मांगों को निर्बाध रूप से समायोजित करने की अनुमति मिलती है। यह बढ़ी हुई सुरक्षा के साथ वेबसाइट की उच्च उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बेहतर विश्वसनीयता, बेहतर अतिरेक और फ़ेलओवर विकल्प भी प्रदान करता है।
- इसे प्रतिकृया देने योग्य डिजाइन किया गया है तथा वर्तमान उपयोगकर्ताओं के रुझानों को ध्यान में रखते हुए आसान नेविगेशन प्रदान करने के लिए उचित संरचित मेनू के साथ विकसित किया गया है।
- यह ग्राहक के व्यवहार को समझने और ग्राहक को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए गूगल एनालिटिक्स (Google Analytics) से समृद्ध है.
- कॉर्पोरेट वेबसाइट वर्तमान में 3 भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी और मराठी) में उपलब्ध है और इसके अतिरिक्त, 9 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं (बंगाली, तमिल, तेलुगु, उड़िया, गुजराती, मलयालम, उर्दू, कन्नड़ और पंजाबी) को बहुत जल्द शामिल किया जाएगा।
- नए यूआई/यूएक्स डिजाइन के साथ बैंक की वेबसाइट को 26.11.2022 को जनता के लिए उपलब्ध करा दिया गया है।

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली :

- दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली ने विभिन्न विभागों को बिना किसी बाधा के प्रभावी तरीके से अपना काम जारी रखने में मदद की है। प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभाग, शाखाएं और अंचल वर्तमान में डीएमएस का लाइव प्रयोग कर रहे हैं।
- सांविधिक शाखा लेखा परीक्षा (एसबीए) और सांविधिक नियंत्रण लेखा परीक्षा (एससीए) डीएमएस की सहायता से प्रभावी ढंग से आयोजित की गई है। सभी दस्तावेज़ वास्तविक समय के आधार पर लेखा परीक्षकों को उपलब्ध कराए गए हैं।
- 69 जेडसीओडी (आंचलिक केंद्रीकृत परिचालन विभाग) से संबद्ध सभी शाखाओं में डीएमएस के माध्यम से बचत खाता खोलने की प्रक्रिया को लाइव किया गया है।
- विभिन्न विभागों (अंतर्राष्ट्रीय, एचआरएमएस, एलएंडडी, डीबीडी, सीपीडी इंश्योरेंस क्लेम, यूपीआई इंश्योरेंस क्लेम आदि) से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों के भंडारण और पुनर्प्राप्ति के लिए टेम्पलेट तैयार किए गए हैं।

अकाउंट एग्रेगेटर फ्रेमवर्क

- अकाउंट एग्रीगेटर (एए) इकोसिस्टम सहमति आधारित डेटा साझाकरण तंत्र है जो एए नेटवर्क में किसी व्यक्ति को एक वित्तीय संस्थान जिसमें उसका खाता है, से किसी अन्य विनियमित वित्तीय संस्थान में जानकारी को सुरक्षित एवं डिजिटल रूप से प्राप्त करने और साझा करने में मदद करता है।
- यह उधारदाताओं / सेवा प्रदाताओं को ग्राहकों से सहमति (सहमति) प्राप्ति के पश्चात डिजिटल डेटा का लाभ उठाने में मदद करता है, जिससे भौतिक प्रलेखीकरण की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। व्यक्ति की सहमति के बिना डेटा साझा नहीं किया जा सकता है।
- एए फ्रेमवर्क को दिनांक 27.07.2022 को एक एग्रीगेटर मेसर्स अनुमती के साथ लाइव किया गया था। इसके बाद 4 अन्य एए अर्थात एनएडीएल, एफ़आईएनवीयू, सीएएमएस और वनमनी के साथ 27.09.2022 को आरंभ किया गया है।

चेक जमा कियोस्क:

- चेक समाशोधन प्रक्रिया को स्वचालित करने की दृष्टि से बैंक ऑफ इंडिया में 2021 से चेक जमा कियोस्क (सीडीके) लागू किया गया है।
- ग्राहक न्यूनतम आवश्यक जानकारी के साथ कियोस्क में चेक जमा करते हैं और सफलतापूर्वक जमा करने पर ग्राहक को पावती पर्ची उपलब्ध करायी जाती है।
- पदनामित शाखा अधिकारियों द्वारा सीडीके का दिन का अंत (ईओडी) किया जाता है। ईओडी के बाद, कियोस्क में जमा किए गए चेक को सीटीएस आवेदन के माध्यम से संसाधित और एनपीसीआई को जमा किया जाता है।
- इस प्रक्रिया से कर्मचारियों पर कार्य का बोझ कम होता है और ग्राहक किसी भी ई-गैलरी/शाखा लॉबी में चेक जमा कर सकते हैं।

मिसकॉलपे:

- मिसकॉलपे डिजिटल भुगतान आफ़लाइन समाधान है जो मिस्ड कॉल का उपयोग करके फीचर फोन पर यूपीआई आधारित मोबाईल भुगतान की सभी सेवाएं प्रदान करता है। यह इंटरनेट कनेक्शन पर किसी भी प्रकार निर्भर नहीं है, इसलिए यह भारत की अल्प सेवा प्राप्त ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए उपयुक्त है।
- उपयोगकर्ता अपनी स्थानीय भाषा में भी लेनदेन कर सकते हैं। वर्तमान में 12 स्थानीय भाषाएं उपलब्ध हैं।.
- मिसकॉलपे पी2पी समाधान यूपीआई 123 पे का एक विशिष्ट विकल्प है।

- उपयोगकर्ता मिसकॉलपे का उपयोग करके पैसे भेज सकते हैं, बैलेंस चेक कर सकते हैं, यूपीआई पिन सेट कर सकते हैं।

12 प्रबंधन सूचना प्रणाली:

ई-प्लेटफार्म परियोजना:

बैंक ने थर्ड पार्टी उत्पादों सहित सभी बैंकिंग उत्पादों (आस्ति एवं देयता उत्पादों) के स्ट्रेट थ्रू ओरिजिनेशन एंड प्रोसेसिंग हेतु एकीकृत ई-प्लेटफॉर्म परियोजना अप्रैल 2021 में शुरू की थी।

उत्पाद कार्यान्वित करने की फेज वार स्थिति निम्नानुसार है:

- ई-प्लेटफॉर्म फेज-1 क्रियान्विति में 20+ उत्पाद शामिल हैं। एमएसएमई, रिटेल, कृषि केसीसी, क्रेडिट कार्ड और सेल्फ-ऑनबोर्डिंग बचत खाता डिजिटल प्रवास को लॉंच किया जा चुका है।
- फिनटेक सहकार्यता - विडियो केवाईसी, बैंक विवरणी विश्लेषण, नाम जांच और फिनटेक सेवाओं को एंड टू एंड डिजिटल जर्नीज् हेतु ई-प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है।
- एंड टू एंड लीड सॉर्सिंग एवं मैनेजमेंट, सहकार्यता, सेवा प्रबंधन / शिकायत प्रबंधन के साथ एकीकृत सीआरएम नैक्स्ट सोल्यूशन को लॉंच किया गया है। इस प्लेटफॉर्म के साथ बिज़नस कॉर्रेसपोंडेंट को भी इंटीग्रेट किया गया है। अन्य मोड्यूल कस्टमर 360, इंटीग्रेटेड कैम्पेन मैनेजमेंट क्रियान्वित किए जाने के फेज में है।
- बीओआई के सभी शाखाओं / कार्यालयों के लिए कस्टमर फेसिंग सौर्सेज् यथा बीओआई वैबसाइट, बीओआई ई-प्लेटफॉर्म, बीओआई कस्टमर केयर, एसएमएस, एनालिटिक्स, मारुति पोर्टल (टाई-अप व्यवस्था), नेशनल पोर्टल के साथ लीड मैनेजमेंट पोर्टल को लाइव किया गया है।
- शिकायत मोड्यूल, कस्टमर ग्रीवन्स पोर्टल को शिकायतों के रियल टाइम अपडेट (जब और जहां स्टेटस अपडेट हो) के साथ लाइव किया गया है।

नेक्सट जेनरेशन एंटरप्राइज रिपोर्टिंग और एनालिटिकल सोल्यूशन परियोजना:

बैंक ने नेक्सट जेनरेशन रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म और एनालिटिकल प्लेटफॉर्म के निर्माण हेतु आरएफपी प्रक्रिया शुरू की है।

एनालिटिक्स
मॉडल नाम
आवास ऋण टेकओवर
आवास ऋण टॉप-अप मॉडल
एमएसएमई पूर्व-अनुमोदित पत्र
थर्ड पार्टी गैर जीवन बीमा
वैतनिक ग्राहकों को पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण
वैतनिक और गैर- वैतनिक ग्राहकों को पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण
थर्ड पार्टी म्युचुअल फंड
कस्टमर रिटेन्शन मॉडल
सीएलटीवी- चर्न ग्राहकों हेतु

एनालिटिक्स
व्यक्ति के अनुकूल व्यक्तिगत ऋण
पूर्व-बंद टीडी मॉडल
ग्राहक चर्न प्रेडिक्शन मॉडल
आवास ऋण
वाहन ऋण
एमएसएमई लिमिट संवर्धन
अगली सर्वोत्कृष्ट कार्रवाई/ उत्पाद
सीएलटीवी- ग्राहक सेगमेंटेशन
एमएसएमई सीसीओडी नवीकरण
एमएसएमई टर्म लोन नवीकरण
ऋण जोखिम ग्रेडेशन मॉडल

कार्यपालक डैशबोर्ड

बीओआई पल्स एक कार्यपालक डैशबोर्ड है जिसे आंतरिक टीम ने संवर्धित सुविधाओं के साथ विकसित किया है जो अग्रिम, वसूली, वित्त, एसएमए, जमाराशियों तथा ई-प्लेटफॉर्म से संबन्धित आंकड़ें एक स्थान पर दर्शाता है। यह एमएमएस आईडी के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को एक्सेस उपलब्ध करवाता है। यह विभिन्न, लेकिन संबंधित जानकारी को सारणीबद्ध और ग्राफिकल प्रारूप में दर्शाने में सहायक है। इसमें एनबीजी, अंचल और शाखावार आंकड़े उपलब्ध करवाने की क्षमता है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के केपीआई शामिल हैं।

इन-हाउस टीम द्वारा विकसित अन्य एप्लिकेशन

एमएसएमई विभाग के लिए एमआईएस विभाग की आंतरिक बैंक टीम द्वारा निम्नलिखित एप्लिकेशन विकसित किए गए हैं।

- एमएसएमई समीक्षा प्रस्ताव
- एसएमईसीसी नेतृत्व प्रबंधन
- इरादतन चूककर्ता

13. डिजिटल बैंकिंग विभाग

वित्त वर्ष 2023-24 के अनंतिम बजट के साथ वित्त वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न डिजिटल उत्पादों हेतु बजट और प्रदर्शन निम्नानुसार है:

उत्पाद	31.03.2023 की स्थिति के अनुसार
कुल क्रेडिट कार्ड	77,668
मर्चेंट अधिग्रहण (पीओएस + भारत क्यूआर + भीम आधार)	42,700
यूपीआई आधारित क्यूआर	6,63,556
मोबाइल बैंकिंग	80,32,438
इंटरनेट बैंकिंग	84,63,850
यूपीआई	1,55,79,280

वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्पादों का योजनाबद्ध लॉन्च

- आईसीसीडब्ल्यू (इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विदड्रॉल): बैंक के ग्राहक जो यूपीआई पर लाइव हैं, उन्हें अपने कार्ड का उपयोग किए बिना किसी भी भाग लेने वाले बैंकों के एटीएम से नकदी निकालने की सुविधा प्रदान करना
- रुपे प्रीपेड कार्ड और गिफ्ट कार्ड: बैंक रुपे योजना में प्रीपेड कार्ड और गिफ्ट कार्ड लॉन्च करने की प्रक्रिया में है। कार्ड धारकों को लचीलापन प्रदान करने के लिए रुपे प्रीपेड कार्ड प्रस्तावित हैं। कार्ड प्रकृति में संपर्क रहित होगा, जो विभिन्न इन-बिल्ट सुविधाओं और ऑफर के साथ खुदरा सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- एटीएम में क्षेत्रीय भाषा कार्यान्वयन: बैंक अंग्रेजी और हिंदी के साथ एटीएम स्क्रीन में क्षेत्रीय भाषा विकल्प लागू कर रहा है।
- एमएसएमई क्रेडिट कार्ड: बैंक रुपे योजना में एमएसएमई क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने की प्रक्रिया में है।
- ई-प्लेटफॉर्म (क्रेडिट कार्ड का एसटीपी) के माध्यम से क्रेडिट कार्ड ऑनबोर्डिंग: बैंक बैंक के विभिन्न उत्पादों के ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग के लिए ई-प्लेटफॉर्म को लागू करने की प्रक्रिया में है। क्रेडिट कार्ड ऑनबोर्डिंग भी उन उत्पादों में से एक है जिसे शाखा और वेब चैनल के माध्यम से ऑनबोर्ड किया जाएगा।
- सीआरएम में इंटरऑपरेबल कार्ड-आधारित नकद निकासी: हमारे सीआरएम में अन्य बैंक के ग्राहकों के लिए नकद निकासी की सुविधा। निकासी सीमा नियमित एटीएम नकद निकासी के अनुरूप होगी।
- यूपीआई में क्रेडिट कार्ड लिंकिंग
- बीएसई के साथ स्टॉक एक्सचेंज की एएसबीए आईपीओ अपलोडिंग प्रक्रिया का एपीआई एकीकरण
- ग्राहक को ई-बीजी सुविधा प्रदान करना।
- हमारे ऋण खाता धारक को हमारी ईएमआई के संग्रह के लिए अपने अन्य बैंक खाते में एनएसीएच / ईसीएस अधिदेश बनाने के लिए प्लेटफॉर्म प्रदान करना

लागू की गई पहल- वित्त वर्ष 2022-23

- **डिजिटल बैंकिंग इकाइयां:** बैंक ने डिजिटल बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पूर्वी सिंहभूम और खुर्दा में दो डीबीयू खोले हैं। डीबीयू का उद्देश्य छोटे कारोबार के लिए वित्त तक पहुंच में सुधार, डिजिटल वित्तीय साक्षरता में सुधार और डिजिटल पैठ बढ़ाने के अलावा वित्तीय उत्पादों की डिलीवरी में तेजी लाना है।
- **व्यापार वित्त:** शाखाओं और विभाग सहित ग्राहकों को एक उपयुक्त प्रणाली / समाधान के साथ सक्षम बनाने के लिए जो पर्याप्त नियंत्रण के साथ व्यापार वित्त की एंड-टू-एंड प्रक्रिया को स्वचालित करता है और ग्राहक संबंधों को मजबूत करता है, बैंक ने व्यापार वित्त कारोबार को पूरा करने के लिए अंतर्निहित वर्कफ़्लो प्रबंधन के साथ एक समाधान (फ्यूजन ट्रेड इनोवेशन) लागू किया है।
- **बीओआई बीआईजेड पे:** बैंक ने बीओआई बीआईजेड पे ऐप लॉन्च किया है, यह ऐप व्यापारी को भुगतान स्वीकृति के लिए यूपीआई क्यूआर कोड (स्टेटिक / डायनामिक) उत्पन्न करने में मदद करेगा और वीपीए और क्यूआर कोड का उपयोग करके तेज, सरल और सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान सक्षम करेगा। यह व्यापारियों को रियल-टाइम क्रेडिट, शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पी 2 पीएम व्यापारियों) और गतिशील एमआईएस उत्पादन प्रणाली प्रदान करेगा।
- **गो ग्रीन पहल: बैंक ने एटीएम पर दिन-** प्रतिदिन के काम/लेनदेन के लिए कागज के कम उपयोग के उद्देश्य से गो ग्रीन पहल शुरू की है। तदनुसार, पोस्टर को बीओआई एटीएम स्क्रीन पर प्रदर्शित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था ताकि लोगों को एटीएम लेनदेन के लिए रसीद प्रिंट न करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। वर्तमान में इसे तैनात किया गया है और सभी बीओआई एटीएम की स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है।
- **डीसीएमएस माइग्रेशन-** मौजूदा बुनियादी ढांचे में सुधार करने, कार्ड डेटा को एक स्थान पर बनाए रखने और ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए हम डेबिट कार्ड प्रबंधन प्रणाली को नए विक्रेता को माइग्रेट करने की प्रक्रिया में हैं। यह पीसीआई डीएसएस अनुपालन के अलावा वास्तविक समय डेबिट कार्ड सेवाएं जैसे कार्ड जारी करना, प्रतिस्थापन, हॉट लिस्टिंग, पिन जनरेशन आदि प्रदान करेगा
- **मोबाइल बैंकिंग में लॉयल्टी रिवाड्र्स का एकीकरण-** बीओआई मोबाइल का उपयोग करके लेनदेन के लिए, हमने डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और बैंक के डिजिटल लेनदेन की मात्रा बढ़ाने के लिए अपने ग्राहकों के लिए रिवॉर्ड्ज़ पॉइंट पेश किया है।
- **सीआरएम नेक्स्ट -** हमने एटीएम/पीओएस/यूपीआई/आईएमपीएस जैसे विभिन्न चैनलों के असफल / अनधिकृत लेनदेन के संबंध में शिकायतें दर्ज करने हेतु नया केंद्रीकृत पोर्टल लागू किया है। शाखाएं पोर्टल का उपयोग करके शिकायतों की स्थिती को ट्रैक कर सकती हैं और ग्राहक की संतुष्टि न होने की स्थिती में शिकायतों को फिर से खोल सकती है।
- **पीओएस पर डायनेमिक यूपीआई क्यूआर:** हमने मौजूदा पीओएस टर्मिनलों पर डायनेमिक क्यूआर का सृजन शुरू किया है, जिसे ग्राहकों द्वारा किसी भी यूपीआई एप के माध्यम से स्कैन किया जा सकता है।
- **वीजा बिंगो डेबिट कार्ड:** बैंक ने वीजा योजना में बिंगो कार्ड पेश किए हैं। बिंगो कार्ड विशेष रूप से 15 से 25 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए हैं

14. जोखिम प्रबंधन :

जोखिम तथा नियंत्रण :

बैंक ने जोखिमों तथा प्रतिलाभों के बीच तालमेल को बनाये रखने के लिए, उधारकर्ता स्तर और पोर्टफोलियो स्तर पर प्रासंगिक जोखिमों का अनवरत मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु उपयुक्त व्यवस्थाएं स्थापित की हैं। बैंक का निदेशक मण्डल विशिष्ट जोखिमों पर ध्यान देने के लिए गठित बोर्ड की विशिष्ट समिति के माध्यम से बैंक में सभी जोखिमों की समग्र निगरानी करता है। जोखिम प्रबंधन समिति (आर. कॉम.) बोर्ड की एक उपसमिति है जो जोखिम प्रबंधन की सर्वोच्च इकाई है, जिसे विभिन्न जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए उच्च कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तर की समितियों जैसे आस्ति देयता प्रबंध समिति (एएलसीओ), सीआरएमसी (ऋण जोखिम प्रबंधन समिति), एमआरएमसी (बाज़ार जोखिम प्रबंधन समिति) और सीओआरएम (परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन के लिए समिति) से सहयोग प्राप्त होता है।

जोखिम प्रबंधन में बैंक में सभी गतिविधियों तथा उत्पादों से संबंधित जोखिम की पहचान, माप, निगरानी, शमन और सभी संभावित जोखिमों की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया शामिल है। इन प्रक्रियाओं से संबंधित नीतियों अर्थात एंटरप्राइज वाइड रिस्क मैनेजमेंट, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन बाज़ार जोखिम प्रबंधन, एक्सपोजर (बैंक एक्सपोजर एवं लार्ज एक्सपोजर फ्रेमवर्क), आस्ति देयता प्रबंधन, फॉरेन एक्सचेंज और डीलिंग रूम परिचालन आदि में विस्तृत रूप से बताया गया है।

बैंक का जोखिम प्रबंधन ढाँचा, अपने परिचालनों और संस्कृति में, जोखिम प्रबंधन के पूर्ण एकीकरण पर केंद्रित है। एकीकृत जोखिम प्रबंधन ढाँचा जोखिम प्रबंधन चक्र से आरंभ होता है, जिसमें कई चरण होते हैं: जोखिम वहन-क्षमता का निर्धारण करना, दबावग्रस्तता की जाँच, परिदृश्य का विश्लेषण, सभी खण्डों में जोखिम मूल्यांकन का संपूर्ण क्षेत्र तैयार करना। जोखिमों की पर्याप्त रूप से पहचान, विश्लेषण, मापन, रिपोर्ट व शमन किया जाता है। जोखिम प्रबंधन बैंक के उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है जिन पर अत्यधिक ध्यान दिया जाता है। बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि सभी जोखिम क्षेत्रों में प्रयोग की जाने वाली श्रेष्ठतम वैश्विक पद्धतियों को अपनाया जाए। इस जिम्मेदारी को लोगों और सिस्टम में निवेश करके तथा जोखिम वहन करने की संस्कृति को तैयार करके पूरा किया जा रहा है। बैंक ने जोखिम प्रबंधन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न साधनों तथा तकनीकों जैसे विवेकपूर्ण व आंतरिक सीमाओं की निगरानी, बासेल के अनुरूप क्रेडिट रेटिंग मॉडल, सक्रिय लिक्विडिटी प्रबंधन, ईआरएम स्कोरकार्ड आदि का उपयोग किया है।

क्रेडिट रेटिंग की सीमाएं विशिष्ट उद्योग/क्षेत्र के कार्य-निष्पादन पर आधारित थीं। उधारकर्ताओं की साख योग्यता का आकलन करने के लिए बैंक विभिन्न आंतरिक ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडल और स्कोरकार्ड का उपयोग करता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में बैंक ने बदलते आर्थिक परिवेश और परिवर्तित होते व्यवसाय मॉडल को ध्यान में रखते हुए, जोखिम चालकों को बेहतर ढंग से द. र्ज करने और अंडरराइटिंग मानकों को और मजबूत करने के लिए रेटिंग मॉ डल का पुन: कैलिब्रेशन किया है।

व्यापार के सामान्य क्रम में बैंकों को मुख्य रूप से विभिन्न जोखिमों जैसे -क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालनात्मक जोखिम, लिक्विडिटी जोखिम और ब्याज दर जोखिम का सामना करना पड़ता है।

क्रेडिट जोखिम ऋण चुकाने या संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने में उधारकर्ता की विफलता के परिणामस्वरूप होने वाली हानि की संभावना है। क्रेडिट जोखिम गणना के लिए बैंक ने मानकीकृत दृष्टिकोण (एसए) को अपनाया है।

बाजार के कारकों में उतार-चढ़ाव के कारण, बैंक को नुकसान की संभावना बाजार जोखिम है जैसे कि ब्याज दर, विदेशी मुद्रा दर, इक्विटी मूल्य आदि। बैंक ने बाजार जोखिम गणना के लिए मानकीकृत अवधि पद्धति (एसडीएम) को अपनाया है।

परिचालन जोखिम को अपर्याप्त या विफल आंतरिक प्रक्रिया, लोगों और प्रणालियों या बाहरी घटनाओं से होने वाले नुकसान के जोखिम के रूप में परिभाषित किया गया है। परिचालन जोखिम में कानूनी जोखिम शामिल है, लेकिन इसमें रणनीतिक और प्रतिष्ठा जोखिम शामिल नहीं है। बैंक बुनियादी संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) के माध्यम से परिचालन जोखिम भारित आस्तियों की गणना करता है। बैंक 1 अप्रैल, 2023 से लागू आरबीआई दिशानिर्देशों के मसौदे में उल्लिखित परिचालन जोखिम भारित परिसंपत्तियों की गणना के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार है।

परिचालन जोखिमों से होने वाले नुकसान की संभावना और संभावित प्रभाव को कम करने के लिए बैंक प्रक्रियाओं के एक व्यापक सेट, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और नीतियों के साथ परिचालन जोखिमों की निगरानी और प्रबंधन करता है।

लिक्विडिटी जोखिम को समयबद्ध तरीके से भुगतान की बाध्यताओं को पूरा न कर पाने के कारण होने वाली हानियों के जोखिम के रूप में परिभाषित किया गया है। ऐसा लिक्विडिटी जोखिम निधीयन लिक्विडिटी जोखिम के रूप में जाना जाता है। बाजार मूल्य पर आस्तियों के लिए खरीददार न ढूंढ पाने के कारण उत्पन्न लिक्विडिटी जोखिम को बाजार लिक्विडिटी जोखिम कहा जाता है। बैंक विभिन्न सांविधिक लिक्विडिटी अनुपातों जैसे एलसीआर, एनएसएफ़आर, स्टॉक लिक्विडिटी आदि के माध्यम से लिक्विडिटी जोखिम की निगरानी करता है। बैंक लिक्विडिटी जोखिम हेतु दबावग्रस्तता की जांच भी करता है और दबावग्रस्त अवधि, यदि कोई है, से बाहर आने के लिए आकस्मिकता निधीयन योजना तैयार करता है।

ब्याज दर जोखिम को बाजार के सामान्य ब्याज दरों में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के कारण पोर्टफोलियो में होने वाली हानियों के जोखिम के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। बैंक, ब्याज दर जोखिम में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के प्रभाव का पता लगाने के लिए बैंकिंग बुक और ट्रेडिंग बुक पर दबाव की जांच करता है और जोखिम वहन-क्षमता में बोर्ड द्वारा परिभाषित सीमाओं के अंतर्गत परिचालन करता है।

बैंक वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) करता है जिसमें स्तंभ-I जोखिम, बैंक की जोखिम वहन-क्षमता और बैंकों के जोखिम प्रोफाइल के संबंध में बैंक द्वारा अपेक्षित आंतरिक पूंजी के उचित स्तर के साथ-साथ विभिन्न जोखिमों (स्तंभ छ जोखिम) का आंकलन/माप शामिल है। अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बैंक को

संभावित प्रभाव की बेहतर समझ प्रदान करके जोखिम मूल्यांकन को बढ़ाने के लिए स्ट्रेस परीक्षण प्रक्रिया मौजूद है। आईसीएएपी वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बैंक यह सुनिश्चित करता है कि वह उचित स्तर की पूंजी के साथ काम करे। इसमें एक पूर्ण उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) ढांचे के रूप में माने जा सकने वाले एक बड़े हिस्से को शामिल किया गया है। आईसीएएपी जोखिम और पूंजी प्रबंधन गतिविधियों को एक ऐसे रूप में एक साथ लाता है जिसका उपयोग व्यावसायिक निर्णयों का समर्थन करने के लिए किया जा सकता है। बैंक, स्तम्भ-छ्ह के प्रासंगिक जोखिमों की भी पहचान, आंकलन और माप करता है और जोखिम समिति को रिपोर्ट करते समय उनके प्रशमन की योजना बताता है।

पिछले डेढ़ वर्ष में जलवायु जोखिम, धारणीय वित्त और ईएसजी से संबंधित विनियम तेजी से विकसित हो रहे हैं। बैंक नें आईसीएएपी में जलवायु जोखिम की स्तम्भ-छ्ह जोखिम के रूप में पहचान कर ली है। इसके अलावा, चूंकि जलवायु जोखिम संबंधी विनियम और शासन विकसित हुए हैं अत: बैंक के बोर्ड ने बैंक के लिए ईएसजी नीति (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) को अपनाया है। इस दिशा में आगे बढने के लिए ईएसजी नीति में शासनिक ढांचे को शामिल किया गया है और बैंक के विभिन्न विभागों हेतु डेलीवरेबल्स भी निर्धारित किए गए हैं। ईएसजी नीति में, देश की प्रतिबद्धता के अनुसार नेट ज़ीरो की दिशा में आगे बढ़ने के बैंक इरादे और ईएसजी व तत्संबंधी प्रकटनों से संबंधित सभी विनियामकीय अपेक्षाओं का अनुपालन करने में सक्षम बनाने की रूपरेखा बनाई गई है।

इसके अतिरिक्त, बैंक के पास फील्ड स्तर पर भी जोखिम संस्कृति को समझाने के लिए सभी भौगोलिक केंद्रों (अंचलों और राष्ट्रीय बैंकिंग समूह, विदेशों में स्थित शाखाओं) में फील्ड स्तर के जोखिम प्रबंधक हैं।

बैंक की सूचना जोखिम प्रबंधन प्रणाली का स्पष्ट उद्देश्य, बैंक को साइबर हमलों और साइबर सुरक्षा खतरों में तेजी के कारण सूचना सुरक्षा जोखिमों से बचाना है, विशेष रूप से वित्तीय संस्थानों के लिए। सूचना सुरक्षा विभाग बैंक के ब्रांड, प्रतिष्ठा और आस्ति की सुरक्षा के लिए नियंत्रण को मजबूत करता है। बैंक अपने ग्राहकों और खाताधारकों से संबंधित डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता के प्रति सतर्क है और इसे साइबर हमलों से बचाने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतता है। बैंक ने कैप्टिव सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (एसओसी) स्थापित किया है। बैंक ने 24x7 आधार पर सूचना सुरक्षा उल्लंघन के प्रयासों/घटनाओं/स्थितियों की रीयल-टाइम निगरानी के लिए सूचना सुरक्षा उपकरण लगाए हैं ताकि समय पर इन्हें रोका जा सके, पता लगाया जा सके और प्रतिउत्तर दिया जा सके। उन्नत सुरक्षा उपकरण जैसे एसआईईएम (सुरक्षा सूचना और घटना प्रबंधन), पीआईएम (विशेषाधिकार पहचान प्रबंधन), डीएएम (डेटाबेस गतिविधि निगरानी), डब्ल्यूएएफ (वेब एप्लिकेशन फ़ायरवॉल), एनबीएडी (नेटवर्क व्यवहार विसंगति का पता लगाना), एंटी-एपीटी (एडवांस पर्सिस्टेंस थ्रेट) वेब और ईमेल चैनलों और एंटी-डीडीओएस के लिए, डेटा डीएलपी (डेटा लीकेज रोकथाम) प्रयोग किए जा रहे कई सुरक्षा समाधानों में से हैं। थ्रेट हंटिंग, रोकथाम, पता लगाने और प्रतिउत्तर देने पर ध्यान केंद्रित करने वाले विभिन्न नए सुरक्षा समाधान भी लागू किए गए हैं। बैंक आईएसओ 27001:2013 (आईएसएमएस) और आईएसओ 22301:2012 (बीसीएमएस) प्रमाणित है। नकली साइटों के माध्यम से बैंक के ग्राहकों को फ़िशिंग हमलों से बचाने के लिए प्रभावी ब्रांड सुरक्षा सेवाएँ उपलब्ध हैं। सभी सिस्टमों के लिए समय पर उपचारात्मक गतिविधियों के साथ जोखिम और अतिसंवेदांशीलता का मूल्यांकन कार्य नियमित रूप से किया जाता है। सुरक्षा जागरूकता अभियान, विशेष रूप से सोशल इंजीनियरिंग के संबंध में, पूरे बैंक में आयोजित किये जाते हैं, जिनमें स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ ग्राहकों को भी शामिल किया जाता है तथा सीखने और संचार के विभिन्न चैनलों का प्रयोग किया जाता है।

15. थर्ड पार्टी उत्पाद :

बैंक ऑफ इंडिया 2 जीवन बीमा कंपनियों, 3 सामान्य बीमा कंपनियों और 3 स्टैंडअलोन स्वास्थ बीमा कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है।

बैंक ने म्यूचुअल फंड उत्पादों के वितरण के लिए निष्पादन मॉडल अपनाया है। म्युचुअल फंड कारोबार, जो कि एक खुली संरचना है, में बैंक एक से अधिक टाई-अप समझौते कर सकता है। हमारे बैंक ने म्युचुअल फंड उत्पाद वितरण के लिए कई आस्ति प्रबंधन कंपनियों के साथ टाई-अप समझौते भी किये है।

बैंक बीमा और म्युचुअल फंड एएमसी के उत्पाद और सेवाएं प्रदान करते समय, बैंक आरबीआई/आईआरडीएआई/एएमएफआई / एसईबीआई या किसी अन्य विनियामक जो उस पर बाध्यकारी है, के संगत दिशानिर्देशों का पालन करता है।

प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत विभिन्न बीमा कंपनियों और म्युचुअल फंड एएमसी के साथ बैंक के मौजूदा टाई-अप निम्नलिखित है:

मौजूदा टाई-अप :-

क्र.सं.	क्र.सं.	टाई अप पार्टनर
1	जीवन बीमा	(1) स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. 2) भारतीय जीवन बीमा निगम
2	सामान्य बीमा	1) रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. 2) बजाज अलायन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. 3) फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि.
3	स्वास्थ्य बीमा	1) स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लि. (2) केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लि. 3) निवा बूपा इंश्योरेंस कंपनी लि.
4	म्युचुअल फंड	एएमसी का नाम 1. बीओआई इन्वेस्टमेंट मैनजर्स प्रा. लि. 2. यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि. 3. एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि. 4. कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लि. 5. फ्रैंकलिन टेम्पलेटन एसेट मैनेजमेंट प्रा.लि. 6.बंधन म्युचुअल फ़ंड (पूर्व में आईडीएफ़सी एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि.) 7. डीएसपी म्युचुअल फंड (पूर्व में डीएसपी ब्लैक रॉक इन्वेस्टमेंट मैनजर्स लि.) 8. आदित्य बिरला सन लाइफ म्युचुअल फंड (पूर्व में बिरला सन लाइफ एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि.) 9. निप्पॉन इंडिया म्युचुअल फंड (पूर्व में रिलायंस म्युचुअल फं) 10. एसबीआई फंड्ज मैनेजमेंट प्रा. लि.

बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 हेतु प्रत्येक अनुभाग द्वारा कमीशन अर्जित किया है जो कि इस प्रकार है:

(राशि रु करोड़ में)

टीपीपी अनुभाग	कमीशन आय
जीवन बीमा	140.36
सामान्य बीमा	21.75
स्वास्थ्य बीमा	11.99
म्यूचुअल फ़ंड	4.14
कुल	178.24

16. विपणन एवं प्रचार-प्रसार :

बैंक ऑफ इंडिया ने, प्रचारप्रसार एवं जन संपर्क संबंधी विभिन्न कार्यनीतियां लागू की हैं, जिनसे बैंक की विज़िबिलिटी में सुधार होगा तथा आम जनता, ग्राहकों एवं सभी स्टेक होल्डरों में ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इसके संधारणीय ब्रांड रीकॉल के लिए इन समग्र विपणन कार्यविधियों, प्रचार एवं जनसंपर्क गतिविधियों का उद्देश्य आम जन तथा ग्राहकों पर प्रभाव डालना है ताकि उसका प्रयोग कारोबार वृद्धि में किया जा सके। बैंक ने अधिकाधिक जनसंख्या तक पहुँच बनाने के लिए सोशल मीडिया एवं डिजिटल मार्केटिंग कार्यविधियाँ अपनाई हैं। होर्डिंग, इलैक्ट्रानिक, डिजिटल, प्रिंट आदि जैसे उपलब्ध विभिन्न मीडिया के जरिये विभिन्न विज्ञापनों एवं संचार व्यवस्थाओं का प्रयोग कर समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए सभी स्थानों प्रचार एवं जन-संपर्क को कार्यान्वित किया गया है। बैंक अपनी प्रचार एवं जनसंपर्क कार्यविधियों में निरंतर कारोबार वृद्धि के लिए अपने विशिष्ट बिक्री गुण (यूएसपी) को विशिष्ट रूप से दर्शाना चाहता है। विपणन, प्रचार-प्रसार, विज्ञापन एवं जन-संपर्क जनता के बीच धारणीय ब्रांड रिकॉल में सहायक है तथा इसे ब्रांड की छवि बनाने में निवेश के तौर पर देखा जाता है।

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व - प्रचार-प्रसार विभाग

एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक होने के नाते, बैंक ऑफ इंडिया पूर्ण रुप से प्रतिबद्ध है तथा समाज को गुणवत्ता पूर्ण जीवन जीने तथा समाज की बेहतरी हेतु अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने में योगदान देने के महत्व को समझता है। हम विश्वास करते हैं कि बैंक द्वारा किया गया योगदान समाज की सामान्य भलाई के उद्देश्य को पूरा करने के लिए समाज के उत्थान हेतु है।

बैंक एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक होने के नाते स्वेच्छा से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करता है। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के तहत, बैंक द्वारा समाज के जरुरतमंद, तथा वंचित वर्ग के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी तथा सामाजिक गतिविधियाँ/परियोजनाएँ/कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बैंक निरंतर ऐसी सीएसआर गतिविधियां करने में प्रयासरत रहता है, जिनकी संकल्पना बड़े पैमाने पर समाज के सामुदायिक विकास तथा लाभ के लिए की गई है। बैंक जरुरतमंदों तथा वंचित लोगों के लिए सीएसआर गतिविधियों द्वारा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक शोषित एवं वंचित समुदायों को सशक्त बनाने वाली सीएसआर गतिविधियों द्वारा समाज की बेहतरी हेतु योगदान करने के उद्देश्य से सीएसआर गतिविधियाँ करता है तथा साथ ही सीएसआर को बैंक के कॉरपोरेट संबंधी सिद्धांत, व्युत्पन्न मूल्य तथा छवि निर्माण का एक अभिन्न अंग बना दिया गया है। इन सीएसआर गतिविधियों को बडे पैमाने पर सामाजिक कल्याण के लिए तथा अधिकतर स्वच्छ भारत अभियान, ग्रामीण विकास, पर्यावरणीय संधारणीयता, शैक्षणिक कार्यक्रम जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, गरीबों/वंचितों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने, सामाजिक आथिक विकास, स्वच्छता, पेय जल उपलब्ध कराने, जीवन स्तर सुधारने, कौशल विकास, महिलाओं बच्चों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का कल्याण आदि के क्षेत्र में सीएसआर गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर स्थायी प्रभाव डालने के लिए कार्यान्वित किया गया है।

बैंक ऑफ इंडिया ने वर्ष 2022-23 के दौरान विभिन्न सीएसआर परियोजनाओं को अनुमोदित किया है। अपनी सीएसआर गतिविधियों की अवधारणा के अंतर्गत बैंक ने विभिन्न गतिविधियों में सहायता प्रदान की है, जो कि इस प्रकार है:-

1. स्वच्छ भार अभियान
2. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान
3. पर्यावरणीय संधारणीयता एवं इकोलॉजिकल संतुलन
4. सामाजिक कल्याण सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
5. आधारभूत शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण
6. स्थानीय सामुदायिक सेवाएँ/सामाजिक गतिविधियां
7. अन्य रूप से सक्षम व्यक्तियों की सहायता करना
8. कोविड 19 - निवारणात्मक स्वास्थ्य सेवा तथा स्वच्छता सहित स्वास्थ्य देखभाल को प्रोत्साहन तथा आपदा प्रबंधन

बैंक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रोत्साहित करने के लिए 'स्टार एंजेल स्कीम' नामक ब्रांड के अंतर्गत अपनी फ्लैगशिप सीएसआर गतिविधियों को भी जारी रख रहा है। इस कार्यक्रम में, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की छात्राओं की पहली कक्षा में ही पहचान की जाती है तथा उन्हें स्नातक तक उनके शिक्षा संबंधी व्ययों को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष रु.1200/- की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

बैंक ऑफ इंडिया ने गरीब एवं वंचित नागरिकों हेतु स्वास्थ्य कैम्प प्रायोजित कर स्वास्थ्य क्षेत्र में सहायता की है। हमारे बैंक ने गरीब मरीजों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने वाले अस्पतालों को मेडिकल संबंधी उपकरण भी उपलब्ध कराए हैं। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक होने के नाते, हमारा बैंक शिक्षा को प्रायोजित कर, शिक्षा संबंधी सामग्री दान कर, दिव्यांगजनों तथा अनाथों को सहायता प्रदान कर तथा गरीबों एवं वंचितों को जीवन जीने के बेहतर

अवसरों के लिए कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध करा कर आधारभूत शिक्षा को सहायकता प्रदान कर रहा है।

17. कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास(बीपीआर)

संगठनात्मक ढांचे में किसी भी प्रकार के बदलाव का प्रभारी तथा अंचलों और एनबीजी का गठन करने के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार बैंक का बीपीआर विभाग है। विभाग नए उत्पादों, प्रक्रियाओं और मौजूदा प्रणालियों में प्रस्तावित परिवर्तनों पर कार्यकारी स्तर की निगरानी के लिए बैठक भी आयोजित करता है। बीपीआर विभिन्न कार्यात्मक विभागों के बीच परिवर्तन प्रबंधन के लिए मुख्य समन्वयक है। वर्ष 2022-23 के दौरान की गई प्रमुख पहलें निम्नलिखित हैं:

वित्तीय वर्ष (2022-23) के दौरान परियोजना कार्य/पहलें:

- **एक एनबीजी और एक नए अंचल का गठन:** संभाव्य कारोबार अवसरों पर किए गए अध्ययन के अनुसार एक नया एनबीजी, एनबीजी-ओडिशा और एक अंचल सूरत बनाया गया है। ये निगरानी को सहज बनाने में शीर्ष प्रबंधन की सहायता करेंगे और बेहतर ग्राहक सेवा में सहायक होंगे।

- **क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय (एएमओ) संरचना की समीक्षा:** अंचलों के पुनर्गठन के साथ-साथ, बीपीआर ने वर्तमान 21 एएमओ कार्यालयों को युक्तिसंगत बनाकर कम करते हुए 20 कर दिया है। इसके कारण एएमओ ने ग्राहक अधिग्रहण पर बेहतर ध्यान केंद्रित किया है और तीव्र सेवा प्रदान की है।

- **बैंक के उत्पाद और प्रक्रिया पुनर्विन्यास के लिए नीतिगत दस्तावेज:** बैंक के उत्पादों को सिस्टम उपयोगी होने के लिए व्यवस्थित किया गया है और बाजार के बड़े हिस्से पर काबिज होने के लिए कई नए पैरामीटर बढ़ती संपर्क रहित इंटरनेट आधारित, डिजिटलीकरण और स्वचालन आवश्यकताओं के अनुरूप पेश किए गए हैं। यह बैंकिंग दुनिया में रूपान्तरण की हालिया प्रवृत्ति के साथ बैंक को कदम मिलाने में सहायक होगी और हमारे बैंक की सेवाओं को चुनने वाले व्यक्ति को सरल और तीव्र संपर्क रहित बैंकिंग मिलने से ग्राहक के जुड़ाव और आमोद में वृद्धि होगी।

- **सेवा शुल्कों का रेशनलाइजेशन:** इसे ग्राहकों के अनुकूल, एक समान, स्वचालित बनाने और उद्योग की प्रवृत्ति के अनुसार प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए सेवा प्रभारों को युक्तिसंगत बनाया गया है।

- **स्टार परामर्श - फील्ड स्तर के पदाधिकारियों से स्टाफ परामर्श योजना:** हमने योजना को उत्पाद समूह चर्चा में शामिल किया है ताकि शीर्ष प्रबंधन को कर्मचारियों के व्यावहारिक और परिवर्तनशील विचारों और सुझावों के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान हो जो परिचालन दक्षता और सेवा प्रभावशीलता में सुधार करने में सहायक होगा। वर्ष के दौरान प्राप्त 707 सुझावों में से 46 को कार्यान्वयन के लिए चुना गया है और 3 स्टाफ सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।

- कारोबार वर्टिकल, जोखिम प्रबंधन, ऋण निगरानी, वसूली, अनुपालन और मानव संसाधन विभाग से क्रॉस कार्यात्मक (फंक्शनल) टीम के साथ निकट समन्वय में कार्य करके पीएसबी क्षेत्र में शीर्ष 5 बैंकों में अपना स्थान बनाना तथा 75% से अधिक के सम्मिश्र स्कोर को लक्ष्य करके हमारी ईज़ रैंकिंग में सुधार करना।

18. विधि एवं सूचना का अधिकार अधिनियम:

बैंक का विधि विभाग प्रधान कार्यालय के विभिन्न कार्यात्मक विभागों में सामने आने वाले मामलों पर सलाह, प्रलेखीकरण, मुकदमों इत्यादि के संबंध में सेवा प्रदान करता है।

विभिन्न एनबीजी/अंचलों, घरेलू शाखाओं/विदेशी शाखाओं तथा बैंक की अनुषंगियों द्वारा संदर्भित मामलों पर कार्रवाई करने के अतिरिक्त यह विभाग विभिन्न संविदाओं/सेवा स्तरीय करारों (एसएलए), सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर खरीद, विभिन्न प्रकार की टाई-अप व्यवस्था/नये उत्पाद इत्यादि के प्रलेखों की ड्राफ्टिंग/वेटिंग के द्वारा विशेषज्ञ विभागों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, अंतरराष्ट्रीय विभाग, कोषागार विभाग, डिजिटल बैंकिंग विभाग, कार्ड उत्पाद विभाग, संव्यवहार बैंकिंग विभाग इत्यादि विशेषज्ञ विभागों की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

सूचना के अधिकार ने समाज में महत्वपूर्ण स्थान अर्जित किया है तथा विभिन्न स्तरों पर बैंक के द्वारा विभिन्न आवेदन प्राप्त किये जाते हैं। बैंक ने विभिन्न अंचलों/एनबीजी में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी निर्धारित किये हैं। विधि विभाग के उप महाप्रबंधक (विधि), प्रधान कार्यालय को बैंक का सीपीआईओ नामित किया गया है तथा महाप्रबंधक, विधि विभाग को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। आवेदन या अपील को निपटाने की प्रक्रिया यह है कि विभिन्न विभागों से वांछित जानकारी एकत्र की जाती है तथा 30 दिनों की निर्धारित अवधि के दौरान उसे आवेदकों को प्रस्तुत किया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य अंचलों/एनबीजी का भी मार्गदर्शन दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त स्टाफ सदस्यों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विधि विभाग, विधियों में संशोधन तथा नये विधानों पर एनबीजी/अंचलों को परिपत्र जारी करता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त विधि विभाग निम्नलिखित से संबंधित कार्य भी करता है-

- बैंक द्वारा दायर वादों के संबंध में वाद पत्र का अनुमोदन तथा वैसे वादों की निगरानी करना।

- बैंक के विरुद्ध दायर रिट, वादों, अपीलों, दावों इत्यादि पर परामर्श देना, आवेदनों/शपथ पत्रों इत्यादि, जहाँ भी लागू हों, उनकी जाँच करना।

- विभिन्न अधिनियमों पर विचाराधीन संशोधनों/नये विधानों सहित विभिन्न मामलों पर मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा आईबीए के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देना।

- शेयर विभाग के शेयर अंतरण मामले पर राय देना।

- बैंक के विरुद्ध वाद/बैंक के विरुद्ध ऐसे दावे जिन्हें ऋण के रूप में नहीं स्वीकार किया गया है/प्रावधान आवश्यकताएं/अंचलों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई इत्यादि।

- एनबीजी/अंचलों से प्राप्त लोक अदालत के डेटा का समेकन।
- वाद दाखिल/डिक्री किए गए मामलों से संबंधित डाटा/सांख्यिकी एकत्रित तथा संकलित करना तथा विभिन्न प्राधिकारियों जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्त मंत्रालय इत्यादि को प्रस्तुत करना। इसके अतिरिक्त विधि विभाग आरबीएस डाटा से संबंधित कार्रवाई भी करता है।

19. अनुपालन:

बैंक में एक स्वतंत्र अनुपालन विभाग है जिसकी अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी द्वारा की जाती है। इन्हें नियामक उद्देश्यों के लिए मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में भी जाना जाता है। विभाग का मुख्य कार्य घरेलू और विदेशी, इन दोनों परिचालनों के लिए सांविधिक, विनियामक और बैंक के आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक के लिए संपर्क का एकल बिंदु है और प्रचलित एसपीएआरसी ढांचे के अनुसार जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है।

बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुपालन कार्य नीति है जिसे भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार किया जाता है और इसकी वार्षिक समीक्षा एवं इसके अद्यतन का कार्य किया जाता है। यह नीति निम्नलिखित घटकों से संबंधित है: ग) प्रशासन ग) अनुपालन जोखिम मूल्यांकन गग) नीतियां, प्रक्रिया और संबंधित नियंत्रण ग) अनुपालन निगरानी और परीक्षण v) रिपोर्टिंग और संप्रेषण vi) अनुपालन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण और उपयोग और vii) विनियामक संपर्क और समन्वय।

अनिश्चितता से निपटने और जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए, सही उपकरण के होने से, हम ज्ञात और अज्ञात के संबंध में, रणनीति को तेज कर सकते हैं, प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं, निर्णय लेने के लिए अधिक अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, और समय के साथ, प्रभावशीलता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसलिए, अनुपालन विभाग ने पारदर्शिता, प्रभावकारिता, निगरानी और प्रभावशीलता में सुधार के लिए अनुपालन कार्य में प्रौद्योगिकी को अपनाया है। अनुपालन विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों/अनुदेशों के अनुपालन और संधारणीय जांच के अनुरूप समय-समय पर परीक्षण का कार्य भी कर रहा है।

अनुपालन विभाग, उन विदेशी प्रतिष्ठानों के अनुपालन कार्य की भी निगरानी कर रहा है जो अपने संबंधित देश आधारित अनुपालन नीतियों के साथ-साथ केवाईसी-एएमएल-सीएफटी नीतियों का पालन करते हैं। प्रत्येक विदेशी केंद्र/शाखा/अनुषंगी के पास संबंधित अनुपालन कार्य की देखभाल करने के लिए एक अनुपालन अधिकारी होता है। विदेशी शाखाएं, लागू नियामक आवश्यकताओं (स्वदेश / मेजबान देश के नियामक दिशानिर्देश, जो भी कठोर हो) का पालन करती हैं और पुष्टिकरण / अनुपालन निरंतरता रिपोर्ट प्रस्तुत करती हैं। प्रत्येक विदेशी शाखा का अनुपालन अधिकारी, त्रैमासिक, अनुपालन परीक्षण करता है और प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

20. राजभाषा:

बैंक में एक सुस्थापित राजभाषा विभाग है जो भारत सरकार की राजभाषा नीति से संबंधित प्रावधानों के कार्यान्वयन तथा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को सुनिश्चित करता है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान हमारे बैंक को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (तृतीय) प्रदान किया गया है। सरकार की राजभाषा नीति के योजनाबद्ध कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के अनुरूप हमारे बैंक द्वारा वार्षिक कार्य-योजना जारी की गई। हमारे देश द्वारा जी-20 की अध्यक्षता प्राप्त करने की ऐतिहासिक उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर हमारी न्यूयॉर्क शाखा द्वारा सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए 75 स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर एक पुस्तिका तैयार की गई। राजभाषा संबंधी जानकारियों के प्रचार-प्रसार के लिए बैंक की वेबसाइट पर राजभाषा वेबपेज का विमोचन हमारे कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा किया गया। राजभाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए अंचलों द्वारा भी अनेक संदर्भ साहित्य तैयार किये गए हैं। विभिन्न विषयों पर अंचलों तथा प्रधान कार्यालय द्वारा संगोष्ठियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। हमारे अंचलों/नराकास को भारत सरकार से क्षेत्रीय स्तर के 15 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। साथ ही, वर्ष के दौरान 30 अंचलों तथा शाखाओं को नराकास से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वर्ष के दौरान बैंक ने कुल 210 राजभाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया है जिसमें 6866 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रधान कार्यालय के विभागों हेतु हिन्दी ई-मेल प्रतियोगिता तिमाही आधार पर पूरे वर्ष चलाई गई है। बैंक में 14 सितंबर से 14 अक्टूबर, 2022 तक हिन्दी माह मनाया गया है। प्रधान कार्यालय के विभागों एवं अंचलों हेतु ''राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता'' आयोजित की गयी। विभाग द्वारा प्रत्येक सप्ताह किसी सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व पर लेख, समस्त कार्यालयों/शाखाओं को राजभाषा हिन्दी में भेजे जाते हैं। बैंक, सरकार द्वारा निर्धारित 12 नराकास के संयोजन का दायित्व सफलतापूर्वक निभा रहा है। संसदीय राजभाषा समिति द्वारा वर्ष के दौरान हमारे 04 कार्यालयों/शाखाओं का निरीक्षण किया गया जो सुचारु रूप से संपन्न हुआ। राजभाषा में अधिक कामकाज को प्रोत्साहित करने के लिए बैंक द्वारा हिन्दी पत्रिका ''बीओआई वार्ता'' का प्रकाशन किया जा रहा है।

21. मानव संसाधन, अध्ययन एवं विकास :

मानव संसाधन:

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बैंक ने विभिन्न वेतनमान में 774 सामान्य बैंकिंग और विशेषज्ञ अधिकारी तथा 2,017 लिपिक वर्ग में तैनाती की है। वित्तीय वर्ष-23-24 के दौरान 540 स्टाफ अधिकारी और 557 लिपिक स्टाफ भर्ती करने की योजना है।

- महामारी के बाद के परिदृश्य में, नवाचार की आवश्यकता संगठनात्मक उद्देश्यों को प्राप्त करने की कुंजी प्रतीत होती है। कोविड के शुरु होने और बाद में, हमने अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पाद वितरित करने और विविध एचआर पहल के माध्यम से लगातार कारोबार निरंतरता जारी रखने के लिए आवश्यकताओं को स्वीकार करने और प्रतिक्रिया देने के हमारे प्रयासों को बनाए रखा है।
- एचआर में निर्णय लेने का उद्देश्य विफलता और पूर्वाग्रह की संभावना को कम करने के लिए अधिक डेटा संचालित करना है। बैंक का

उद्देश्य निर्माण क्षमता और लगातार अध्ययन और विकास के माध्यम से निरंतरता प्राप्त करना है।

- बैंक द्वारा की गई विविध एचआर पहलों में शामिल है:
  - ➢ पॉश नीति
  - ➢ महत्वपूर्ण भूमिका में उत्तरवर्ती आयोजना
  - ➢ कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली
  - ➢ प्रतिभा प्रबंधन
  - ➢ नेतृत्व विकास
  - ➢ कर्मचारी नियुक्ति सर्वेक्षण (स्टार अनवेंषण) और
  - ➢ समान अवसर नीति
- बैंक ने पाठ्यकम सुधार फीड बैंक और इसके बाद कार्रवाई को सक्षम करने के लिए कर्मचारी कार्यनिष्पादन के वस्तुनिष्ट मूल्यांकन को प्राप्त करने के लिए प्रणाली संचालित तंत्र स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, हमारे बैंक में कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) कारोबार विस्तार हेतु आबंटित 70% अंक से अधिक के साथ बजट मूल्यांकन पर आधारित थी जिसमें मापने के केआरए हेतु 50% वेटेज वाले ऑटो पॉप्लैटेड एवं गैर बजट मूल्यांकन शामिल है। बचत मूल्यांकन में, लक्षित/बजट आँकडे फिनेकल से लिये जा रहे है और वित्तीय वर्ष 2019-20 से वास्तविक कार्य निष्पादन के विषय में बजट लक्ष्य से तुलना की जा रही है। बैंक का वर्तमान प्रयास मूल्यांकन के गैर बजट मापदण्ड को मापने की डिग्री में वृद्धि करना भी है।
- उत्तराधिकार नियोजन के क्षेत्र में हमारा प्रयास महत्वपूर्ण क्षेत्रों (कॉरपोरेट ऋण, ऋण निगरानी, वसूली कोषागार, जोखिम प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय प्रभाग सूचना प्रौद्योगिकी, आईटीईएस एवं एचआरडी) और साथ ही आनेवाले नए क्षेत्रों जैसे चिन्हित किए गए महत्वपूर्ण भूमिका की तुलना में पात्रता की मैपिंग माध्यम से अवसंरचना वित्तीय सहायकता और वित्तीय समावेश में कौशल कमी के अंतर को व्यवस्थित ढंग से कम करना है।
- प्रतिभा प्रबंधन क्षेत्र में, एकाग्र प्रतिभा समीक्षा एवं विकास प्रक्रिया, यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि इन भूमिकाओ में वर्तमान पदाधिकारी एवं सामर्थ्यवान कर्मचारियों को समय पर इन भूमिकाओं को ग्रहण करने के लिए उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित एवं तैयार किया जाए।
- बैंक में नई भर्तीयों का अधिक एकीकरण में सक्षम बनाने के लिए हमारे पास एकीकृत ऑन बॉर्डिंग प्रक्रिया है। प्रशिक्षण प्रणाली को परिचालन उन्मुख बनाने, बैंकिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिभा पूर बनाने, योग्यता के अंतर को कम करने प्रशिक्षण प्रणाली को प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षण के लिए ऋण निर्धारित करने के संदर्भ में प्रशिक्षण को अधिक सार्थक बनाने के लिए कार्यपालकों हेतु भूमिका संबंधी प्रशिक्षण एवं फिर से तैयार किया जा रहा है।
- पेपरलेस एचआर की दिशा में और स्टाफ सदस्यों को परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए, निम्नलिखित डिजिटलीकरण पहलों को लागू किया है -
  - ➢ ग्रेच्युटी नामांकन को ऑनलाइन स्वीकार करना
  - ➢ वीआरएस/त्यागपत्र पर पीएफ/ग्रेज्युटी/आरईएमएस हेतु आवेदन
  - ➢ जीवित प्रमाणपत्र अपडेशन को सरल बनाना।
  - ➢ सिस्टम/ई मेल के माध्यम से फॉर्म-16 प्रेषित करना
  - ➢ डीसीपीएस अपडेशन को सरल बनाना।
  - ➢ प्रबंधन हेतु निवेश डैशबोर्ड
  - ➢ शिकायत प्रबंधन
  - ➢ डीएमएस का कार्यान्वयन
  - ➢ कागजी प्रक्रिया को कम करना
  - ➢ कर्मचारी शिकायत (यौन उत्पीड़न अधिनियम निवारण के तहत शिकायतों सहित) सुधार प्रणाली
  - ➢ व्हिसल ब्लोअर नीति
  - ➢ एचआर लेखा परीक्षा (स्टार प्रतिबिंभ)
  - ➢ एचआरएमएस के माध्यम से मोबाइल हैंडसेट की प्रतिपूर्ति
  - ➢ बीओआई-शी बॉक्स पर पॉश शिकायतें
  - ➢ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन जीएमआईएस
- वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, पॉश अधिनियम (कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम) के तहत 11 मामलों की सूचना मिली थी, जिनका अंचल/प्रधान कार्यालय की संबंधित आंतरिक समितियों (आईसी) द्वारा सक्रिय रूप से समाधान किया गया था। बैंक ने महिला कर्मचारियों की बेहतरी की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के लिए पॉश (कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम नीति) पर बोर्ड अनुमोदित नीति भी तैयार की है। चरणबद्ध तरीके से बैंक के सभी कर्मचारियों के लिए नियमित कार्यशालाएं/जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।
- जॉब फैमिली धारणा को जॉब विशिष्टीकरण बनाने और बैंकिंग परिचालन एवं क्षमता विकसित करने के विभिन्न क्षेत्रो में एक्सपोजर सरल बनाने के लिए लागू किया गया है।
- चूँकि अंतिम दो वर्ष से, जो अधिकारी इच्छुक है और विशिष्ट क्षेत्रों जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन कोषागार इत्यादि में कार्य करने का ज्ञान है उनकी स्टार हंट, योजना के माध्यम से पहचान की जा रही है। स्टार हंट के तहत, इच्छुक अधिकारी ने उपर्युक्त वर्टिकल हेतु आवेदन किया है, और उनका चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार पर आधारित है। चयन के बाद, ऐसे अधिकारियों को वर्टिकल में

प्रशिक्षित किया है, उनके चयन पर उन्हें पहचान किए गए क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है।

- पहचान की गए क्षमताओं का मूल्यांकन करने के लिए वेतनमान IV, V और VI में अधिकारियों हेतु विकास केन्द्र चलाया जा रहा है। मूल्यांकन हेतु कुल लगभग 1900 अधिकारियों की पहचान की गई है और क्षमताओं का मूल्यांकन लगभग 1600 अधिकारियों हेतु पूरा कर लिया गया है। चयनित व्यक्तिगत मूल्यांकन स्तर को कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा में दर्ज किया गया है, और उत्तरवर्ती आयोजना हेतु इनपुट में से एक के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमताओं, विकास के मूल्यांकन पर व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों के पहचान की गई क्षमताओं में सुधार शुरू करना होगा। नेतृत्व विकास कार्यक्रमों को एएससीआईआरई (एडमिनिस्ट्रल स्टॉक कॉलेज ऑफ इंडिया) हैदराबाद और आईएमआई (इंटरनेशनल मैनेजमेंट संस्था) नई दिल्ली में वेतनमान ꣹ और उससे अधिक से संबंधित अधिकारियों हेतु शुरू किया गया।

- ऋण, विदेशी मुद्रा, जोखिम प्रबंधन, अनुपालन आदि जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में काम करने वाले अधिकारियों के लिए, क्रिसिल, आईआईबीएफ, सीएबी मनीपाल संस्था आदि जैसे बाहरी प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। महिला अधिकारियों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्रतिभा का एक पूल बनाने के लिए, मणिपाल ग्लोबल एकेडमी में विदेशी मुद्रा संचालन के क्षेत्र में कुल 60 लिपिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

- स्व-शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए पहचान किए गए संस्थानों के साथ-साथ एमओओसीएस के तहत कई पाठ्यक्रमों को बैंक की क्षमता निर्माण और शुल्क योजनाओं की प्रतिपूर्ति में शामिल किया गया था, जहां पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए कुछ नकद प्रोत्साहन के साथ अधिकारियों को शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

- बैंक का उद्देश्य बैंक द्वारा शुरू की गई विभिन्न मानव संसाधन पहलों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है जैसे कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण, 360 डिग्री प्रतिक्रिया, नौकरी परिवार, उत्तराधिकार योजना और प्रतिभा प्रबंधन प्रक्रिया और किसी भी अन्य सरकारी निर्देश की परिकल्पना पीएसबी सुधार एजेंडा में बढ़ी हुई पहुंच और सेवा उत्कृष्टता के लिए (ईएएसई)। वर्तमान में हमारा बैंक दूसरी तिमाही में 10 वें स्थान से तीसरी तिमाही के लिए ईएएसई रैंकिंग में 7 वें स्थान पर है।

- बैंक ने नैतिकता और नैतिक मूल्यों पर आधारित संगठन और किसी भी तरह के पक्षपात/भेदभाव से मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए ''बैंक ऑफ इंडिया आचार संहिता और हितों के टकराव की नीति'' लागू की है, जिसमें किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न के लिए शून्य सहिष्णुता शामिल है।

- बैंक ने 'कर्मचारी विकास और कल्याण' विषय पर कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण संपन्न किया है और जल्द ही संबंधित में बताए गए फोकस क्षेत्रों को लागू करेगा। सभी स्तरों पर आवश्यक दक्षताओं और कौशल सेटों के साथ जनशक्ति रखने के लिए व्यापक प्रशिक्षण और विकास पहल के माध्यम से मौजूदा कौशल का आवश्यक उन्नयन जारी रहेगा।

- प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए बैंक का टैलेंट इंडक्शन मॉडल और साथ ही व्यवसाय की वृद्धि और प्रतिभा के निरंतर प्रतिस्थापन/पुन:पूर्ति के अनुरूप गुणात्मक हेड काउंट में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना।

- ई-लर्निंग ने कोविड महामारी की स्थिति के बीच शिक्षित और अद्यतन करने में सहायता की है। इसे तदनुसार विकसित और उपयुक्त मॉड्यूल के माध्यम से अद्यतन किया जा रहा है। पहचान किए गए ई-लर्निंग मॉड्यूल के पूरा होने पर प्रदर्शन मूल्यांकन में वेटेज दिया जाता है। हमारा उद्देश्य ई-लर्निंग सिस्टम की प्रगति को बढ़ावा देना और उसकी निगरानी करना है और इसे प्रदर्शन मूल्यांकन और संवर्धन प्रक्रिया से जोड़ना है।

- हम सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में अपने बैंक में समान अवसर नीति के सख्त अनुपालन और कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि विकलांग व्यक्ति समानता, गरिमा प्राप्त करें और दूसरों के समान प्रदर्शन करने के लिए सशक्त और बेहतर सुसज्जित हों।

- पैन इंडिया में मानव संसाधन विभाग के प्रदर्शन के मूल्यांकन हेतु जनवरी-2023 में स्टार प्रतिबिंभ (एचआर मूल्यांकन) शुरू किया गया था। स्टार प्रतिबिम्ब मानव संसाधन परिदृश्य में बेहतर कार्य वातावरण एवं रूपान्तरण हेतु आत्मविश्लेषण और आत्म-सुधार के लिए एक सकारात्मक कदम है।

- बैंक की ईएसजी नीति के तहत हरित पहल के एक भाग के रूप में, बैंक ने गणमान्य व्यक्तियों/अधिकारियों को फूलों के गुलदस्ते के स्थान पर ऑक्सीजन पौधे भेंट करने का निर्णय लिया है।

एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व-सैनिक के प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण नीति का अनुपालन:

बैंक भारत सरकार की आरक्षण नीति का कड़ाई से पालन कर रहा है। प्रधान कार्यालय के साथ-साथ सभी आंचलिक कार्यालयों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग कक्ष स्थापित किया गया है जो आरक्षण नीति को लागू करने और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों के निवारण में विशेष ध्यान रखता है। महाप्रबंधक के रैंक में अलग-अलग कार्यकारी अधिकारियों को क्रमश: एससी/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व-सैनिक, एसटी और ओबीसी के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों को आंचलिक कार्यालय में कक्ष/संपर्क अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

बैंक में आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्गों के लिए सीधी भर्ती में आरक्षण 01 फरवरी 2019 से लागू किया गया था।

तिमाही बैठकें

बैंक प्रधान कार्यालय में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से तिमाही बैठकें आयोजित करता है। साथ ही इस तरह की बैठकें हमारे सभी आंचलिक कार्यालयों में तिमाही रूप से आयोजित की जाती हैं।

प्रशिक्षण

बैंक ने एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। बैंक एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों को बाहरी प्रशिक्षण संस्थाओं में भी प्रशिक्षण के लिए नामित करता है।

रोस्टर

पदों के सभी समूहों अर्थात ग्रुप ए से ग्रुप डी के लिए सीधी भर्ती के माध्यम से की गई नियुक्तियों के रखरखाव के लिए पोस्ट आधारित रोस्टर रजिस्टर वार्षिक आधार पर तैयार किए जाते हैं। पदोन्नति के मामले में, स्केल- छ्छ तक अलग रोस्टर रजिस्टर बनाए जाते हैं। वित्तीय सेवा विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार रोस्टर रजिस्टर तैयार किए जाते हैं।

यथा 31.03.2023 तक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व:

संवर्ग	एससी	कुल स्टाफ का %	एसटी	कुल स्टाफ का %	ओबी	कुल स्टाफ का %	ईडब्ल्यूएस	कुल स्टाफ का %	कुल
अधिकारी	4764	17.97%	2440	9.20%	7782	29.35%	254	0.96%	26510
लिपिक	2950	14.93%	2308	11.68%	5419	27.42%	546	2.76%	19764
अधीनस्थ	2007	33.82%	701	11.81%	1638	27.60%	-	-	5935
कुल	**9721**	**18.62%**	**5449**	**10.44%**	**14839**	**28.42%**	**800**	**1.53%**	**52209**

अध्ययन एवं विकास:

अध्ययन एवं विकास विभाग द्वारा आंतरिक प्रतिभा विकास एवं कक्षा के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। बैंक ने अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हाइब्रिड मोड अपनाया है। बैंक के 7 प्रशिक्षण महाविद्यालयों ने हाइब्रिड मोड का उपयोग करते हुए वित्तीय वर्ष के दौरान 38600 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। बैंक कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाने तथा विभिन्न खण्डों में लगातार बदलती कारोबार परिस्थितियों को पूरा करने के लिए और उन्हें सही कौशल एवं ज्ञान प्रदान करने के लिए ई-लर्निंग मॉड्यूल का उपयोग कर रहा है। 18000 से अधिक अधिकारियों ने विभिन्न ई-लर्निंग मॉड्यूल उत्तीर्ण किए हैं। स्टाफ सदस्यों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए बैंक ने प्रशिक्षण संस्थाओं जैसे मणिपाल ग्लोबल, आईएमआई नई दिल्ली, एएससीआई हैदराबाद, सीएबी पुणे, आईआईबीएफ़, एनआईबीएम पुणे इत्यादि के साथ अनेक समझौते किए हैं। सीवीसी दिशा-निर्देशों के अनुसार, हाल में भर्ती हुए अधिकारियों के एक समान आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा नए अधिकारियों एवं मध्यम कैरियर अधिकारियों हेतु उपचारात्मक सतर्कता संबंधी कार्यक्रम भी बैंक द्वारा अपनाया गया है। प्रशिक्षण महाविद्यालयों द्वारा हाल में भर्ती किए गए सभी 625 अधिकारियों के लिए आरंभिक प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया और पूरा कर लिया गया है। स्केल IV और उससे ऊपर के 1900+ अधिकारियों के लिए विकास केन्द्रों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और व्यक्तिगत विकास योजनाएं तैयार की गई हैं। प्रत्येक शुक्रवार की शाम को प्रशिक्षण महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न बैंकिंग विषयों पर साप्ताहिक वेबिनार आयोजित किए जाते हैं। सभी प्रशिक्षण महाविद्यालय संयुक्त रूप से 'दर्पण' नामक मासिक पत्रिका का प्रकाशन करते हैं। प्रशिक्षण महाविद्यालयों द्वारा प्रकाशित अन्य पुस्तकें जैसे कि संदीपनी एवं विजेता कर्मचारियों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

22. ग्राहक श्रेष्ठता शाखा बैंकिंग

बैंक ने बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति को सशक्त बनाया है, जो एक शीर्ष स्तरीय बोर्ड समिति है, जो हमारे बैंक में ग्राहक सेवा का मूल्यांकन करने के लिए अधिकृत है।

बैंक की ग्राहक सेवा पर एक स्थायी समिति है, जो बैंक के विभिन्न विभागों और बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति के बीच सेतु का काम करती है।

प्रभावी निगरानी और समय पर समीक्षा के लिए बैंक ने एक सामान्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिकायत पंजीकरण के कई चैनलों के एकीकरण के लिए नियामक आवश्यकता के अनुसार सीआरएम नेक्स्ट मॉड्यूल को अपनाया है।

बैंक की विभिन्न नीतियां जैसे ग्राहक अधिकार नीति और ग्राहक शिकायत निवारण नीति विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार मौजूद हैं और नियामक प्राधिकरणों के निर्देशों / दिशानिर्देशों के अनुसार परिवर्तनों को शामिल करने के लिए समय-समय पर उनकी समीक्षा की जाती है। ये सभी नीतियां सार्वजनिक डोमेन पर रखी गई हैं। हमने पूर्णत:/आंशिक रूप से अस्वीकृत शिकायतों की समीक्षा करने और निर्णय देने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार आंतरिक लोकपाल नियुक्त किया है।

बैंक के पास दो केंद्रों पर स्थित एक पूर्ण विकसित कॉल सेंटर है। ऐरोली (नवी मुंबई) और बेगमपेट (हैदराबाद) ग्राहकों/गैर-ग्राहकों को 24x7 सहायता प्रदान करते हैं।

बैंक पारदर्शी तरीके से उच्च स्तर की ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ग्राहकों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए नियमित आधार पर ग्राहकों की बैठकें करता है ताकि बैंक द्वारा पेश किए जाने वाले विभिन्न बैंकिंग उत्पादों पर उचित निर्णय लेने में बैंक सक्षम हो सके।

23. शाखा नेटवर्क एवं विस्तार - शाखा विस्तार विभाग

भौगोलिक रूप से भारत एवं विदेश में बैंक का शाखा नेटवर्क काफी विस्तृत है। 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार, बैंक की भारत में 5129 शाखाएं थी। विदेशों में बैंक की 21 शाखाएं, 4 अनुषंगियाँ, 1 संयुक्त उद्यम एवं 1 प्रतिनिधि कार्यालय हैं तथा सभी टाइम जोन एवं वैश्विक स्तर पर सभी महत्वपूर्ण वित्तीय केन्द्रों पर बैंक की उपस्थिति है। वर्ष 2022-23 के दौरान, बैंक ने 29 नई शाखाएं खोली हैं। बैंक के शाखा नेटवर्क की संरचना निम्न प्रकार है:-

वर्ग	31.03.2022		31.03.2023	
	शाखाओं की संख्या	कुल का %	शाखाओं की संख्या	कुल का %
महानगरीय	991	19.41	991	19.32
शहरी	815	15.97	829	16.16
अर्ध-शहरी	1462	28.64	1456	28.39
ग्रामीण	1837	35.98	1853	36.13
कुल घरेलु शाखाएं	5105	100	5129	100
विदेशी शाखाएं	22		21	
कुल शाखाएं	5127		5150	

24. **घरेलू अनुषंगी प्रबंधन प्रभाग:**

बीओआई शेयरहोल्डिंग लिमिटेड (बीओआईएसएल)

बीओआईएसएल में बैंक का निवेश रु.6.65 करोड़ है, जो बैंक की 100% अनुषंगी है। बीओआईएसएल राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि.(एनएसडीएल) और केंद्रीय निक्षेपागार सेवा (भारत) लि. (सीडीएसएल) दोनों निक्षेपागारों हेतु निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के रूप में कार्य करता है।

बैंक ऑफ इंडिया इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्रा.लि.(बीओआईआईएम) तथा बैंक ऑफ इंडिया ट्रस्टी सर्विसिस प्रा.लि. (बीओआईटीएस) (पूर्व में बीओआई स्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्रा. लि. तथा बीओआई स्टार ट्रस्टी सर्विसिस प्रा.लि.)

ये अनुषंगी, सेबी इन्वेस्टमेंट एडवाइज़र विनियमन के तहत म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन के कारोबार में हैं। बैंक ऑफ़ इंडिया रु.78.90 करोड़ के सम्मलित निवेश के साथ बीओआईआईएम और बीओआईटीएस में 100ड्ड शेयरधारक है।

बीओआई मर्चेंट बैंकर्स लि.(बीओआईएमबीएल) :

बीओआई मर्चेंट बैंकर्स का 31.10.2014 को सामूहिक ऋण, बॉन्ड तथा डिबेंचर की व्यवस्था करने सहित मर्चेंट बैंकिंग कारोबार करने हेतु संस्थापित किया गया था। यह बैंक की रु.10 करोड़ की प्रदत्त पूंजी के साथ पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है।

एसटीसीआई फाइनांस लिमिटेड

1994 में स्थापित एसटीसीआई फाइनान्स लि. जमाराशि स्वीकार नहीं करने वाली एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। बैंक ऑफ़ इंडिया एसटीसीआई में रु.380 करोड़ की प्रदत्त पूंजी के साथ 29.96% (रु.130.10 करोड़ का निवेश) धारिता वाला सबसे बड़ा हितधारक है। एसटीसीआई प्राइमरी डीलर लि. (एसटीसीआईपीडी), एसटीसीआई फाइनांस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की अनुषंगी है। एसटीसीआईपीडी ने 25 जून 2007 से परिचालन शुरू किया तथा यह देश के अग्रणी डीलरों में से एक है।

स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.(सुड लाइफ)

अपने ग्राहकों को जीवन बीमा सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ऑफ़ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया तथा दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, जापान ने ''स्टान यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी'' का गठन किया है। कंपनी ने फरवरी, 2009 से बीमा कारोबार आरंभ किया। कंपनी में बीओआई की धारिता 28.96% (रु.132.92 करोड़ का निवेश) है, यूबीआई की धारिता 25.10% तथा दाई-इची लाइफ इन्टरनेशनल होल्डिंग्स की अंतरराष्ट्रीय धारिता 45.94% है।

एएसआरईसी (इंडिया)लि. को जांच तथा आस्ति पुनर्गठन गतिविधियां करने के लिए यूनिट ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया (एसयूयूटीआई) के विनिर्दिष्ट उपक्रम द्वारा शुरू किया गया था। कंपनी की रु.98 करोड़ की इक्विटी पूंजी में बैंक की हिस्सेदारी 26.02ड्ड (रु.27.60 करोड़ का निवेश) है।

निवेश/गठबंधन:

नेशनल एसेट रिकन्स्ट्रकशन कंपनी लि. (एनएआरसीएल) - आईबीए ने बैंकिंग क्षेत्र में एनपीए समस्या के समाधान करने के लिए बैड बैंक स्थापित किया है। बैंक ने 9ड्ड धारिता के साथ कंपनी में रु.126.81 करोड़ क निवेश किया है।

इंडिया डेब्ट रेज़लूशन कंपनी लि. (आईडीआरसीएल) - आईबीए ने क्षेत्रीय विशेषज्ञ और टर्न अराउंड विशेषज्ञ सहित एनएआरसीएल को डेब्ट मैनेजमेंट सर्विस प्रदान करने के लिए आईडीआरसीएल की भी स्थापना की गई है। बैंक ने 4ड्ड शेयर धारिता सहित कंपनी में रु.0.80 करोड़ का निवेश किया है।

डिजिटल कॉमर्स के लिए खुला नेटवर्क (ओएनडीसी):

ओएनडीसी को दिसंबर 2021 में सेक्शन 8 कंपनी के रूप में शामिल किया गया था, जो भारत में डिजिटल कॉमर्स को फिर से कल्पना करने और डिजिटल कॉमर्स के लिए विश्व स्तर पर प्रतिकृति मॉडल स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए विश्व स्तर पर अपनी तरह की पहली पहल थी। बैंक ने 5.56% होल्डिंग के साथ कंपनी में रु.10.00 करोड़ का निवेश किया है।

नेशनल कमोडटीज़ मैनेजमेंट सर्विसेस लि.(एनसीएमएल) को नेशनल कमोडिटी एण्ड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लि. (एनसीडीईक्स) द्वारा प्रवर्तित है। यह प्रतिभूतियों तथा वस्तुओं के सुरक्षित प्रबंधन तथा नियंत्रण रखने के लिए संपार्श्विक प्रबंधन सेवाओं को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध कराने हेतु 28.09.2004 को निगमित हुआ। रु.3 करोड़ के निवेश के साथ कंपनी की इक्विटी पूंजी में बैंक की धारिता 2.34% है।

स्विफ्ट इंडिया डोमेस्टिक सर्विस प्रा.लि. एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसे स्विफ्ट और बैंक ऑफ़ इंडिया सहित 9 प्रमुख बैंकों द्वारा प्रोन्नत किया गया है। स्विफ्ट के पास इक्विटी की 55% धारिता है और शेष 45% धारिता 9 प्रमुख बैंकों के पास है। कंपनी में रु.7.71 करोड़ के निवेश के साथ बैंक ऑफ इंडिया का इक्विटी स्टेक 3.26% है।

एक्यूट रेटिंग एंड रिसर्च लिमिडेट एक प्रमुख ऋण रेटिंग एजेंसी डन एण्ड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से सिडबी द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 के दौरान एसएमईआरए की स्थापना की गई। कंपनी का प्रमुख उद्देश्य एक व्यापक, पारदर्शी और विश्वसनीय रेटिंग प्रदान करना है जिससे एसएमई क्षेत्र को बड़ी मात्रा में और आसानी से ऋण की उपलब्धता होगी। रु.0.28 करोड़ के निवेश के साथ इसकी इक्विटी पूंजी में बैंक की धारिता 1.88% है।

अन्य महत्वपूर्ण निवेश :

बैंक का, सिडबी (रु.45.30करोड़), मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज लि. (रु.27.50 करोड़) , एनपीसीआई (रु.10 करोड़), इन्वेंट एसेट सिक्यूरिटाजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन प्रा. लि. (रु.10 करोड़), एसबीआईडीए. फएचआई (रु.5.54 करोड़), सीईआरएसएआई (रु.2.16 करोड़), एग्रीकल्चरल फाइनांस कॉरपोरेशन लि. (रु.1.26 करोड़), सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन लि. (रु.1.11 करोड़), पीएसबी एलायंस (रु.2.14 करोड़), सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लि. (रु.1 करोड़), क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया (रु.0.50 करोड़), यू.वी.एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कं. लि. (रु.0.15 करोड़) में भी महत्वपूर्ण निवेश है।

25. धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

उत्तम कारपोरेट शासन,धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों को नियंत्रित करने में एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में कार्य करता है। यह सच है कि धोखाधड़ी को समाप्त नहीं किया जा सकता,लेकिन एक सक्रिय फ्रेमवर्क और दृष्टिकोण के साथ, अन्य कारोबारी जोखिमों की तरह धोखाधड़ी जोखिमों का प्रबंधन किया जा सकता है और कम किया जा सकता है, जैसे कि -

- परिचालन मैनुअल एवं एसओपी द्वारा समर्थित बोर्ड - अनुमोदित नीति के अनुसार धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन ढ़ाचा तैयार करना और उसका प्रबंधन करना,
- विनियामकों एवं बोर्ड को धोखाधडियों की रिपोर्टिंग करना,
- प्रधान कार्यालय के स्टेकधारक विभागों की मदद से धोखाधड़ी मामलों के मूल कारणों का विश्लेषण और निदान तथा उपचारी उपायों का कार्यान्वयन, उत्पाद की कमियों के संबंध में जोखिम कम करना,
- परिपत्रों/अनुदेशों के जरिए समान प्रवृत्ति की धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली और धोखाधड़ी के कारणों की जानकारी देना ताकि शाखाओं में उक्त प्रकार की धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोका जा सके,
- अध्ययन एवं विकास विभाग के समन्वय में, स्टाफ को धोखाधड़ी निवारण पर शॉर्ट अलर्ट संदेशों टिकरों/एमएमएस एवं प्रशिक्षण के माध्यम से आवधिक संदेशों/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जागरूक करना,
- कार्ड को छोड़कर सभी नॉन-क्रेडिट वितरण चैनलों को शामिल करने वाले उद्यम व्यापक धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएम) को घरेलू शाखाओं एवं विशेष विदेशी केंद्र को कवर करते हुए लागू किया गया है,
- डिजिटल बैंकिंग विभाग के साथ समन्वय में, आवश्यक डेटा प्रदान करने के लिए एलईए द्वारा प्रबंधित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (I4C) पोर्टल पर काम करते हुए, ग्राहकों को और नुकसान से रोकने के लिए खातों को फ्रीज़ करना,
- शाखाओं/ नियंत्रक कार्यालयों द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईएएस) के पास शिकायतें दर्ज कराना।
- एम.एच.ए. (गृह मंत्रालय) के निदेशों के आधार पर आईबीए (भारतीय बैंक संघ) के मौजूदा दिशा-निर्देशानुसार एल.ओ.सी. जारी करना।

वर्ष के दौरान विशेषताएँ:

- वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी की घटनाओं की राशि **रु.582.59 करोड़** है, जो वित्त वर्ष 2021-22 में रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी की राशि **रु.5793.22 करोड़** की तुलना में काफी कम है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर्मचारियों की भागीदारी वाली आंतरिक धोखाधड़ी रु.2.81 करोड़ रुपये थी, जो रु.582.59 करोड़ रुपये की रिपोर्ट की गई कुल धोखाधड़ी का केवल 0.48% है तथा पिछले साल रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी से 21.72% की महत्वपूर्ण कमी भी दर्शाता है। यह आंतरिक नियंत्रण में सुधार को दर्शाता है।

26. सर्तकता प्रबंधन :

केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सामान्य निगरानी में, बैंक में सतर्कता प्रशासन के लिए, सर्तकता विभाग है जिसका नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारी करते हैं। घरेलू परिचालनों, विदेशी परिचालनों तथा अनुषंगियों में, बैंक के अधिकारियों के सभी सतर्कता संबंधी मामलों को सर्तकता विभाग कवर करता है।

बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रायोजित तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों यथा विदर्भ-कोकण ग्रामीण बैंक, आर्यावर्त बैंक तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सतर्कता प्रशासन की देखरेख भी सतर्कता विभाग करता है।

सतर्कता विभाग, मुख्य सतर्कता अधिकारी के अंतर्गत कार्य करता है जिनकी सहायता एक उप महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारी करते हैं जिन्हें अन्वेषण तथा अनुशासनात्मक मामलों के क्षेत्र में अनुभव है। परिचालनात्मक सहायता के लिए, सतर्कता विभाग, प्रधान कार्यालय के सीधे नियंत्रण में 13 सतर्कता इकाइयाँ कार्य कर रहीं हैं जो सभी राष्ट्रीय बैंकिंग समूहों (एन.बी.जी.) को कवर करती हैं। विदेशी केन्द्रों में कार्यरत समवर्ती लेखा परीक्षक विदेशी शाखाओं हेतु सतर्कता अधिकारी की भूमिका निभाते है।

सतर्कता प्रशासन के सभी 3 कार्यप्रणाली जैसे निवारक, खोजबीन संबंधी तथा दण्डात्मक सतर्कता के मूलभूत आधार पर सतर्कता विभाग कार्य करता है तथा इसका लक्ष्य यह है कि संस्था की प्रबंधकीय दक्षता के स्तर को बढ़ाया जाए। डीएफएस,डीओपीटी, सीवीसी द्वारा जारी परिपत्रों,दिशानिर्देशों तथा अनुदेशों इत्यादि के सार को शामिल करते हुये संसूचनाएं निवारक सतर्कता के अन्य संबंधित विषय के साथ-साथ समय समय पर फील्ड पदाधिकारियों/ कार्यालयों को परिचालित किया जाता है।

27. लाभांश वितरण नीति

सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकता) विनियमन, 2015 के विनियम 43ए के अनुसार बैंक ने लाभांश वितरण नीति बनाई है और यह हमारी वेबसाइट- https://bankofindia.co.in/documents/20121/0/DDP.pdf/ba6223a7-2777-012c-3ca7-f27b7f718d9a?t=1663666944772 पर उपलब्ध है।

28. कारोबार दायित्व और धारणीयता रिपोर्टिंग 2022-23

सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकता) विनियमन,2015 के विनियम 34 (2) (एफ़) के अनुसार कारोबार दायित्व एवं धाराणीयता रिपोर्ट हमारी वेबसाइट- www.bankofindia.co.in पर उपलब्ध है।

29. बेसल-III (स्तंभ 3) प्रकटीकरण (समेकित) मार्च 2023

पूंजी पर्याप्तता और चलनिधि मानक पर विवेकपूर्ण दिशानिर्देश - संशोधन, इस विषय पर आरबीआई परिपत्र डीबीआर.सं.बीपी.बीसी.80/21.06.201/2014-15 दिनांक 31 मार्च 2015 के साथ पठित बासल घ्घ्घ पूंजी विनियमों पर आरबीआई परिपत्र आरबीआई/2022-23/12 डीओआर.सीएपी.आरईसी.3/21.06.201/2022-23 दिनांक 1 अप्रैल 2022 के अनुसार बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे बासेल III ढांचे के तहत लीवरेज अनुपात और चलनिधि कवरेज अनुपात सहित लागू पिलर 3 प्रकटीकरण करें। ये प्रकटन बैंक की वेबसाइट पर इस लिंक पर उपलब्ध हैं - https://bankofindia.co.in/regulatory-disclosure-section.

30. भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) के कार्यान्वयन हेतु कार्यनीति एवं उसकी प्रगति :

आरबीआई ने अपने परिपत्र डीबीआर.बीपी.बीसी.संख्या 29/21.07.001/2018-19 दिनांक 22 मार्च, 2019 के माध्यम से इंड एएस के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया क्योंकि आरबीआई द्वारा अनुशंसित बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में विधायी संशोधन भारत सरकार के विचाराधीन हैं। हालांकि, आरबीआई यह आवश्यक करता है कि सभी बैंक हर छमाही में प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरण प्रस्तुत करें। तदनुसार, हमारे बैंक में इंड एएस के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए गठित संचालन समिति के अनुमोदन से बैंक, सितंबर-2021 से अर्ध-वार्षिक रूप से आरबीआई प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरण (पीएफएस) तैयार कर रहा है और प्रस्तुत कर रहा है। पीएफएस को, सूचना और रिपोर्टिंग के लिए, बोर्ड और बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाता है।

आभार:

बैंक का निदेशक मंडल (बोर्ड), भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड तथा अन्य विनियामकीय प्राधिकरणों के प्रति उनके यथोचित मार्गदर्शन तथा सहायता के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। बोर्ड वित्तीय संस्थाओं एवं प्रतिनिधि बैंकों के सहयोग एवं सहायता के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है। बोर्ड ग्राहकों, कारोबार सहयोगियों एवं शेयरधारकों की असीमित सहायता हेतु आभार व्यक्त करता है। साथ ही बोर्ड बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन के लिए स्टाफ की समर्पित सेवाओं और सहयोग के लिए उनकी प्रशंसा करता है।

बोर्ड के निदेशकों हेतु एवं उनकी ओर से

ह/-

रजनीश कर्नाटक

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई

दिनांक : 06 मई, 2023

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

I. GLOBAL SCENARIO

Sl. No.	Key Audit Matters	Audit Procedure followed to address the Key Audit Matters
1)	Compliance of Income Recognition, Asset Classification and Provisioning Norms on advances and investments as per guidelines issued by Reserve Bank of India (IRAC Norms) **Advances** Bank has to classify the accounts as performing advances or non performing advances based on the guidelines/circulars and directives issued by Reserve Bank of India. The guidelines issued by Reserve Bank of India is for all credit facilities given by the bank and is to be mandatorily followed for the purpose of Income Recognition, Asset Classification and Provisioning. Identification of performing and non performing advances is system driven. The software used by the bank identifies the accounts for classification and provisioning	We have carried out the audit of the advances and investments based on the IRAC Norms/ Circulars and directives issued by Reserve Bank of India and the policy of the Bank. **Advances:** Our audit procedure included: a) Communication to the branch statutory auditors to verify the compliance of IRAC Norms and procedures and the policies adopted by the bank and reliance on the audit reports furnished by the branch statutory auditors. b) Understanding the IT system and controls put in place and logic and validations built in the system by the bank for identification, classification and provisioning in case of advances. c) Testing on sample basis whether the classification of advances as performing

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले	महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामलों के संबंध में कार्रवाई करने के लिए पालन की जाने वाली लेखा-परीक्षा प्रक्रिया
	निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा प्रयुक्त सॉफ्टवेयर वर्गीकरण के लिए खातों की पहचान करता है तथा प्रावधानीकरण करता है। यदि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी आईआरएसी मानदंडों के अनुसार आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधानीकरण ठीक प्रकार से नहीं किया जाता है तो यह बैंक के वित्तीय विवरणों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। बैंक ने सॉफ्टवेयर के माध्यम से एनपीए खातों की पहचान तथा वर्गीकरण के लिए आईआरएसी ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर को कार्यान्वित किया है। **निवेश :** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा अनुदेशों/परिपत्रों के आधार पर बैंक को निवेशों को अर्जक तथा अनर्जक में वर्गीकृत करना है। निवेशों का अर्जक तथा अनर्जक के रूप में निर्धारण आम तौर पर सिस्टम से होता है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकन (वैल्यूएशन) किया जाता है तथा बीएससी/एनएससी, एफआईएमडीए/एफबीआईएल दर इत्यादि पर उद्धृत मूल्य के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। यदि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी आईआरएसी मानदंडों के अनुसार ठीक प्रकार से आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधानीकरण नहीं किया जाता है तो वह बैंक के वित्तीय विवरण को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। बैंक की कुल आस्तियों में अग्रिम तथा निवेश, क्रमशः 59.58% तथा 25.06% है। चूँकि बैंक के व्यवसाय का बड़ा हिस्सा अग्रिम तथा निवेश है तथा इसमें विनियामकीय अनुपालन शामिल है, अतः हमने इस पक्ष को महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले के रूप में विचारित किया है।	ग) नमूना आधार पर यह जाँच करना कि क्या भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार अग्रिमों का वर्गीकरण अर्जक तथा अनर्जक के रूप में किया गया है तथा इसके संबंध में प्रावधान किये गये हैं। घ) हमें आबंटित शाखाओं की, लेखा-परीक्षण के दौरान, हमने महत्वपूर्ण अग्रिमों के संबंध में पर्याप्त जाँच की है जिसमें विशेष रूप से उल्लिखित खाते (एसएमए) शामिल हैं तथा मूल्यांकन रिपोर्टों की जाँच द्वारा प्रतिभूति संबंधी पक्षों को भी सत्यापित किया है। ङ) आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्टों, समवर्ती लेखा-परीक्षा रिपोर्टों, ऋण लेखा-परीक्षा, सिस्टम लेखा-परीक्षा तथा बैंक द्वारा की गयी विशेष लेखा-परीक्षा पर भी भरोसा किया गया है। च) बैंक ने फिनैकल 10 वातावरण में आईआरएसी ऑटोमेशन सॉफ्टवेर की सिस्टम आधारित लेखापरीक्षा करने के लिए स्वतंत्र बाह्य एजेंसी को नियुक्त किया है तथा एजेंसी की रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। **निवेश:** हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल है: क) निवेश के मामले में उसकी पहचान, वर्गीकरण तथा प्रावधानीकरण, बैंक द्वारा सिस्टम में स्थापित, लॉजिक तथा वैधीकरण एवं स्थापित नियंत्रण और आईटी प्रणाली को समझना। ख) नमूना आधार पर यह जाँच करना कि क्या निवेशों का मूल्यांकन तथा वर्गीकरण भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है। ग) नमूना आधार पर यह भी सत्यापित किया गया कि क्या निवेशों के मूल्य में मूल्यह्रास के लिए उचित प्रावधान किया गया है तथा यह सुनिश्चित किया गया कि मूल्यह्रास का प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। घ) आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्टों, समवर्ती लेखा-परीक्षा रिपोर्टों तथा बैंक द्वारा की गयी सिस्टम लेखा-परीक्षा रिपोर्ट पर भी भरोसा किया गया है

Sl. No.	Key Audit Matters	Audit Procedure followed to address the Key Audit Matters
	as per the guidelines issued by Reserve Bank of India. The Income recognition, asset classification and provisioning if not done properly as per the IRAC norms issued by Reserve Bank of India may materially impact the financial statements of the bank. The bank has implemented IRAC Automation software for identification and classifying of NPA accounts through the software. **Investments:** Bank has to classify the investments as performing or non performing based on the guidelines/circulars and directives issued by Reserve Bank of India. Identification of performing and non performing investments is generally system driven. The valuation is done as per the guidelines issued by Reserve Bank of India and the valuations are done based on the price quoted on BSE/NSE, FIMDA /FBIL rates etc. The Income recognition, asset classification and provisioning if not done properly as per the IRAC norms issued by Reserve Bank of India may materially impact the financial statements of the bank. Advances and Investments constitute 59.58 % and 25.06 % respectively of total assets of the bank. As advances and investments form part of a major portion of the business of the bank and the regulatory compliances are involved, we have considered this aspect as Key Audit Matter.	or non-performing and provisioning have been carried out as per the guidelines of Reserve Bank of India. d) Carrying out substantive test on major advances including Specially Mentioned Accounts (SMA) and also verification of security by checking the valuation reports in respect of the audit of branches conducted by us. e) Reliance on the internal audit reports, concurrent audit reports, credit audit, system audit and special audits conducted by the bank. **Investments:** Our audit procedure included: a) Understanding the IT system and controls put in place and logic and validations built in the system by the bank for identification, classification and provisioning in case of investments. b) Testing on sample basis whether the classification and valuation of investments is carried out as per the guidelines of Reserve Bank of India. c) Verification on sample basis whether proper provision for depreciation in the value of investments is made as per RBI guidelines. d) Reliance made on the internal audit reports, concurrent audit reports and system audit conducted by the bank.

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले	महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामलों के संबंध में कार्रवाई करने के लिए पालन की जाने वाली लेखा-परीक्षा प्रक्रिया
2)	**अनिश्चित कर के मुकदमों तथा आकस्मिक दायित्वों का मूल्यांकन** टैक्स मुकदमों सहित बैंक अनेक मुकदमों में शामिल है। अप्रत्यक्ष करों के अंतर्गत, कुछ भुगतानों पर प्रतिवर्ती प्रभार प्रणाली (आर.सी.एम.) की प्रयोज्यता/इनपुट क्रेडिट की उपलब्धता संबंधी विवाद चल रहे हैं। परिणामों की अनिश्चितता के कारण यह एक प्रमुख लेखा परीक्षा का विषय है, जिसमें इन संभावित परिणामों के अनुमानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय शामिल होते हैं।	हमारे लेखा-परीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल है: क) मुकदमों/कर मूल्यांकनों की वर्तमान स्थिति को समझना; हमने कर संबंधित मुकदमों व आकस्मिक देयताओं की वर्तमान स्थिति की जांच की है। ख) नवीनतम आदेश, विभिन्न कर प्राधिकारियों से प्राप्त संप्रेषण तथा दायर अपीलों की समीक्षा की है; ग) आवश्यकता होने पर विधि तथा कर परामर्शदाताओं पर भरोसा किया गया है।
3)	**सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का मूल्यांकन:** संव्यवहारों को रिकॉर्ड करने, आईआरएसी सहित आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न रिपोर्ट जनरेट करना, वित्तीय विवरणी तैयार करना तथा विनियामकों को अनुपालन की रिपोर्ट देना आदि में आईटी कंट्रोल, प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस प्रकार की रिपोर्टिंग कोर बैंकिंग सॉफ्टवेयर तथा अन्य सहायक सिस्टमों के प्रभावी रूप से कार्य करने पर बहुत अधिक निर्भर है। हमने इसे प्रमुख लेखा-परीक्षा का विषय माना है क्योंकि नियंत्रण में चूक, वैधता की विफलता, त्रुटिपूर्ण इनपुट डाटा तथा गलत डाटा निकालने के परिणामस्वरूप प्रबंधन तथा विनियामकों को डाटा की गलत रिपोर्टिंग हो सकती है।	हमारे लेखा-परीक्षा प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल है: क) सिस्टम के परिचालन की प्रभावशीलता को समझना तथा उसकी जांच करना। ख) विभिन्न श्रेणी के ग्राहकों के लिए बैंक द्वारा अपनाए गए कोडिंग सिस्टम को समझना। ग) सिस्टम में उपलब्ध विभिन्न वैधीकरण को समझना तथा उनकी जांच करना। घ) बैंक के विनियमों/नीति में किसी भी प्रकार के परिवर्तनों के लिए उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं की जांच करना। ङ) डाटा निकालने के लिए प्रयुक्त लॉजिक की जांच करना। च) जनरेट हुई रिपोर्टों की नमूना आधार पर समीक्षा करना। छ) बैंक के सिस्टम लेखापरीक्षा पर भरोसा किया गया है।

Sl. No.	Key Audit Matters	Audit Procedure followed to address the Key Audit Matters
2)	**Evaluation of uncertain tax litigations and contingent liabilities** The Bank has various litigations including tax litigations. The Bank has also disputes regarding availability of input credits/applicability of Reverse Charge Mechanism on certain payments under Indirect Tax. This is a key audit matter due to uncertainty of the outcome which involves significant judgment to determine the possible outcome of these disputes.	Our audit approach involved: a) Understanding the current status of the litigations/tax assessments; b) Review of the latest orders, communication received from various tax authorities and the appeals filed; c) Reliance on the opinion of legal and tax consultants, where available.
3)	**Assessment of Information Technology (IT):** a. IT controls with respect to recording of transactions, generating various reports in compliance with RBI guidelines including IRAC norms, preparing financial statements and reporting of compliances to regulators etc. is an important part of the process. Such reporting is highly dependent on the effective working of Core Banking Software and other allied systems. We have considered this as key audit matter as any control lapses, validation failures, incorrect input data and wrong extraction of data may result in wrong reporting of data to the management and regulators.	Our audit procedure includes:- a) Understanding and testing of operative effectiveness of the system. b) Understanding the coding system adopted by the bank for various categories of customers. c) Understanding and testing of different validations available in the system d) Checking the user requirements for any changes in the regulations/ policy of the bank e) Testing of logic used for extracting the data. f) On sample basis reviewing the reports generated. g) Reliance on the system audit report of the bank.

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले	महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामलों के संबंध में कार्रवाई करने के लिए पालन की जाने वाली लेखा-परीक्षा प्रक्रिया
4)	**आस्थगित कर आस्तियों का अभिनिर्धारण:** बैंक की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति के अनुसार, जो कि एएस 22 आय पर करों का लेखांकन के अनुसार है तथा जिसे भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किया गया है, आस्थगित कर आस्तियों का निर्धारण व प्रसारण केवल उसी सीमा तक किया जाना चाहिए जहाँ यह उचित सुनिश्चितता हो कि इस प्रकार की आस्थगित कर आस्तियों पर उपलब्ध भावी कर योग्य पर्याप्त आय की उगाही की जा सकती है। हमने आस्थगित कर आस्तियों को महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले के रूप में पहचान की है क्योंकि इसमें इन आस्थगित कर आस्तियों की उगाही की संभावना के संबंध में प्रबंधन द्वारा निर्णय शामिल होते हैं, जो ऐसे निर्धारण के समर्थन में, भविष्य की अवधि में पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा या नहीं, इत्यादि अनेक कारकों पर आधारित होता है।	हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया में आस्थगित कर आस्तियों के निर्धारण के समर्थन में भविष्य में कर योग्य लाभों की पर्याप्तता पर प्रबंधन के आकलन का मूल्यांकन शामिल है जैसे आस्थगित कर आस्ति के निर्धारण के लिए प्रयुक्त मान्यताएँ तथा अन्य मानदंड।

वित्तीय विवरणों तथा उन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के भिन्न जानकारी

6. अन्य जानकारी के लिए बैंक का निदेशक मण्डल उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में प्रबंधन रिपोर्ट और अध्यक्ष के वक्तव्य में शामिल जानकारियाँ समाविष्ट है परंतु इसमें एकल वित्तीय विवरण और इस पर हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

   एकल वित्तीय विवरणी पर हमारा मत, अन्य जानकारियों तथा बासेल छ्छ प्रकटन के अंतर्गत प्रकटनों को शामिल नहीं करता है तथा इस पर हम किसी प्रकार के आश्वासन एवं निष्कर्ष, व्यक्त नहीं करते हैं।

   एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखा-परीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी, अन्य जानकारियों का अध्ययन करना तथा ऐसा करने में यह विचार करना कि क्या अन्य जानकारियाँ वित्तीय विवरणियों के साथ महत्वपूर्ण रूप से असंगत तो नहीं है या लेखा-परीक्षा या अन्यथा प्राप्त हमारा ज्ञान गंभीर रूप से गलत प्रस्तुत किया गया तो नहीं लग रहा है।

   जब हम अन्य जानकारी का अध्ययन करते हैं तथा यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि उसमें कोई गलत जानकारी है तो हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम प्रशासन के प्रभारी को उक्त मामले के विषय में बताएं तथा लागू कानूनों एवं विनियमों के अंतर्गत कार्रवाई निर्धारित करें।

एकल वित्तीय विवरणी के संबंध में प्रबंधन तथा जिन्हें प्रशासन का प्रभार दिया गया है, उसकी जिम्मेदारी

7. बैंक का निदेशक मण्डल, इन एकल वित्तीय विवरणियों की तैयारी के लिए जिम्मेदार है जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन तथा बैंक के नकदी प्रवाह

Sl. No.	Key Audit Matters	Audit Procedure followed to address the Key Audit Matters
4)	**Recognition of Deferred Tax Assets:** As per Significant Accounting Policy of the Bank, which is in accordance with AS 22 Accounting for Taxes on Income issued by The Institute of Chartered Accountants of India Deferred tax assets should be recognised and carried forward only to the extent that there is a reasonable certainty that sufficient future taxable income will be available against which such deferred tax assets can be realised. We identified the recognition of deferred tax assets as a key audit matter involves judgement by management as to the likelihood of the realization of these deferred tax assets, which is based on a number of factors including whether there will be sufficient taxable profits in future periods to support recognition.	Our audit procedure included evaluating management assessment on the sufficiency of the future taxable profits in support of the recognition of deferred tax assets such as assumptions and other parameters used for recognition of deferred tax asset.

Information Other than the Financial Statements and Auditors Report thereon

6) The Bank's Board of Directors is responsible for the other information. The other information comprises the information included in the Management report and Chairman's Statement but does not include the Standalone Financial Statements and our Auditor's report thereon.

   Our opinion on the Standalone Financial Statements does not cover the other information and Pillar 3 disclosures under Basel III Disclosure and we do not express any form of assurance conclusion thereon.

   In connection with our audit of the Standalone Financial Statements, our responsibility is to read the other information and, in doing so, consider whether the other information is materially inconsistent with the Standalone Financial Statements or our knowledge obtained in the audit or otherwise appears to be materially misstated.

   When we read the other information, if we conclude that there is material misstatement therein, we are required to communicate the matter to those charged with governance and determine the actions under the applicable laws and regulations.

Responsibilities of Management and Those Charged with Governance for the Standalone Financial Statements

7) The Bank's Board of Directors is responsible with respect to the preparation of these Standalone Financial Statements that give a true and fair view of the financial

की सही तथा उचित स्थिति प्रस्तुत करता है। उक्त विवरणी, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों तथा बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 29 एवं समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों तथा दिशा-निर्देशों के अनुसरण में हैं। इस जिम्मेदारी में, निम्नलिखित शामिल हैं - बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ियों व अन्य अनियमितताओं से बचने तथा धोखाधड़ियों का पता लगाने के लिए बनाए गए अधिनियम के प्रावधानों, उपयुक्त लेखांकन नीति का चयन तथा अनुप्रयोग; विवेकपूर्ण एवं तर्कसंगत अनुमान एवं आकलन करना और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा बनाना, लागू करना एवं उसे बनाए रखना, जिन्हें लेखांकन रिकार्डों की पूर्णता एवं सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से परिचालित किया जा रहा था, जो वित्तीय विवरणयों को तैयार करने एवं प्रस्तुतीकरण से संबंधित थे और जो वास्तविक एवं उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण गंभीर गलत विवरण से मुक्त हैं।

एकल वित्तीय विवरण तैयार करने में, संबंधित निदेशक मंडल, बैंक की संस्थागत क्रियाशीलता की निरंतरता की क्षमता का मूल्यांकन, संस्था की निरंतरता से संबंधित मामलों का प्रकटन, जो भी लागू हो तथा लेखांकन में संस्था की निरंतरता के आधार का प्रयोग, जब तक कि बैंक का प्रबंधन बैंक का परिसमापन या परिचालन बंद न करना चाहते हों या ऐसे करने के अलावा और कोई व्यावहारिक विकल्प न हो, हेतु उत्तरदायी है। बैंक के निदेशक मंडल, बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का निरीक्षण करने के लिए जिम्मेदार है।

वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के संबंध में लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

8. हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि एकल वित्तीय विवरण समग्ररूप से धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण गंभीर गलत विवरणों से मुक्त है और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय भी शामिल है। तर्कसंगत आश्वासन, उच्च स्तर का आश्वासन है परंतु यह गारंटी नहीं है कि मानक लेखांकन (एसए) के अनुरूप की गई लेखा परीक्षा में हमेशा गलत विवरण, यदि कोई हो, का पता लगा लिया जाएगा। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि की वजह से हो सकते हैं तथा उन्हें गंभीर माना जाएगा, यदि अलग-अलग या समग्र रूप से इन एकल वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय पर्याप्त रूप से प्रभावित होते हैं।

मानक लेखांकन (एसए) के अनुसार लेखा परीक्षा के भाग के रूप में, हम लेखा-परीक्षा के दौरान पेशेवर आकलन करते हैं और पेशेवर संशय को बनाए रखते हैं। इसके साथ ही हम:

- वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिम, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, की पहचान एवं मूल्यांकन करते हैं, इन जोखिमों का ध्यान रखन वाली लेखा परीक्षा प्रक्रिया को तैयार एवं निष्पादित करते हैं और हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप दिए गए गंभीर गलत विवरणों की जांच न करने का जोखिम त्रुटिवश दिए गए गलत विवरण की अपेक्षा उच्चतर होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में षडयंत्र, जालसाजी, इरादतन की गई चूक, मिथ्या प्रस्तुति या आंतरिक कानून के विरुद्ध कार्य करना शामिल हो सकते हैं।
- वर्तमान परिस्थितियों में उचित लेखा-परीक्षा प्रक्रिया को तैयार करने के लिए लेखा-परीक्षा हेतु प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण को समझना।

position, financial performance and cash flows of the Bank in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the Accounting Standards issued by The Institute of Chartered Accountants of India, and provisions of Section 29 of the Banking Regulation Act, 1949 and circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India ('RBI') from time to time. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Act for safeguarding of the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other irregularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls, that were operating effectively for ensuring the accuracy and completeness of the accounting records, relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

In preparing the Standalone Financial Statements, the Board of Directors are responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing, as applicable, matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless management either intends to liquidate the Bank or to cease operations, or has no realistic alternative but to do so. The Board of Directors is also responsible for overseeing the Bank's financial reporting process.

Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements

8) Our objectives are to obtain reasonable assurance about whether the Standalone Financial Statements as a whole are free from material misstatement, whether due to fraud or error, and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance, but is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatements can arise from fraud or error and are considered material if, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these Standalone Financial Statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional skepticism throughout the audit. We also:

- Identify and assess the risks of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error, design and perform audit procedures responsive to those risks, and obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error, as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations, or the override of internal control.
- Obtain an understanding of internal control relevant to the audit in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances.

- उपयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और लेखांकन के मूल्यांकन एवं प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटन के औचित्य का मूल्यांकन करना।
- संस्था की निरंतरता के आधार पर लेखांकन संबंधी, प्रबंधन के उपयोग को उपयुक्तता और प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा के साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या ऐसे मामलों या स्थितियों से संबंधित कोई अनिश्चितता है जो बैंक को संस्थागत निरंतरता को जारी रखने में महत्वपूर्ण संदेह उत्पन्न करती है, यदि हम महत्वपूर्ण अनिश्चितता के मौजूद होने का निष्कर्ष निकालते हैं या उक्त प्रकटन हमारी राय को संशोधित करने में अपर्याप्त हो तो वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन हेतु हमें हमारे लेखा परीक्षा की रिपोर्ट में इस ओर ध्यान आकर्षित करना चाहिए। हमारे निष्कर्ष, हमारे लेखा परीक्षा को रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखांकन साक्ष्यों पर आधारित हैं। तथापि, भविष्य की घटनाएँ या मामले बैंक को संस्थागत निरंतरता को रोकने के कारण हो सकते हैं।
- प्रकटन सहित एकल वित्तीय विवरण की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषयवस्तु का मूल्यांकन और वित्तीय विवरण में अंतर्निहित संव्यवहारों और मामलों को उचित प्रकार प्रस्तुत करने के तरीके का मूल्यांकन।

हम अन्य मामलों के साथ-साथ लेखा परीक्षा की समय-सीमा एवं नियोजित स्वरूप एवं हमारी लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में पहचानी गई महत्वपूर्ण कमियाँ सहित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों को प्रशासन प्रभारी को सूचित करते हैं।

हम प्रशासन के प्रभारी को इस विवरण के साथ यह भी सूचित करते हैं कि हम निष्पक्षता संबंधी सभी प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं का तथा उनसे संपर्क करने के लिए सभी संबंधों एवं अन्य मामलों जो हमारी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकते हैं, और संबंधित रक्षा उपायों जहाँ भी लागू है, का पालन करते हैं।

प्रशासन को सूचित, संबंधित मामलों से, हमने उन मामलों को निर्धारित किया है जो वर्तमान अवधि के एकल वित्तीय विवरण में लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण हैं और इसलिए प्रमुख लेखा संबंधी मामले हैं। इन मामलों को हम हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में दर्शाते हैं, यदि कोई कानून या विनियम इस मामले के सार्वजनिक प्रकटीकरण को प्रतिबंधित न करे या जब हम यह तय करते हैं, बहुत ही कम परिस्थितियों में, कि इन्हें हमारी रिपोर्ट में व्यक्त नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से जनहित लाभों से ज्यादा ऐसी सूचना के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं।

अन्य मामले

9. बैंक की एकल वित्तीय विवरणी में शामिल 3637 शाखाओं तथा प्रसंस्करण केन्द्रों, (21 विदेशी शाखाओं सहित) की वित्तीय विवरणी/वित्तीय जानकारी की लेखा परीक्षा नहीं की है जिनकी वित्तीय विवरणी/वित्तीय जानकारी, यथा 31.03.2023 को रु.3,79,885.63 की कुल आस्तियां तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए रु.21,771.66 करोड़ के कुल राजस्व दर्शाते हैं जो एकल वित्तीय विवरणियों में विचारित हैं। इन शाखाओं तथा प्रसंस्करण केन्द्रों के वित्तीय विवरण/जानकारी की लेखापरीक्षा, शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिसकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है तथा हमारी राय, जो इन शाखाओं के संबंध में शामिल राशि एवं प्रकटन के संदर्भ में है वह पूर्णरूप से ऐसे शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

इस मामले के संदर्भ में हमारी राय को संशोधित नहीं किया गया है।

- Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by management.
- Conclude on the appropriateness of management's use of the going concern basis of accounting and, based on the audit evidence obtained, whether a material uncertainty exists related to events or conditions that may cast significant doubt on the bank's ability to continue as a going concern. If we conclude that a material uncertainty exists, we are required to draw attention in our auditor's report to the related disclosures in the financial statements or, if such disclosures are inadequate, to modify our opinion. Our conclusions are based on the audit evidence obtained up to the date of our auditor's report. However, future events or conditions may cause the bank to cease to continue as a going concern.
- Evaluate the overall presentation, structure and content of the standalone financial statements, including the disclosures, and whether the financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

We communicate with those charged with governance regarding, among other matters, the planned scope and timing of the audit and significant audit findings, including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence, and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence, and where applicable, related safeguards.

From the matters communicated with those charged with governance, we determine those matters that were of most significance in the audit of the Standalone Financial Statements of the current period and are therefore the key audit matters. We describe these matters in our auditor's report unless law or regulation precludes public disclosure about the matter or when, in extremely rare circumstances, we determine that a matter should not be communicated in our report because the adverse consequences of doing so would reasonably be expected to outweigh the public interest benefits of such communication.

Other Matter

9) We did not audit the financial statements / financial information of 3637 branches and processing centres (including 21 foreign branches) included in the Standalone Financial Statements of the Bank whose financial statements/financial information reflects total assets of Rs.3,79,885.63 Crores at March 31, 2023 and total revenue of Rs 21,771.66 Crores for the year ended on that date, as considered in the Standalone Financial Statements. The financial statements/ financial information of these branches and processing centres have been audited by the branch auditors whose reports have been furnished to us, and our opinion, in so far as it relates to the amounts and disclosures included in respect of branches, is based solely on the report of such branch auditors.

Our opinion is not modified in respect of this matter.

अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

10. तुलनपत्र और लाभ एवं हानि खाते को बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुरूप तैयार किया गया है।

11. उपर्युक्त अनुच्छेद 6 और 9 में दी गई लेखा परीक्षा संबंधी सीमाओं के अधीन और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/80 की अपेक्षाओं के अनुरूप और इसमें अपेक्षित प्रकटन की सीमाओं के अध्यधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

    क. हमने अपनी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु आवश्यक सभी जानकारी और स्पष्टीकरणों को प्राप्त कर लिया है तथा वे संतोषजनक हैं;

    ख. हमारी जानकारी में आए हुए बैंक के लेन-देन बैंक के अधिकार क्षेत्र में हैं, और

    ग. बैंक के कार्यालयों तथा शाखाओं से प्राप्त विवरणियाँ, हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए पर्याप्त रही हैं।

12. हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि :

    क. संबंधित बहियों के हमारे परीक्षण से हमारी राय में, यह प्रतीत होता है कि विधि द्वारा यथा अपेक्षित लेखे की बहियाँ, बैंक द्वारा उचित रूप से रखी गई हैं और जिन शाखाओं एवं प्रसंस्करण केन्द्रों का हमने दौरा नहीं किया है, उनसे प्राप्त विवरणियां हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त हैं।

    ख. इस रिपोर्ट में प्रस्तुत तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण हमारे द्वारा निरीक्षण न की गई शाखाओं तथा प्रसंस्करण केन्द्रों से प्राप्त बही खातों और विवरणियों से मेल खाते हैं,

    ग. बैंकिग विनियामक अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अंतर्गत बैंक के शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित किए गए शाखा कार्यालयों के लेखों से संबंधित रिपोर्ट हमें प्रेषित की गई है तथा रिपोर्ट को तैयार करने में हमने उचित रूप से कार्रवाई की है, और

    घ. हमारी राय में, तुलनपत्र, लाभ एवं हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण, लागू लेखांकन मानकों का, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुरूप होने की सीमा तक, अनुपालन करते हैं।

13. ''सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति - वित्त वर्ष 2019-20 से एससीए के लिए रिपोर्टिंग बाध्यताएं'' पर पत्र सं. डीओएस.एआरजी. सं. 6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020, जिसे आरबीआई द्वारा जारी अनुवर्ती संप्रेषण दिनांक 19 मई, 2020 के साथ पढ़ा जाए, की अपेक्षानुसार, हम उपर्युक्त पत्र के अनुच्छेद 2 में विनिर्दिष्ट मामलों पर रिपोर्ट देते हैं, जो निम्नलिखित हैं:

    क. हमारी राय में, उपर्युक्त वित्तीय विवरणयां, आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानकों का पालन करती हैं, उस सीमा तक जहां तक वे आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखा नीतियों के साथ असंगत नहीं है।

    ख. ऐसे वित्तीय संव्यवहारों/मामलों पर कोई अवलोकन या टिप्पणी नहीं हैं, जिससे बैंक के कार्य निष्पादन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

Report on Other Legal and Regulatory Requirements

10) The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in accordance with Section 29 of the Banking Regulation Act, 1949;

11) Subject to the limitations of the audit indicated in paragraphs 6 & 9 above and as required by the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970/1980, and subject also to the limitations of disclosure required therein, we report that:

    a) We have obtained all the information and explanations which, to the best of our knowledge and belief, were necessary for the purposes of our audit and have found them to be satisfactory;

    b) The transactions of the Bank, which have come to our notice, have been within the powers of the Bank; and

    c) The returns received from the offices and branches of the Bank have been found adequate for the purposes of our audit.

12) We further report that:

    a) in our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as it appears from our examination of those books and proper returns adequate for the purposes of our audit have been received from branches and processing centres not visited by us;

    b) the Balance Sheet, the Profit and Loss Account and the Statement of Cash Flows dealt with by this report are in agreement with the books of account and with the returns received from the branches and processing centres not visited by us;

    c) the reports on the accounts of the branch offices audited by branch auditors of the Bank under section 29 of the Banking Regulation Act, 1949 have been sent to us and have been properly dealt with by us in preparing this report; and

    d) In our opinion, the Balance Sheet, the Profit and Loss Account and the Statement of Cash Flows comply with the applicable accounting standards, to the extent they are not inconsistent with the accounting policies prescribed by Reserve Bank of India.

13) As required by letter No. DOS.ARG. No.6270/08.91.001/2019- 20 dated March 17, 2020 on “Appointment of Statutory Central Auditors (SCAs) in Public Sector Banks–Reporting obligations for SCAs from FY: 2019-20”, read with subsequent communication dated May 19, 2020 issued by the RBI, we further report on the matters specified in paragraph 2 of the aforesaid letter as under:

    a) In our opinion, the aforesaid Standalone Financial Statements comply with the Accounting Standards issued by ICAI, to the extent they are not inconsistent with the accounting policies prescribed by the RBI.

    b) There are no observations or comments on financial

ग. यथा दिनांक 31 मार्च, 2023 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन के आधार पर, बैंक के निदेशकों में से किसी को भी यथा दिनांक 31 मार्च, 2023 को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उपधारा (2) के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य नहीं बताया गया है।

घ. खातों के प्रबंधन और उनसे संबंधित अन्य मामलों के संदर्भ में कोई शर्त, शंका या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

14. आर.बी.आई के पत्र डीओएस.एआरजी.संख्या 6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च 2020 (यथा संशोधित) के द्वारा यथा आवश्यक, वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता तथा परिचालनात्मक प्रभावशीलता पर हमारी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट, इस रिपोर्ट के अनुलग्नक ए में दी गई है। यथा 31 मार्च, 2023 को वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारी रिपोर्ट अनाशोधित विचार व्यक्त करती है।

transactions or matters which have any adverse effect on the functioning of the bank.

c) On the basis of the written representations received from the directors as on March 31, 2023, none of the directors is disqualified as on March 31, 2023 from being appointed as a director in terms of sub-section (2) of Section 164 of the Companies Act, 2013.

d) There are no qualifications, reservations or adverse remarks relating to the maintenance of accounts and other matters connected therewith.

14) Our audit report on the adequacy and operating effectiveness of the Bank's internal financial controls over financial reporting as required by the RBI Letter DOS. ARG.No.6270/08.91.001/2019-20 dated March 17, 2020 (as amended) is given in Annexure A to this report. Our report expresses an unmodified opinion on the Bank's internal financial controls over financial reporting as at 31st March 2023.

कृते वी शंकर अय्यर एंड कंपनी
For V Sankar Aiyar & Co.
सनदी लेखाकार Chartered Accountants
(एफआरएन 109208डब्ल्यू) (FRN 109208W)

आशा पटेल Asha Patel
भागीदार Partner
एम.सं.166048 M. No. 166048
यूडीआईएन: UDIN: 23166048BGUTEL5915

कृते लक्ष्मी तृप्ति एंड एसोशिएट्स
For Laxmi Tripti & Associates
सनदी लेखाकार Chartered Accountants
(एफआरएन 009189सी) (FRN 009189C)

सुनील अग्रवाल Sunil Agarwal
भागीदार Partner
एम.सं.103066 M.No.103066
यूडीआईएन: UDIN: 23103066BGVYYZ1951

मुंकुद एम चितले एवं कंपनी
For Mukund M Chitale & Co.
सनदी लेखाकार Chartered Accountants
(एफआरएन: 106655डब्ल्यू)
(FRN: 106655W)

नीलेश आरएस जोशी Nilesh RS Joshi
भागीदार Partner
एम.नं.114749 M. No. 114749
यूडीआईएन: UDIN: 23114749BGSUJR5111

स्थान : मुंबई / Place : Mumbai
दिनांक : 06 मई, 2023 / Date : 6th May 2023

स्वतंत्र लेखा-परीक्षा रिपोर्ट का अनुलग्नक 'ए'

(सम तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत 'अन्य विधिक तथा विनियामकीय आवश्यकताएं पर रिपोर्ट' का संदर्भ लें।)

भारतीय रिज़र्व बैंक (आगे ''आरबीआई'') के पत्र डीओएस.एआरजी.संख्या 6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित) (''आरबीआई संप्रेषण'') द्वारा आवश्यक वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट f

हमने संबंधित तारीख को समाप्त वर्ष के लिए बैंक ऑफ़ इंडिया (बैंक) की इस एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखा-परीक्षा के साथ तथा 31 मार्च, 2023 को बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा-परीक्षा की है जिसमें बैंक की शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग भी शामिल है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

बैंक का प्रबंधन आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने तथा उसका रखरखाव करने के लिए जिम्मेदार होगा जो भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा-परीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में उक्त आंतरिक नियंत्रण पर आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित किया गया है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का निर्माण, कार्यान्वयन तथा रखरखाव शामिल होगा जो उसके कारोबार के व्यवस्थित तथा दक्ष परिचालन को सुनिश्चित करते हुए प्रभावी रूप से परिचालित बनाये हुए था। इस जिम्मेदारी में बैंक की नीतियों का पालन, बैंक की आस्तियों की रक्षा, धोखाधडियों एवं गलतियाँ की रोकथाम तथा पहचान, लेखांकन रिकॉर्डों की सटीकता तथा पूर्णता तथा बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 के अंतर्गत यथा आवश्यक तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परीपत्र तथा दिशा-निर्देशों द्वारा जरूरी विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समयपूर्वक तैयारी भी शामिल है।

लेखा-परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी लेखा-परीक्षा के आधार पर, वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर अपनी राय व्यक्त करें। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (''आईसीएआई '') द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग की लेखा-परीक्षा पर गइडेंस नोट (''गाइडेंस नोट'') तथा आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन पर मानक (एस.ए), आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा-परीक्षा पर लागू होने की सीमा तक के अनुसरण में अपनी लेखा-परीक्षा की है। उन मानकों तथा उक्त गाइडेंस नोट के अनुसार यह आवश्यक है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें तथा यह सुनिश्चित करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना बनाएँ तथा लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किए गए हैं तथा क्या सभी महत्वपूर्ण पक्षों के विषय में ऐसे नियंत्रणों ने ठीक प्रकार से काम किया है।

हमारी लेखा-परीक्षा में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता तथा उनकी परिचालनात्मक प्रभावशीलता के विषय में लेखा-परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल थी। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना, जोखिम का मूल्यांकन करना कि कोई गंभीर कमजोरी मौजूद है तथा मूल्यांकित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता तथा डिजाइन की जाँच एवं उसका मूल्यांकन, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखा-परीक्षा में शामिल था। चयनित प्रक्रिया, लेखा-परीक्षक के निर्णय पर आश्रित होगी, जिसमें धोखाधड़ी या गलती के कारण वित्तीय विवरणियों की गंभीर गलती के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है।

ANNEXURE "A" TO THE INDEPENDENT AUDITOR'S REPORT

(Referred to in paragraph 14 under 'Report on Other Legal and Regulatory Requirements' section of our report of even date)

Report on the Internal Financial Controls Over Financial Reporting as required by the Reserve Bank of India (the "RBI") Letter DOS.ARG.No.6270/08.91.001/2019-20 dated March 17, 2020 (as amended) (the "RBI communication")

We have audited the internal financial controls over financial reporting of Bank of India ("the Bank") as of March 31, 2023 in conjunction with our audit of the standalone financial statements of the Bank for the year ended on that date which includes internal financial controls over financial reporting of the Bank's branches.

Management's Responsibility for Internal Financial Controls

The Bank's management is responsible for establishing and maintaining internal financial controls based on the internal control over financial reporting criteria established by the Bank considering the essential components of internal control stated in the Guidance Note on Audit of Internal Financial Controls Over Financial Reporting issued by the Institute of Chartered Accountants of India. These responsibilities include the design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the orderly and efficient conduct of its business, including adherence to the Bank's policies, the safeguarding of its assets, the prevention and detection of frauds and errors, the accuracy and completeness of the accounting records, and the timely preparation of reliable financial information, as required under the Banking Regulation Act, 1949 and the circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India.

Auditor's Responsibility

Our responsibility is to express an opinion on the Bank's internal financial controls over financial reporting based on our audit. We conducted our audit in accordance with the Guidance Note on Audit of Internal Financial Controls Over Financial Reporting (the "Guidance Note") issued by the Institute of Chartered Accountants of India (the "ICAI") and the Standards on Auditing (SAs) issued by the ICAI, to the extent applicable to an audit of internal financial controls. Those Standards and the Guidance Note require that we comply with ethical requirements and plan and perform the audit to obtain reasonable assurance about whether adequate internal financial controls over financial reporting were established and maintained and if such controls operated effectively in all material respects.

Our audit involves performing procedures to obtain audit evidence about the adequacy of the internal financial controls over financial reporting and their operating effectiveness. Our audit of internal financial controls over financial reporting included obtaining an understanding of internal financial controls over financial reporting, assessing the risk that a material weakness exists, and testing and evaluating the design and operating effectiveness of internal financial controls based on the assessed risk. The procedures selected depend on the auditor's judgement, including the assessment of the risks of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error.

हम मानते हैं कि निम्नलिखित ''अन्य मामले'' शीर्षक के निम्नलिखित अनुच्छेद में संदर्भित अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों की शर्तों के अनुसार, उनके द्वारा प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्य, लेखा-परीक्षा संबंधी मत का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और समुचित हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जो वित्तीय रिपोर्टिंग पर भरोसे तथा सामान्यत: स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणियों की तैयारी के संबंध में पर्याप्त भरोसे को उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियाँ तथा प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित हैं तथा यह पर्याप्त विस्तार से बैंक की आस्तियों की प्रकृति तथा संबंधित संव्यवहारों को ठीक प्रकार से तथा सही रूप में बताती हैं; (2) पर्याप्त आश्वासन उपलब्ध कराना कि सामान्यत: स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों के अनुसार वित्तीय विवरणियाँ तैयार करने को संभव बनाने के लिए यथा आवश्यक संव्यवहारों को दर्ज किया जाता है तथा बैंक की प्राप्तियाँ तथा व्यय बैंक के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार ही किये जाते हैं तथा (3) बैंक की आस्तियों के अप्राधिकृत अर्जन, प्रयोग या डिस्पोजिशन की समयपूर्वक पहचान या बचाव के संबंध में पर्याप्त आश्वासन उपलब्ध कराना, जिसका वित्तीय विवरणियों पर गंभीर प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

आपसी मिलीभगत की संभावना या अनुचित प्रबंधन के नियंत्रणों के ऊपर हावी होने सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय कंट्रोल की अंतर्निहित सीमाओं के कारण गलती से या धोखाधड़ी के कारण गंभीर गलत विवरणी की प्रस्तुति हो सकती है तथा ऐसा भी संभव है कि यह पकड़ी न जाए। साथ ही, भविष्य की अवधियों के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी मूल्यांकन का पूर्वानुमान जोखिमों के अध्यधीन है। उक्त जोखिम यह है कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, स्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है या पॉलिसियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर कम हो सकता है।

मत

हमारे मत में, तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार एवं हमें प्रस्तुत स्पष्टीकरणों के अनुसार और निम्नलिखित पैरा के ''अन्य मामले'' शीर्षक के अंतर्गत शाखा लेखा-परीक्षकों द्वारा संदर्भित रिपोर्टों के आलोक में बैंक ने, वित्तीय रिपोर्टिंग पर सामान्यत: सभी महत्वपूर्ण पक्षों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखा है तथा भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा-परीक्षा पर गाइडेंस नोट में उक्त आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक अंशों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए मानदण्ड के अनुसार यथा 31 मार्च, 2023 को वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी तरीके से कार्य कर रहा था।

We believe that the audit evidence we have obtained and the audit evidence obtained by the branch auditors, in terms of their reports referred to in the Other Matters paragraph below, is sufficient and appropriate to provide a basis for our audit opinion on the Bank's internal financial controls over financial reporting.

Meaning of Internal Financial Controls Over Financial Reporting

A Bank's internal financial controls over financial reporting is a process designed to provide reasonable assurance regarding the reliability of financial reporting and the preparation of financial statements for external purposes in accordance with generally accepted accounting principles. A Bank's internal financial controls over financial reporting includes those policies and procedures that (1) pertain to the maintenance of records that, in reasonable detail, accurately and fairly reflect the transactions and dispositions of the assets of the Bank; (2) provide reasonable assurance that transactions are recorded as necessary to permit preparation of financial statements in accordance with generally accepted accounting principles, and that receipts and expenditures of the Bank are being made only in accordance with authorisations of management and directors of the Bank; and (3) provide reasonable assurance regarding prevention or timely detection of unauthorised acquisition, use, or disposition of the Bank's assets that could have a material effect on the financial statements.

Inherent Limitations of Internal Financial Controls Over Financial Reporting

Because of the inherent limitations of internal financial controls over financial reporting, including the possibility of collusion or improper management override of controls, material misstatements due to error or fraud may occur and not be detected. Also, projections of any evaluation of the internal financial controls over financial reporting to future periods are subject to the risk that the internal financial controls over financial reporting may become inadequate because of changes in conditions, or that the degree of compliance with the policies or procedures may deteriorate.

Opinion

In our opinion, and to the best of our information and according to the explanations given to us and based on the consideration of the reports of the branch auditors referred to in the "Other Matters" paragraph below, the Bank has, in all material respects generally adequate internal financial controls over financial reporting and such internal financial controls over financial reporting were operating effectively as at March 31, 2023, based on the criteria for internal control over financial reporting established by the Bank considering the essential components of internal control stated in the Guidance Note on Audit of Internal Financial Controls Over Financial Reporting issued by the Institute of Chartered Accountants of India.

अन्य मामले

हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट, जहाँ तक कि वह भारत में स्थित 3014 घरेलू शाखाओं (संख्या, आईएफ़सीओएफ़आर की रिपोर्ट करने वाली शाखाओं में स्कोप का उल्लेख) की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता से संबंधित है, उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखा-परीक्षकों की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित हैं।

इस संबंध में हमारा मत संशोधित नहीं है।

Other Matters

Our aforesaid report, insofar as it relates to the operating effectiveness of internal financial controls over financial reporting of 3014 (number, specify scoped in / IFCoFR reporting branches) branches is based on the corresponding reports of the respective branch auditors of those branches.

Further the control over operations of inter office accounts need to be strengthened.

Our opinion is not modified in respect of this matter.

कृते वी शंकर अय्यर एंड कंपनी
For V Sankar Aiyar & Co.
सनदी लेखाकार Chartered Accountants
(एफआरएन 109208डब्ल्यू) (FRN 109208W)

कृते लक्ष्मी तृप्ति एंड एसोशिएट्स
For Laxmi Tripti & Associates
सनदी लेखाकार Chartered Accountants
(एफआरएन 009189सी) (FRN 009189C)

मुंकुद एम चितले एवं कंपनी
For Mukund M Chitale & Co.
सनदी लेखाकार Chartered Accountants
(एफआरएन: 106655डब्ल्यू)
(FRN: 106655W)

आशा पटेल Asha Patel
भागीदार Partner
एम.सं.166048 M. No. 166048
यूडीआईएन: UDIN: 23166048BGUTEL5915

सुनील अग्रवाल Sunil Agarwal
भागीदार Partner
एम.सं.103066 M.No.103066
यूडीआईएन: UDIN: 23103066BGVYYZ1951

नीलेश आरएस जोशी Nilesh RS Joshi
भागीदार Partner
एम.नं.114749 M. No. 114749
यूडीआईएन: UDIN: 23114749BGSUJR5111

स्थान : मुंबई / Place : Mumbai
दिनांक : 06 मई, 2023 / Date : 6th May 2023

यह पृष्ठ खाली छोड़ा गया है
THIS PAGE HAS BEEN LEFT BLANK

बैंक ऑफ़ इंडिया

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष हेतु समेकित तुलन-पत्र एवं लाभ हानि खाता

BANK OF INDIA

CONSOLIDATED BALANCE SHEET & PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR YEAR ENDED 31ST MARCH 2023

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार समेकित तुलन-पत्र
CONSOLIDATED BALANCE SHEET AS AT 31ST MARCH, 2023

(000 छोडे गए हैं) / (000's Omitted)

विवरण	Particulars	अनुसूची Schedule No.	यथा As at 31-03-2023 ₹	यथा As at 31-03-2022 ₹
I. पूँजी एवं देयताएं	I. CAPITAL AND LIABILITIES			
पूँजी	Capital	1	41,043,052	41,043,052
आरक्षिती एवं अधिशेष	Reserves & Surplus	2	563,286,363	524,175,455
शेयर आवेदन राशि,जो आबंटन हेतु लंबित है	Share Application Money, pending allotment		-	-
अल्पसंख्यक हित	Minorities Interest	2A	1,565,135	1,294,950
जमाराशियां	Deposits	3	6,721,941,223	6,299,807,511
उधार	Borrowings	4	650,152,251	268,211,160
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	Other liabilities and provisions	5	282,369,474	296,781,186
कुल	TOTAL		8,260,357,498	7,431,313,314
II. आस्तियां	II. ASSETS			
क) मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत संविभागों के लिए:

- ➢ किसी भी परिवर्तन हेतु कारणों सहित, उपयोग की गई ऋण रेटिंग एजेन्सियों का नाम
- ➢ एक्स्पोजर के प्रकार जिसके लिए प्रत्येक एजेन्सी का उपयोग किया गया है; एवं
- ➢ बैंकिंग बही में लोक निर्गम रेटिंग का तुलनीय आस्तियों में अंतरण हेतु प्रयुक्त की गई प्रक्रिया का वर्णन।

1. बैंक ऑफ इंडिया:

ए. बैंक ने सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भार के लिए निम्नलिखित ऋण रेटिंग एजेंसियों की सामान्य श्रेणी निर्धारण के उपयोग किए जाने हेतु अनुमोदन किया है। स्वदेशी दावों के लिए एसीयूआईटीई, सीएआरई, सीआरआईएसआईएल, आईसीआरए, इंडिया रेटिंग्स, एवं इन्फोमेरिक्स तथा अनिवासी कार्पोरेट्स, विदेशी बैंको एवं विदेशी प्रभुसत्ता पर दावों के लिए एस एंड पी, फिच एवं मूडी।

बी. इन सभी एजन्सियों के रेटिंग का उपयोग, बासेल-III के अंतर्गत सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोणान्तर्गत, श्रेणीकरण के अधीन समस्त ऋण जोखिमों के जोखिम भार प्रयोजनार्थ किया जा रहा है।

सी. बैंकिंग बही में तुलनीय आस्तियों पर सार्वजनिक निर्गम रेटिंग अंतरण हेतु प्रयुक्त प्रक्रिया आरबीआई की नियामक आवश्यकताओं के अनुसार है। रेटिंग एजेन्सियों द्वारा उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई लोक रेटिंग इस प्रयोजनार्थ उपयोग की गई है। रेटिंग जो केवल संबद्ध रेटिंग एजेन्सी के मासिक बुलेटिन के अनुसार प्रभावी है एवं पूर्व 15 महीनों के दौरान कम से कम एक बार पुनरीक्षित की गई है, का उपयोग किया जाता है।

डी. विशेष दूसरे पक्ष पर समस्त ऋण जोखिमों के लिए बैंक द्वारा रेटिंग के लिए केवल एक ही एजेन्सी का प्रयोग किया जाता है, यद्यपि इन एक्सपोज़रों की रेटिंग एक से अधिक एजेन्सी द्वारा इस अपवाद के साथ की जाती है कि प्रत्येक ऋण एक्सपोज़र की रेटिंग केवल एक अनुमोदित रेटिंग एजेन्सी द्वारा जाती है।

ई. जोखिम भार प्रयोजनार्थ पात्रता के लिए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, बाह्य रेटिंग पर विचार किया जाता है एवं बैंक द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण ऋण राशि के संबंध में ऋण जोखिम को प्रतिबिंबित करें। एक ही पार्टी के दूसरे पक्ष को किसी अन्य ऋण जोखिम के लिए विशिष्ट रेटिंग एक निर्गमकर्ता या निर्गम को विस्तारित करते समय, यह ऋण जोखिम एक्सपोजर की संपूर्ण राशि के लिए विस्तारित की जाती है, अर्थात दोनों मूल राशि एवं ब्याज हेतु। एक कार्पोरेट समूह के अंतर्गत एक कंपनी के बाह्य रेटिंग का उपयोग जोखिम भार हेतु उसी समूह की अन्य कंपनियों के लिए नहीं होता है।

एफ़. उन आस्तियों के लिए जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से कम या एक वर्ष के बराबर होती है, अल्पावधि रेटिंग का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य आस्तियों के लिए दीर्घावधि रेटिंग प्रयोग की जाती है।

जी. जहाँ एक जारीकर्ता की बाह्य दीर्घावधि रेटिंग सहित दीर्घावधि एक्सपोज़र है जो 150% जोखिम भारिता का समर्थन करता है, तथा उसी काउन्टरपार्टी के सभी अमूल्यांकित दावे चाहे वह अल्पावधि की हो अथवा दीर्घावधि की हो, भी 150% जोखिम भारिता वहन करती है, सिवाय उसके जहां ऋण जोखिम घटाव तकनीक इन दावों के लिए प्रयोग किया जाता है। अल्पावधि रेटिंग के मामले भी एकसमान होंगे ।

एच. दीर्घावधि एक्सपोज़र हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भारिता का सीधा आकलन अनुमोदित रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दीर्घावधि रेटिंग समनुदेशित किया जाता है। इसके विपरीत, प्रतिपक्ष का अमूल्यांकित अल्पावधि दावा उसके प्रतिपक्ष के मूल्यांकित अल्पावधि दावों पर लागू जोखिम भारिता से कम से कम एक स्तर ज्यादा जोखिम भारिता वहन करता है। बैंकों तथा निगमों के विरुद्ध मूल्यांकित सुविधा से उत्पन्न दावों हेतु जोखिम भारिता निर्गम विशिष्ट अल्पावधि मूल्यांकन जनित है जो अमूल्यांकित दीर्घावधि दावों हेतु जोखिम भारिता का समर्थन नहीं करता है।

आई. यदि योग्य ऋण रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दो रेटिंग दिए जाते हैं जो विभिन्न ऋण भारिता दर्शा रहा है तो वहाँ उच्च जोखिम भारिता लागू होगा। यदि योग्य ऋण रेटिंग एजेंसियों द्वारा तीन या उससे अधिक मूल्यांकन विभिन्न जोखिम भारिता दर्शा रहे हैं तब दो न्यूनतम जोखिम भारिता का परवर्ती मूल्यांकन संदर्भित किया जाता है तथा उन दोनों जोखिम भारिताओं में से उच्च जोखिम भारिता लागू होता है यथा द्वितीय न्यूनतम जोखिम भारिता ।

जे. निवेश दावे का आरडबल्यू किसी चुनी हुई रेटिंग एजेन्सि की विशिष्ट रेटिंग पर आधारित होता है, जहां दावा किसी विशिष्ट मूल्यांकित निर्गम में निवेश न हो :

i) विशिष्ट उधार (जहाँ जोखिम भार में रेटिंग का आकलन, जो अमूल्यांकित दावे पर लागू से कम हो) पर लागू रेटिंग बैंक के केवल अनिर्धारित दावे पर लागू होती है। यदि यह दावा समरूप श्रेणी अथवा

सभी दृष्टि से विशेष दर आधारित उधार से वरीय हो एवं जहाँ दर आधारित दावा लघु अवधि दायित्व होता है, को छोड़कर अनिर्धारित दावे की परिपक्वता, दर आधारित दावे की परिपक्वता के बाद न आती हो।

ii) यदि निर्गमकर्ता अथवा एकल निर्गम की रेटिंग निर्धारित की गई हो, जो गैर निर्धारित दावों पर लागू जोखिम भार के बराबर हो अथवा उच्चतर हो, उसी काउंटरपार्टी पर बिना रेटिंग को दावे पर वही जोखिम भार समनुदेशित किया जाता है, जैसा कि रेटिंग वाले एक्सपो. जर पर लागू होता है, यदि सभी दृष्टि से यह दावा रेटिंग वाले एक्सपो. जर से समरूप या कनिष्ठ श्रेणी का हो।

2.0 पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार किसी भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है।

3.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानियां) लि. एवं बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि. :

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार किसी भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जानाअपेक्षित नहीं है। देश में कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी परिचालन में कार्यरत नहीं है।

4.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी)

आवश्यक्तानुसार तिमाही के आधार पर सामान्य प्रकटीकरण विवरणी द्वारा ऋण जोखिम काप्रकटीकरण किया जाता है ।

ii. मात्रात्मक प्रकटीकरण:

(रुपये मिलियन में)

मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन जोखिम के कम होने के पश्चात एक्सपोज़र की राशि के लिए बैंक की बकाया राशि (दर आधारित एवं गैर दर आधारित) निम्नलिखित तीन बृहत जोखिम बकेट एवं जिनकी कटौती की जाती है उन क्षेत्रों; का मात्रात्मक प्रकटीकरण किया जाता है।	
बीओआई का कुल ऋण एक्सपोज़र मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन निम्नलिखित प्रमुख जोखिम बकेट के अंतर्गत वर्गीकृत हैं:-	
100% जोखिम भार से कम	80,10,208.00
100% जोखिम भार	12,02,618.00
100% जोखिम भार से अधिक	2,44,750.00

तालिका डीएफ-5 ऋण जोखिम न्यूनीकरण
मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

र. गुणात्मक प्रकटन

(क) ऋण जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकताओं में यह शामिल है:

- ➢ तुलन पत्र में एवं उसके बाहर नेटिंग हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं तथा इस बात का संकेत कि बैंक किस हद तक इंका प्रयोग करता है;
- ➢ संपार्श्विक मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं;
- ➢ बैंक द्वारा लिए गए संपार्श्विक के प्रमुख प्रकारों का विवरण;
- ➢ गारंटीकर्ता काउंटर पार्टी के प्रमुख प्रकार और उनकी ऋण पात्रता; एवं
- ➢ न्यूनीकरण हेतु किए गए उपायों के भीतर (बाजार अथवा ऋण) जोखिम संकेन्द्रण के बारे में सूचना

क: बैंक ऑफ़ इंडिया

1. ऋण जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन का एक अग्रसक्रिय साधन है, जो अच्छे एवं बुरे दोनों समय में राजस्व हानि से कंपनी का रक्षण करता है। बैंक उसके दैनिक परिचालनों में आने वाले ऋण जोखिम के प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न पद्धति और तकनीक अपनाता है। ऐसी प्रक्रिया को ऋण जोखिम न्यूनीकरण का नाम दिया गया है और ऋण जोखिम न्यूनीकरण के कुछ तकनीक को पर्यवेक्षकों द्वारा मूल्य, मुद्रा असंतुलन और परिपक्वता असंतुलन के लिए समायोजन के पश्चात पूंजी प्रभार कटौती करने हेतु उपयोग करने की अनुमति दी गई हैं। नयी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल III) के अंतर्गत पहचाने गए विभिन्न ऋण जोखिम प्रशामक (सीआरएम) निम्नानुसार है:

(1) संपार्श्विकृत संव्यवहार

(2) ऑन - बैलन्स शीट नेटिंग

(3) गारंटियाँ

2. पात्र वित्तीय संपार्श्विक

मानक अभिगम के अंतर्गत सभी संपार्श्विकों को ऋण जोखिम प्रशामक के रूप में स्वीकारा नहीं गया है। निम्नलिखित वित्तीय संपार्श्विक को स्वीकार किया गया है:

i. नकदी एवं जमाराशियाँ विदेशी मुद्रा की जमाराशियों सहित

ii. स्वर्ण : 99.99% शुद्धता वाले बेंचमार्क सहित

iii. केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ

iv. किसान विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र

v. जीवन बीमा पॉलिसियाँ

vi. ऋण प्रतिभूतियाँ- श्रेणीकृत शर्तों के अध्यधीन

vii. ऋण प्रतिभूतियाँ-गैर श्रेणीकृत, बैंकों द्वारा जारी, शर्तों के अध्यधीन

viii. म्यूचुअल फंडों की यूनिट, शर्तों के अध्यधीन

ix. संपार्श्विक संव्यवहारों के लिए पूंजी सहायता उपलब्ध करने हेतु कतिपय अतिरिक्त मानदंड हैं, जिनका संपार्श्विक के प्रबंधन पर प्रत्यक्ष वहन है और संपार्श्विक प्रबंधन के दौरान इस पहलू का ध्यान रखा जाता है।

3. ऑन-बैलन्स शीट नेटिंग

ऑन बैलेंस शीट नेटिंग को ऋणों/अग्रिमों (एक्सपोजर के रूप में माने गए) और जमाराशियों (संपार्श्विक के रूप में) तक सीमित रखा जाए, जहाँ पर दस्तावेजो के सबूतों के साथ विशिष्ट ग्रहणाधिकार सहित बैंक का कानूनी प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है और जिसका नेट आधार पर प्रबंधन किया जाता है।

4. गारंटियाँ

जहाँ प्रत्यक्ष, निर्धारित, अविकल्पी और बिना शर्त गारंटियाँ हो, बैंक पूंजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु ऐसे ऋण संरक्षण को मान सकता है. पात्र गारंटीदाताओं/काउंटर गारंटीदाताओं की श्रेणी में ये शामिल हैं:

i. शासक, शासकीय संस्था (बीआईएस, आइएमएफ, यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक और यूरोपियन समुदाय के साथ-साथ कतिपय विनिर्दिष्ट एमडीबी, ईसीजीसी और सीजीटीएसएमई), बैंक और काउंटर पार्टी से अन्य निम्न जोखिम भार सहित प्राथमिक व्यापारी;

ii. एए अथवा उससे बेहतर श्रेणी की अन्य संस्थाएं

5. बैंक की सुपरिभाषित संपार्श्विक प्रबंधन नीति है जो संपार्श्विक के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रित फ्रेमवर्क प्रदान करती है। यह उधार में अंतर्निहित ऋण जोखिम के न्यूनीकरण का प्रमुख घटक है। बैंक मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की प्रतिभूतियाँ स्वीकार करता है। मूर्त प्रतिभूतियाँ या तो भौतिक स्वरूप की होती है अथवा अन्य सामग्री प्रारूप में जैसे कि नकद मार्जिन, बैंक के पास जमाराशियाँ, स्वर्ण अथवा अन्य मूल्यवान धातु, शेयर्स, एनएससी/केवीपी/जीवन बीमा पॉलिसियाँ। अमूर्त प्रतिभूतियाँ हैं - बैंक गारंटियाँ/साख पत्र, बही ऋण, आश्वासन पत्र, नकारात्मक पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र, अपंजीकृत प्रभार इत्यादि। उधार दिए गए धन हेतु प्रतिभूति प्राप्त करने के सामान्य तरीके हैं - बंधक, गिरवी, दृष्टिबंधक और पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र। बैंक ऋण एक्सपोजर से सृजित की गई संपत्ति पर प्रथम प्रभार/अथवा समरूप आधार पर सामान्य नियम के अनुसार बैंक का प्रभार दर्ज किया जाए।

सामान्यत जब भी लागू हो/अनुमत होने पर गारंटी का आग्रह किया जाए गारंटीकर्त्ता के प्रमुख प्रकार हैं:-

i) केंद्र/राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एजेन्सियाँ जैसी डीआईसीजीसी, सीजीटीएमएसई और ईसीजीसी

ii) कारपोरेट्स के प्रोमोटर/प्रमुख स्वामी

iii) व्यक्तियों के मामले में रिश्तेदारों की व्यक्तिगत गारंटी

6. संपार्श्विक प्रबंधन के विभिन्न पहलू इस प्रकार हैं -

संपार्श्विक को स्वीकार करने हेतु न्यूनतम शर्तें: संपार्श्विक को वैध और प्रवर्तनीय बनाने के लिए बैंक यह सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के रूप में स्वीकार की गई आस्तियाँ बिक्री योग्य, कानूनी प्रवर्तनीय और आवश्यकता पड़ने पर उसको नियंत्रण में लिये जा सकने योग्य है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आस्ति का बाजार मूल्य सहज निर्धारण योग्य हो अथवा उसे उचित रूप से स्थापित और सत्यापित किया जा सके।

क) संपार्श्विक की वैधता

i) प्रवर्तनीयता:

बैंक सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के समर्थन में ऋण दस्तावेजीकरण सभी संबंधित क्षेत्राधिकारों में कानूनी रूप से प्रवर्तनीय हो और उधारकर्ता की बाध्यताओं को विमुक्ति हेतु निर्बाध रूप से संपार्श्विक को लागू करने हेतु बैंक को अधिकार देता हो।

ii) हक और स्वामित्व:

बैंक हमेशा संपार्श्विक के रूप में आस्ति का स्वीकार करने से पूर्व उसके अस्तित्व तथा स्वामित्व का सत्यापन करता है और सुनिश्चित करता है कि किसी अन्य पक्ष का कथित संपार्श्विक पर कोई पूर्व दावा नहीं है। ऋण सुविधा के ड्रॉ डाउन से पूर्व ही बैंक संपार्श्विक के नियंत्रण को सुरक्षित करता है। ऋण जोखिम के प्रबंधन के सरलीकरण के लिए शीर्ष प्रबंधन को संपार्श्विक पर सूचना आवधिक रूप दी जाती है। जहां लागू हो वहां संपार्श्विक पर प्रभारों का पंजीकरण संबंधित प्राधिकरणों के पास तत्काल किया जाता है।

ख) मूल्यांकन :

संपत्ति मूल्यांकन के लिए बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति है जो बैंक के एक्सपोजर हेतु स्वीकार्य है, जिसमें पूरे बैंक में अनुपालन हेतु मूल्यांकन का आधार, मूल्यांकक की अर्हता और पूनर्मूल्यांकन की बारंबारता निर्धारित की गई है।

ग) संपार्श्विक को सुरक्षित रखना तथा उसमें पहुँच का नियंत्रण :

संपार्श्विक के स्वीकारने, निगरानी अथवा सुरक्षित अभिरक्षा के अनुमोदन का प्राधिकार और उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्तियों और विभागों को दिया गया है।

घ) अतिरिक्त संपार्श्विक/उसका प्रतिस्थापन

अतिरिक्त संपार्श्विक के लिए अनुरोध करने की कार्यविधि का स्पष्ट दस्तावेजीकरण किया गया है।

ङ) बीमा :

विशेष रूप से छूट प्रदत्त संपार्श्विक को छोड़कर, सभी पात्र संपार्श्विक संबंधित जोखिम हेतु बीमा द्वारा संरक्षित हैं और इसके लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं।

च) संपार्श्विक की बिक्री :

संपार्श्विक के समय पर परिसमापन के लिए बैंक की सुस्पष्ट और सुदृढ़ प्रक्रिया है।

ख: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके:

संपार्श्विक मूल्यांकन हेतु पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके की नीति एवं कार्य विधि है जो बैंक ऑफ़ इंडोनेशिया विनियमन और बंधक ऋण हेतु राष्ट्रीय विवेक पर आधारित है। यदि संपार्श्विक का मूल्य आईएनआर 2.79 करोड़ से अधिक है तो संपार्शिक का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाता है। संपार्श्विक के स्वरूप पर आधारित परिसमापन मूल्य की गणना की जाती है। संपार्श्विक मूल्य की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है। भूमि एवं भवन के रूप में प्रमुख रूप से संपार्श्विक स्वीकार किया जाता है। सामान्यता व्यक्तिगत एवं अन्य पक्ष गारंटी नहीं ली जाती। संकेन्द्रण से बचने हेतु ऋणों में क्षेत्रवार सीमा निर्धारित की गई है। बैंक को संपार्श्विकों या जोखिम शामकों के संकेन्द्रण का कोई बड़ा जोखिम नहीं है।

ग: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैण्ड) लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदें, अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टि प्रबंधक प्रभार, शेयर की गिरवी इत्यादि के रूप में संपार्श्विक प्राप्त किए जाते हैं।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	25
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	10
ग) अप्रतिभूत	5

घ. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों, अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टि प्रबंधक प्रभार, शेयर की गिरवी इत्यादि के रूप में संपार्श्विक प्राप्त किए जाते हैं।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	एकल उधारकर्ता एक्सपोजर सीमा पूंजी का 25% है और उसे कोर पूंजी के 50% तक बढ़ाया जा सकता है
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	
ग) अप्रतिभूत	

ii. मात्रात्मक प्रकटन :

(रु. मिलियन में)

(ए)	प्रथक रूप से प्रकटन किए गए प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोजर (जहां लागू हो, ऑन-ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के बाद) जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक द्वारा संरक्षित है : हेयर कट लागू करने के बाद।	3,91,322.00
(बी)	प्रथक रूप से प्रकटन किए गए प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोजर (जहां लागू हो, ऑन-ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के बाद) जो गारंटी/क्रेडिट व्युत्पन्न द्वारा संरक्षित है (जब भी आरबीआई द्वारा विशेष रूप से अनुमति दी गई है।)	8,45,609.00

तालिका डीएफ-6

प्रतिभूतिकरण एक्स्पोजर : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

क: बैंक ऑफ़ इंडिया यथा दिनांक 31.03.2022 बैंक का कोई प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर नहीं है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन :-

लागू नहीं

तालिका डीएफ-7

लेन-देन बही में बाजार जोखिम

i. गुणात्मक प्रकटन:

(क) मानकीकृत दृष्टिकोण में शामिल पोर्टफोलियो को शामिल करते हुए बाजार जोखिम हेतु सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

लेन-देन बही में बैंक निवेशों के "लेन-देन हेतु धारित" (एचएफटी) एवं "बिक्री हेतु उपलब्ध" (एएफएस) पोर्टफोलियों को धारित करता है। शेष आस्तियों-अर्थात परिपक्वता हेतु धारित पोर्टफोलियों और अग्रिमों के अंतर्गत निवेशों को बैंकिंग बही के रूप में माना जाता है। नीचे बाजार जोखिम प्रबंधन प्रयोजन एवं नीतियों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है।

(i) कार्यनीतियाँ एवं प्रक्रियाएं:

बाजार जोखिम प्रबंधन के अंतर्गत तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम, विदेशी विनिमय जोखिम एवं इक्विटी कीमत जोखिम की निगरानी की जाती है।

ए. तरलता जोखिम

तरलता जोखिम की निगरानी के लिए गैप विश्लेषण का पाक्षिक आधार पर अनुपालन किया जाता है। संयमी गैप से संचयी आउटफ्लो का प्रतिशत निकालने के लिए प्रूडेंसियल सीमा का उपयोग किया जाता है- 28 दिनों तक के अल्पावधि बकेट के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अध्यधीन निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त, प्रूडेंसियल सीमाएं बाजार उधार दैनिक एवं औसत कॉल उधार, आंतर बैंक देयताएं, खरीदी गयी नीधियां आदि के लिए काम करती।

ऊँचे मूल्य की एकमुश्त जमाराशियों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाती है। अल्पावधि डायनामिक तरलता विवरणी तरलता स्थिति का आकलन करने के लिए पाक्षिक आधार पर तैयार की जाती है जो व्यवसाय वृद्धि को ध्यान में रखकर चलती है।

एक आकस्मिक निधि योजना तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गयी है। योजना का तिमाही आधार पर परीक्षण किया जाता है। बैंक को संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर स्ट्रेस परीक्षण भी किया जाता है। यह ऐसी स्थिति में जब कोई तरलता संबंधी तकलीफ हो और यदि आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए बाजार से निधियां जुटाई जानी हों।

बी. ब्याज दर जोखिम

पिछले 12 माह के दौरान एवं अगले वित्तीय वर्ष तक बैंक की निवल ब्याज आय पर प्रभाव का आकलन करने के लिए गेप विश्लेषण उपयोग में लिया जाता है। बैंक अवधि गेप विश्लेषण को भी उपयोग में लेता है। देयताओं की अवधि के लिए प्रूडेंसियल सीमाएं नियत की गयी हैं। बैंक के निवेश पोर्टफोलियों की अवधि आधार पर निगरानी की जाती है।

एसएलआर एवं गैर एसएलआर (देशीय) प्रूडेंसियल सीमाओं के अंतर्गत दिनांकित प्रतिभूति के लिए वीएआर पद्धति अपनायी जाती है। वीएआर के लिए यह नियत की गयी है एवं दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है एवं उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट की जा रही है। दिनांकित प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश सामान्यतया हैज किए जाते हैं एवं ब्याज दर जोखिम निम्नतम है। विदेशी मुद्रा विनिमय में भी वीएआर सीमा नियत की गई है।

निश्चित आय, इक्विटी, विदेशी मुद्रा इत्यादि सहित बाज़ार जोखिम पक्षों के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का आकलन करने के लिए स्ट्रैस टेस्टिंग किया जाता है।

सी. विदेशी विनिमय जोखिम

बैंक ने यूएसडी एवं अन्य मुद्राओं में कुल सीमा अंतर सहित विभिन्न मुद्राओं में विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के लिए अधिकतम कुल डेलाइट और ओवरनाइट एक्सपोजर सीमा नियत की है। इसके अतिरिक्त हमने अवधि-वार वैयक्तिक मुद्रा-वार सीमा अंतर भी नियत किया है। स्टॉप लॉस सीमा, टेक प्रॉफिट सीमा और सिंगल डील सीमा व्यापारियों के विदेशी परिचालनों की निगरानी हेतु लागू किए गए है।

नेट ओपन पोजीशन हेतु प्रूडेंसियल सीमा नियत करके डेरिवेटिव संव्यवहार की निगरानी की जाती है और बकाया डेरिवेटिव पर पीवी01 का केप रखा जाता है।

डी. इक्विटी कीमत जोखिम

बैंक की स्वदेशी निवेश नीति के इक्विटी डीलरों के लिए नुकसान रोक सीमाएं नियत की हैं - ट्रेजरी के लिए दैनिक सीमा, अधिकतम निवेश सीमा, इक्विटी पोर्टफोलियो के लिए होल्डिंग अवधि (ट्रेडिंग)। उच्चतम प्रबंधन को दैनिक आधार पर संव्यवहारों एवं लाभ की रिपोर्टिंग की जाती है।

ई. बाजार जोखिम प्रबंधन कार्य का ढांचा एवं संगठन:

जोखिम प्रबंधन बोर्ड संचालित कार्य है जिसे तीन स्तरों पर सपोर्ट किया जाता है: देखभाल करने एवं निर्देश जारी करने के लिए बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, जहाँ कहीं आवश्यक हो/जोखिम प्रबंधन नीतियां आदि के अनुमोदन करने के लिए । नीतियों, सीमाओं,विस्तार आदि पर चर्चा के लिए मार्केट जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) एक मूलभूत स्तरीय समिति है।

आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ), तरलता जोखिम प्रबंधन के संबंध में नीतिगत मामलों पर विचार करती है। एएलएम कक्ष ग्राउंड लेवल पर समर्थन प्रदान करता है। आस्ति देयता प्रबंधन समिति विदेशी केन्द्रों पर भी परिचालन में हैं।

ii. जोखिम रिपोर्टिंग का स्कोप एवं प्रकृति और/अथवा मापांकन प्रणाली

स्वदेशी कारोबार के संबंध में बाजार जोखिम का प्रबंधन करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाता है - जैसे कि मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाना-दैनिक आधार पर लेन-देन बही में निवेशों का अवधि विश्लेषण- ईक्विटी पोर्टफोलियों को छोड़कर दैनिक आधार पर वीएआर लेन-देन बही निवेश की वीएआर गणना करने- तिमाही आधार पर तरलता जोखिम/बाजार जोखिम के लिए स्ट्रेस परीक्षण करना, वैश्विक तुलन-पत्र का अवधिक विश्लेषण और मासिक आधार पर इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव पर समीक्षा की जाती है। एएलसीओ द्वारा मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता की समीक्षा की जाती है।

बाजार उधार लेन-देन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तरलता जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न विवेकपूर्ण उपाय किए गए हैं। मासिक आधार पर ढांचागत तरलता विवरणी तैयार की जाती है और पाक्षिक आधार पर अल्पावधि गतिशील तरलता विवरणी तैयार की जाती है और उच्च प्रबंधन/ एएलसीओ को रिपोर्ट की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों की ढांचागत तरलता कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर की जा रही है।

स्ट्रेस परीक्षण एवं इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का परिणाम एएलसीओ को रिपोर्ट किया जाता है। लेन-देन बही स्थिति - ड्यूरेशन एवं वीएआर दैनिक आधार पर उच्चतम प्रबंधन को रिपोर्ट किया जाता है।

(iii) हैजिंग और/अथवा जोखिम न्यूनीकरण के लिए नीतियां :

आस्ति देयता प्रबंधन एवं बाजार जोखिम प्रबंधन से संबंधित विस्तृत नीतियां कार्यरत हैं जो बाजार जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न रणनीतियों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डालती है।

(iv) पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी):

वाणिज्यिक बैंक के लिए न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता से संबंधित बैंक इंडोनेशिया के विनियमन के अनुसार, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के परिकलन हेतु बाज़ार जोखिम के मापन के लिए अनिवार्य श्रेणी में बैंक शामिल नहीं है। यह इसलिए है कि बैंक विदेशी विनिमय बैंक है जिसके ट्रेडिंग बुक में प्रतिभूतियों और/अथवा डेरिविटिव संव्यवहार के रूप में वित्तीय लिखत आईडीआर 20 बिलियन (यूएसडी 1.7 मिलियन अनुमानित) से कम की रकम है।

बी. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि., (अनुषंगी) बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड)लि. (अनुषंगी) और बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

क. बाज़ार जोखिम के सामान्य गुणात्मक प्रकटन की आवश्यकता जिसमें मानकीकृत दृष्टिकोण के संविभाग भी शामिल है।

i. बाजार जोखिम: ब्याज दर, मुद्रा तथा इक्विटी उत्पाद में खुली स्थिति से बाजार जोखिम उत्पन्न होती है। बोर्ड सीमा निर्धारित करता है तथा स्वीकार किए जाने वाले, जोखिम पर नियमित अंतराल पर उसकी समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर एक्सपोजर की निगरानी की जाती है।

ii. तरलता जोखिम: ओवरनाइट जमा से नकदी संसाधन, चालू खाते, परिपक्व जमाराशियां, ऋण आहरण और गारंटियों से उपलब्ध नकद स्त्रोतों से दैनिक मांग के लिए तथा मार्जिन और अन्य नकद समझौतों पर मांग से बैंक को नकद आरक्षित रखना पडता है। ऐसे मांग की पूर्ति करने के लिए परिपक्व निधि के उपलब्ध अंश के आधार पर बोर्ड ने उनके अनुभव पर सीमा निर्धारित की है और अंतर बैंक तथा अन्य उधार सुविधा के न्यूनतम स्तर पर जो मांग की अपेक्षित आहरण को कवर कर सके।

iii. ब्याज दर जोखिम- बैंक को उसकी वित्तीय स्थिति तथा नकदी प्रवाह पर प्रचलित बाजार ब्याज दर में उतर चढाव के परिणाम के साथ जुड़ी विभिन्न जोखिमों को उठाना पड़ता है। बैंक को जमा राशि ऋण तथा बाजार प्रवृत्ति के परिवर्तन के अनुरूप दरों को परिवर्तित करने का विवेकाधिकार है। यह उपाय ब्याज दर जोखिम को बैंक एक्सपोजर न्यूनतम रखते है।

iv. **मुद्रा जोखिम** : बैंक को विदेशी मुद्रा दर में परिवर्तन के कारण वित्तीय लिखत के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव की जोखिम उठानी पड़ती है। बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में केवल जितनी आवश्यक मुद्रा की खरीदी तथा बिक्री के आधार तक शामिल रहती है। बैंक विदेशी मुद्रा वायदा बाजार में शामिल नहीं होता है और इस प्रकार जोखिम सीमित हो जाती है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन

(रु. मिलियन में)

निम्नलिखित के लिए पूंजी आवश्यकता	
ब्याजदर जोखिम	8,363.47
विदेशी विनिमय जोखिम (गोल्ड सहित)	2733.75
ईक्विटी जोखिम	3770.28
# पूंजी आवश्यकता का परिकलन आरडब्ल्यूए की 9% की दर पर न्यूनतम विनियामक आवश्यकता पर किया जाता है।	

तालिका डीएफ-8

परिचालनात्मक जोखिम

गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता के अतिरिक्त जिसके लिए बैंक अर्हता प्राप्त है उस परिचालन जोखिम पूंजी मूल्यांकन हेतु बैंक का (के) दृष्टिकोण ।

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंक जोखिम प्रबंधन की सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया अपनाता है। बैंक कारोबार की विभिन्न पद्धतियों के तहत समस्त आर्थिक उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के परिचालन जोखिम का सतत निर्धारण और अभिनिर्धारण करता है। समस्त नये उत्पाद, गतिविधियाँ और प्रणालियाँ पहले नया उत्पाद समूह समिति और फिर परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (सीओआरएम) अथवा ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), जो लागू हो के माध्यम से कार्यान्वित होती है। सभी नीतियां बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर.काम) द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाती है। मुख्य जोखिम अधिकारी, आरकॉम और विदेशों में दिन-प्रतिदिन के परिचालन गत जोखिम प्रबंधन के निदेशों को कार्यान्वित करते है ।

जोखिम प्रबंधन कार्य, कारोबार परिचालन जोखिम प्रबंधकों (बीओआरएम) तथा परिचालनगत जोखिम प्रबंधन विशेषज्ञ (ओआरएमएस) के निकट सहयोग से कार्य करता है। बीओआरएम तथा ओआरएमएस की समिति परिचालनगत . जोखिम प्रबंधन प्रभाग को आवधिक आधार पर जोखिम और नियंत्रण निर्धारण करना, हानि की रिपोर्टिंग करना तथा मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआरइ) पर नज़र रखने में सहायता करती है।

अर्धवार्षिक आधार पर लॉस डेटा विश्लेषण के रूप में जोखिम रिपोर्टिंग की जाती है जिससे उच्च जोखिम प्रवणता वाले उत्पाद और कारोबार लाइन का निर्धारण किया जा सके और न्यूनीकरण उपाय अपनाए जा सके। शाखा स्तर के केआरआई और बैंक स्तर के केआरआई को तिमाही आधार पर ट्रैक किया जाता है।सभी बैंक के उत्पादों और प्रक्रियाओं के लिए वार्षिक आधार आरसीएसए कार्रवाई की जाती है।

बैसिक इंडिकेटर दृष्टिकोण द्वारा ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज की गणना की जाती है। वर्तमान में, बैंक ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज की गणना के लिए उन्नत मापन दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की प्रक्रिया में है। बैंक को परिचालन जोखिम पूंजी प्रभार की गणना के लिए द स्टैंडर्डाइज्ड अप्रोच (टीएसए) में माइग्रेट करने के लिए समानांतर रन अनुमोदन पहले ही मिल चुका है।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

कार्यों का पृथक्करण, प्रशिक्षण, स्पष्ट रूप से निर्धारित कार्यवाहियां, इत्यादि जैसे परिचालन जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने श्रेष्ठ प्रक्रिया अपनाई है।

परिचालन जोखिम के प्रबंधन में, नीतियों और कार्यविधियों के नियंत्रण और रूटीन पर्यवेक्षण के संदर्भ में प्रत्येक इकाई जिम्मेदार है। अपरिहार्य परिस्थितियों से बचने प्रणाली के लिए उत्पाद का विकास, प्रणाली, मानव संसाधन और ''अपने ग्राहक को जानो'' से संबंधित क्षेत्र शामिल है।

परिचालन जोखिम को कम करने के लिए बैंक ने संव्यवहार प्रोसेसिंग में नियंत्रण कार्य को बढ़ा दिया है जिसमें संव्यवहार को समय के अंदर पूरा करना, लागू मानकों के लेखांकन पद्धति का समायोजन,ठीक ढंग से रिकार्ड का अनुरक्षण, आस्ति तथा डेटा तक सुरक्षित पहुंच के लिए अन्यों के बीच क्रियान्वित करने हेतु कार्य विधि सुनिश्चित करना है। आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई का कार्य जो परिचालन गतिविधियों की नियमित जांच करती है, आवश्यक सुधार को बेहतर बना रही है। बैंक परिचालन जोखिम के परिकलन के लिए जोखिम भारित आस्तियों में बेसिक इंडिकेटर एप्रोच (एटीएमआर) का प्रयोग कर रही है।

बैंक में एक आंतरिक नियंत्रण इकाई भी है जो सुनिश्चित करता है कि सभी कारोबार इकाई बैंक की प्रक्रिया का और साथ ही स्थानीय सरकार के विनियमों का भी अनुपालन करते हैं।

सी: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. (अनुषंगी), बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैण्ड) लि. (अनुषंगी) और बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

परिचालनात्मक जोखिम प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हानि का जोखिम है जो विभिन्न कारणों से उत्पन्न होती है जो बैंक की प्रक्रिया, कार्मिक, प्रौद्योगिकी और आधार संरचना से संबद्ध है और क्रेडिट, बाजार, तरलता जोखिम छोड़कर बाह्य कारक जैसे विधिक और विनियामक जरूरतों और कॉरपोरेट व्यवहार के आम स्वीकृत मानकों से उत्पन्न होते है। परिचालनात्मक जोखिम बैंक की सभी गतिविधियों से उत्पन्न होती है।

वित्तीय हानि एवं कुल लागत प्रभावशीलता सहित बैंक की प्रतिष्ठा धूमिल होने से बचाव को संतुलित करने और नियंत्रण कार्रवाई जो पहल एवं रचनात्मकता को सीमित करती है, से बचाव के लिए परिचालनात्मक जोखिम का प्रबंध करना बैंक का उद्देश्य है।

परिचालनात्मक जोखिम का ध्यान रखने के लिए प्रबंधन विकास एवं कार्यान्वयन नियंत्रण हेतु प्राथमिक उत्तरदायित्व प्रत्येक शाखा स्तर पर वरिष्ठ प्रबंधन हेतु निर्धारत किया गया है। परिचालनात्मक जोखिम के प्रबंधन हेतु कुल मानकों के विकास उत्तरदायित्व में निम्नलिखित क्षेत्रों में सहायक है :-

- संव्यवहार के स्वतंत्र प्राधिकार सहित कार्य के उचित पृथक्करण की आवश्यकता;
- संव्यवहार के समाधान एवं निगरानी की आवश्यकता;
- नियामक एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं सहित अनुपालन;
- नियंत्रण एवं प्रक्रिया का प्रलेखीकरण;
- महसूस किए गए परिचालनात्मक जोखिमों के निर्धारण की आवश्यकता तथा पहचान किए गए जोखिमों का ध्यान रखने के लिए नियंत्रण एवं प्रक्रिया की पर्याप्तता;
- परिचालनात्मक हानि की रिपोर्टिंग एवं प्रस्तावित निवारणात्मक कार्रवाई की आवश्यकता;
- आकस्मिकता योजना का विकास;
- प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास;
- नैतिक एवं कारोबार मानक;
- बीमा सहित जोखिम कमी, जहां यह प्रभावी है।

तालिका डीएफ - 9

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

i. गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन अपेक्षा में आईआरआरबीबी और प्रमुख धारणाओं के ऋण भुगतान और अपरिपक्व जमा का परिचालन संबंधी धारणाओं का स्वरूप तथा आईआरआरबीबी मापने की बारंबारता शामिल है।

ए. बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम की आम तौर पर तिमाही आधार पर गणना की जाती है। बैंकिंग बही में परिपक्वता हेतु धारित (एचटीएम) संविभाग में धारण किए सभी अग्रिम और निवेश सम्मिलित है।

कार्यनीति और प्रणालियाँ/संरचना और संगठन/जोखिम रिपोर्टिंग संबंधी कार्यक्षेत्र और स्वरूप/नीतियों आदि वही हैं जो टेबल डीएफ-7 के तहत रिपोर्ट की गई है।

आईआरआरबीबी माप की कार्य-प्रणाली और प्रमुख धारणाएँ निम्नानुसार है;

- ➢ अग्रिमों तथा जमा राशियों, जो बैंक का 100% कारोबार कवर करती है, की शेष परिपक्वता पर नेटवर्क की शाखाओं से प्राप्त मासिक सूचना के आधार पर विभिन्न समय बकेट के साथ ब्याज दर संवेदनशील और विभिन्न आस्तियों व देयताओं की शेष परिपक्वता को ध्यान में लेते हुए संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाता है।
- ➢ प्रत्येक आस्ति एवं देयता की अवधि, प्रत्येक टाइम बकेट के मध्यबिंदु को परिपक्वता दिनांक के रूप में एवं औसत प्राप्ति को कूपन के रूप में तथा भुनाई प्रयोजन के लिए बाजार दर को लेकर परिचालित की जाती है। निवेशों के लिए, वास्तविक अवधि ली जाती है, जैसा कि डाटा संपूर्ण ब्योरों सहित उपलब्ध रहता है। निवेशों के संबंध में इस प्रयोग के लिए एएफएस एवं एचएफटी संविभागों को अलग रखा जाता है, जैसा कि बैंकिंग बही में आईआरआर पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।
- ➢ उक्त के उपयोग से, प्रत्येक बकेट के लिए देयताओं और आस्तियों की आशोधित अवधि परिकलित की जाती है और ब्याज दर में 1% से परिवर्तन के लिए उनके मूल्य पर प्रभाव माना जाता है। उसमें जोड़कर निवल स्थिति परिकलित की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मूल्य में सकारात्मक वृद्धि है या अन्यथा।

धारणाएँ :

i. समस्त टाइम बकेट और समस्त आस्तियों के लिए ब्याज दर सभी समान रूप से चालित होता है।

ii. मांग जमा राशियों-बचत तथा चालू के संदर्भ में इसे भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसरण में उनके व्यवहार निष्कर्ष पर विभाजित किया जाता है।

iii. आम तौर पर, बैंक आईआरआरबीबी की गणना करते समय कूपन दर/भुनाई दर का चयन/परिपक्वता तारीख के रूप में प्रत्येक टाइम बकेट के मध्यबिंदु , को लेना आदि सहित रिज़र्व बैंक के तनाव परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करता है।

iv. बीपीएलआर लिंकड अग्रिमों/बेस रेट के पुनर्मूल्य निर्धारण को 3 से 6 माह के बकेट में लिया गया है।

v. एमसीएलआर से संबद्ध अग्रिमों का पुनर्मूल्यन, उस एमसीएलआर परिपक्वता अवधि के आधार पर किया गया है जिससे ये एमसीएलआर संबद्ध है।

बी. पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके, बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि., बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगियां) तथा बैंक ऑफ इंडिया युगांडा लि. (अनुषंगियाँ)

बैंक अपनी वित्तीय स्थिति एवं नकदी प्रवाह पर बाजार ब्याज दरों के वर्तमान स्तरों में अस्थिरता के प्रभाव सहित शामिल विभिन्न जोखिमों से युक्त है। बाजार प्रवृत्ति में परिवर्तन के साथ-साथ बैंक को जमा राशियों, ऋण एवं अग्रिमों पर ब्याज दर में संशोधन करने का विवेकाधिकार है। इन उपायों के कारण बैंक के ब्याज दर जोखिम का क्षेत्र कम होता है।

II. मात्रात्मक प्रकटन

आईआरआरबीवी मापने के लिए प्रबंधन की प्रणाली के अनुसार उर्ध्वमुखी और अधोमुखी रेट शॉक के लिए उपार्जन और आर्थिक मूल्य (अथवा प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त संबद्ध उपाय) में वृद्धि (ह्रास), मुद्रा द्वारा खंडित (जहां कुल पण्यावर्त के 5% से अधिक पण्यावर्त होता है)

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (बीओआई सोलो)

(रु. मिलियन में)

	कुल	जिसमें से, यूएसडी में (जहाँ कारोबार कुल कारोबार के 5% से अधिक है)
1. जोखिम पर अर्जन (एनआईआई)		
1 वर्ष के लिए 0.50% परिवर्तन	2.51%	- 0.51%
2. जोखिम पर ईक्विटी का आर्थिक मूल्य		
200 बेसिक पॉईंट शॉक		
% ता के रूप में इक्विटी मूल्य में कमी	-3.42%	-6.38%

तलिका - डीएफ 10

प्रतिपक्षी ऋण जोखिम से संबंधित एक्सपोज़र के लिए सामान्य प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

बैंक तुलन पत्र की मदों के साथ प्रतिपक्षी कारोबार के उद्देश्य से हैजिंग के लिए व्युत्पन्न उत्पादों का प्रयोग करता है। व्युत्पन्न परिचालन के जोखिम प्रबंधन के शीर्ष में वरिष्ठ कार्यपालक रहते हैं जो उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट करते है, यह लाइन कार्यों से स्वतंत्र है। ट्रेडिंग की स्थिति दैनंदिन आधार पर बाज़ार मूल्य को बही में अंकित किया जाता है।

जोखिम प्रबंधन विभाग द्वारा व्युत्पन्न नीति बनाई जाती है जिसमें ऋण जोखिम और बाजार जोखिम को आंकना शामिल है।

तुलन पत्र प्रबंधन के लिए हैज़ संव्यवहार किया जाता है जोखिमों के सही रिपोर्टिंग और निगरानी के लिए उचित प्रणाली है। हैजिग की नीति और उसकी निगरानी की प्रक्रिया भी उसी प्रकार से है।

हैज तथा गैर-हैज़ संव्यवहारों को रिकार्ड करने के लिए लेखांकन नीति है जिसमें आय की पहचान, प्रीमियम और छूट का निर्धारण शामिल है। बकाया संविदा, प्रावधानीकरण, संमार्श्विक और जोखिम न्यूनीकरण का मूल्यांकन किया जा रहा है।

करंट एक्सपोज़र मेथोडोलज़ी (सीईएम) के अनुरूप क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी परिकलित की गई है। संभाव्य एक्सपोज़र का परिकलन क्रेडिट कनवर्जन फैक्टर के साथ कल्पित मूलधन को गुणा करके किया जाता है। प्रतिस्थापन लागत सकारात्मक बाजार मूल्य है। चालू एक्सपोज़र प्रतिस्थापन लागत के समान है। क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी संभाव्य एक्सपोज़र और चालू एक्सपोज़र का जोड़ है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन

क) संविदाओं का सकल सकारात्मक उचित मूल्य,लाभ की निवल राशि, चालू ऋण एक्सपोज़र की निवल राशि, धारित संपार्श्विक (यथा नकदी,सरकारी प्रतिभूतियां आदि प्रकार सहित) और निवल व्युत्पन्न ऋण एक्सपोज़र। इसमें चूक वाले एक्सपोज़र के लिए उपाय की रिपोर्ट अथवा सीईएम के तहत एक्सपोज़र राशि भी है। ऋण व्युत्पन्न हेज़ की कल्पित मूल्य और ऋण एक्सपोज़र के प्रकारों द्वारा चालू ऋण एक्सपोजर का वितरण।

ख) ऋण व्युत्पन्न संव्यवहार जो सीसीआर (कल्पित मूल्य) में एक्सपोज़र सृजित करती है, संस्था के अपने क्रेडिट पोर्टफोलियो के साथ प्रयोग किए गए क्रेडिट व्युत्पन्न उत्पादों के वितरण सहित उसकी मध्यवर्ती गतिविधियों के बीच पृथक किया जाता है, जिसे आगे प्रत्येक उत्पाद समूह के मध्य खरीदे और बेचे गए संरक्षण में विखंडित किया जाता है।

(रु मिलियन में)

काउंटर पार्टी ऋण जोखिम (सीसीआर)	
कल्पित मूलधन रकम	4,05,907.52
संभाव्य एक्सपोज़र	8,014.04
प्रतिस्थापन लागत	1,574.58
चालू एक्सपोज़र	9,588.62
क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी	9,588.62
आरडब्ल्यूए	2,587.79
पूँजी प्रभार	207.02

(रु मिलियन में)

मदें	कल्पित रकम	चालू ऋण एक्सपोज़र	क्रेडिट समतुल्य
मुद्रा विकल्प	10,232.56	204.65	204.65
क्रॉस सीसीवाई ब्याज दर स्वैप	3391.54	67.83	67.83
वायदा दर करार	3,83,872.14	7,677.44	9,240.64
ब्याज दर भविष्य	0	0	0
ऋण चूक स्वैप	0	0	0
एकल सीसीवाई ब्याज दर स्वैप	8,411.27	64.11	75.50
कुल	4,05,907.52	8,014.04	9,588.62

तालिका डीएफ -11

पूंजी का विन्यास

31.03.2022

(रु मिलियन में)

क्रं. सं.	31 मार्च 2017 से पहले प्रयुक्त बासेल III आम प्रकटन टेम्पलेट	पात्र राशि	बासेल III लागू होने से पहले की राशि	संदर्भ संख्या
	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी : लिखत तथा आरक्षित			
1	प्रत्यक्ष जारी विशेषक सामान्य शेयर पूंजी के साथ संबंधित अतिरिक्त स्टॉक (शेयर प्रीमियम)	2,13,764.59		
2	प्रतिधारित उपार्जन	33,134.11		
3	संचित अन्य व्यापक आय (और अन्य आरक्षितियां)	2,96,812.02		
4	सीईटी 1 से फेस आउट के अधीन प्रत्यक्ष जारी पूंजी (केवल गैर- संयुक्त स्टॉक कंपनियों के लिए लागू)			
	सार्वजनिक क्षेत्र में पूंजी लगाना जिसकी देखरेख 1 जनवरी 2018 तक की जाएगी			
5	अनुषंगियों द्वारा जारी और थर्ड पार्टियों द्वारा धारित सामान्य शेयर पूंजी (ग्रुप सीईटी 1 में अनुमत रकम)			
6	**विनियामक समायोजन के पहले सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी**	**5,43,710.73**		
	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी : विनियामक समायोजन			
7	विवेकपूर्ण मूल्यांकन समायोजन			
8	गुडविल (संबंधित कर देयता का निवल)	-		
9	बंधक सर्विसिंग अधिकारों को छोड़कर अमूर्तें (संबंधित कर देयता का निवल)	-		
10	आस्थगित कर आस्तियां	31794.22		
11	नकदी प्रवाह हैज आरक्षित			
12	अपेक्षित हानि के प्रावधान में कमी			
13	बिक्री पर प्रतिभूतिकरण लाभ			
14	उचित मूल्य देयताओं पर अपने ऋण जोखिम में परिवर्तन के कारण लाभ और हानियां			
15	परिनिश्चित- लाभ पेंशन फंड निवल आस्तियां			
16	अपने शेयरों में निवेश (रिपोर्ट की गई तुलन-पत्र में यदि पहले ही प्रदत्त पूंजी समायोजित न किया गया हो)			
17	सामान्य इक्विटी में पारस्परिक क्रास-धारिता	908.58		
18	विनियामक समेकन की परिधि से बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं के पूंजी में पात्र अधिविक्रय की स्थिति का समायोजन जहाँ संस्था द्वारा जारी शेयर पूंजी के अधिकतम 10% का स्वामित्व बैंक का है (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)			

				31.03.2022
				(रु मिलियन में)
क्रं. सं.	31 मार्च 2017 से पहले प्रयुक्त बासेल III आम प्रकटन टेम्पलेट	पात्र राशि	बासेल III लागू होने से पहले की राशि	संदर्भ संख्या
19	विनियामक समेकन की परिधि के बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं के कॉमन स्टाक में महत्वपूर्ण निवेश, पात्र अधिविक्रय की स्थिति का समायोजन (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)			
20	बंधक सर्विसिंग अधिकार (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)			
21	अस्थायी अंतरों से उभरे आस्थगित कर आस्तियां (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि, संबंधित कर देयता को छोड़कर)			
22	15% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि			
23	*जिसमें से:* वित्तीय संस्थाओं के कॉमन स्टॉक में महत्वपूर्ण निवेश			
24	*जिसमें से:* बंधक सर्विसिंग अधिकारी			
25	*जिसमें से: अस्थायी अंतरो से उभरे आस्थगित कर आस्तियां*			
26	राष्ट्रीय निर्दिष्ट विनियामक समायोजन (26ए + 26बी + 26सी + 26डी)			
26ए	*जिसमें से:* असमेकित बीमा अनुषंगियों के इक्विटी पूंजी में निवेश	0.00		
26बी	*जिसमें से:* असमेकित गैर-वित्तीय अनुषंगियों के इक्विटी पूंजी में निवेश	0		
26सी	*जिसमें से:* बहुलांश स्वामित्व वित्तीय संस्थाएं जिन्हें बैंक के साथ समेकित नहीं किया गया है के इक्विटी पूंजी में कमी	0		
26डी	*जिसमें से:* अपरिशोधित पेंशन निधि व्यय पूर्व बासेल III व्यवहार के अधीन रकम के संबंध में सामान्य इक्विटी टियर 1 पर लगाएं गए विनियामक समायोजन।			
	जिसमें से: इसमायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें.			
	उदाहरण के लिए: एएफएस ऋण प्रतिभूतियों पर अप्राप्त हानियों को फिल्टर किया जाना (भारतीय परिप्रेक्ष्य में कोई संबंध नही)			
	जिसमें से: (समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें)			
	जिसमें से : (समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें)			
27	कटौतियों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त अतिरिक्त टियर 1 और टियर 2 के कारण सामान्य इक्विटी टियर 1 पर लगाए गए विनियामक समायोजन			
28	**सामान्य इक्विटी टियर 1 में कुल विनियामक समायोजन**	**32702.80**	**0.00**	
29	**सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी (सीईटी1)**	**5,11,007.93**		
	अतिरिक्त इक्विटी टियर 1 पूंजी: लिखतें			
30	प्रत्यक्ष जारी सापेक्ष अतिरिक्त टियर 1 लिखतें के साथ संबंधित स्टॉक अधिशेष (31 + 32)	28520.00		

				31.03.2022
				(रु मिलियन में)
क्रं. सं.	31 मार्च 2017 से पहले प्रयुक्त बासेल III आम प्रकटन टेम्पलेट	पात्र राशि	बासेल III लागू होने से पहले की राशि	संदर्भ संख्या
31	*जिसमें से:* लागू लेखांकन मानको के तहत इक्विटी के रूप में वर्गीकृत (बेमीयादी असंचयी अधिमानी शेयर)	00.00		
32	*जिसमें से:* लागू लेखांकन मानक के तहत देयताओं के रूप में वर्गीकृत (बेमीयादी ऋण लिखत)	28520.00		
33	अतिरिक्त टियर 1 से फेज़ आउट के अधीन प्रत्यक्ष जारी पूंजी लिखतें	0.00	0.00	
34	अनुषंगियों द्वारा जारी और तृतीय पक्ष द्वारा धारित अतिरिक्त टियर 1 लिखतें (और सीईटी 1 लिखत जो रो 5 में शामिल नही) (ग्रुप एटी 1 में अनुमत रकम)			
35	*जिसमें से:* अनुषंगियों द्वारा जारी लिखतें जो फेज़ आउट के अधीन है।			
36	**विनियामक समायोजन के पूर्व अतिरिक्त टियर 1 पूंजी**	**28520.00**	**0.00**	
	अतिरिक्त टियर 1 पूंजी : विनियामक समायोजन			
37	स्वयं के अतिरिक्त टियर 1 लिखतों में निवेश			
38	अतिरिक्त टियर 1 लिखतों में पारस्परिक क्रॉस धारिता	0.00		
39	विनियामक समेकन की परिधि से बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं के पूंजी में निवेश, पात्र अधिविक्रय की स्थिति का समायोजन जहाँ संस्था द्वारा जारी सामान्य शेयर पूंजी के अधिकतम 10% का स्वामित्व बैंक का है (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)	0.00		
40	विनियामक समेकन की परिधि के बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं की पूंजी में महत्वपूर्ण निवेश (पात्र अधिविक्रय स्थिति को घटाकर) 10			
41	राष्ट्रीय निर्दिष्ट विनियामक समायोजन (41ए + 41बी)			
41ए	असमेकित बीमा अनुषंगियो के अतिरिक्त टियर 1 पूंजी में निवेश			
41बी	बैंक में समेकित न किए गए बहुलांश स्वामित्व वाले वित्तीय संस्थाओं के अतिरिक्त टियर 1 पूंजी में कमी।			
42	कटौतियों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त टियर 2 के कारण अतिरिक्त टियर 1 में लगाए गए विनियामक समायोजन			
43	**अतिरिक्त टियर 1 पूंजी पर कुल विनियामक समायोजन**	**0.00**		
44	**अतिरिक्त टियर 1 पूंजी (एटी1)**	**28520.00**		
44ए	**पूंजी पर्याप्तता के लिए माना गया अतिरिक्त टियर 1 पूंजी**	**28520.00**		

				31.03.2022
				(रु मिलियन में)
क्रं. सं.	31 मार्च 2017 से पहले प्रयुक्त बासेल III आम प्रकटन टेम्पलेट	पात्र राशि	बासेल III लागू होने से पहले की राशि	संदर्भ संख्या
45	**टियर 1 पूंजी (टी1 = सीईटी1 + एटी1) (29 + 44ए)**	5,39,527.93		
	टियर 2 पूंजी: लिखते एवं प्रावधान			
46	प्रत्यक्ष जारी पात्र टियर 2 लिखतों के साथ संबंधित स्टॉक अधिशेष	3000.00	63000.00	
47	टियर 2 से फेज़ आउट के अधीन प्रत्यक्ष जारी पूंजी लिखत	0.00		
48	अनुषंगियों द्वारा जारी और तृतीय पक्ष द्वारा धारित (ग्रुप टियर 2 में अनुमत राशि) टियर 2 लिखते (और रो 5 अथवा 34 में शामिल न किए गए सीईटी 1 ओर एटी 1 लिखतें)			
49	*जिसमें से:* फेज़ आउट के अधीन अनुषंगियों द्वारा जारी लिखतें			
50	प्रावधान	36834.00		
51	**विनियामक समायोजन के पहले टियर 2 पूंजी**	66834.00		
	टियर 2 पूंजी: विनियामक समायोजन			
52	अपने टियर 2 लिखतों में निवेश			
53	टियर 2 लिखतों में पारस्परिक क्रॉस-धारिता	0.00	0.00	
54	विनियामक समेकन की परिधि से बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं के पूंजी में निवेश, पात्र अधिविक्रय की स्थिति का समायोजन जहाँ संस्था द्वारा जारी सामान्य शेयर पूंजी के अधिकतम 10% का स्वामित्व बैंक का है(10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)			
55	विनियामक समेकन की परिधि के बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं की पूंजी में महत्वपूर्ण निवेश (पात्र अधिविक्रय की स्थिति को घटाकर)	0.00		
56	राष्ट्रीय निर्दिष्ट विनियामक समायोजन (56ए + 56बी)			
56ए	*जिसमें से:* असमेकित अनुषंगियों के टियर 2 पूंजी में निवेश			
56बी	*जिसमें से:* बैंक में समेकित न किए गए बहुलांश स्वामित्व वाले वित्तीय संस्थाओं के अतिरिक्त टियर 2 पूंजी में कमी।			
	पूर्व बासेल III व्यवहार के अधीन रकम के संबंध में टियर 2 पर लगाए गए विनियामक समायोजन			
	जिसमें से: (समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें यथा वर्तमान समायोजन जो 50% पर टियर 2 से कटौती की जा रही है.			
	जिसमें से: (समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें.			
57	टियर 2 पूंजी में कुल विनियामक समायोजन	0.00		
58	**टियर 2 पूंजी (टी 2)**	66834.00		

				31.03.2022
				(रु मिलियन में)
क्रं. सं.	31 मार्च 2017 से पहले प्रयुक्त बासेल III आम प्रकटन टेम्पलेट	पात्र राशि	बासेल III लागू होने से पहले की राशि	संदर्भ संख्या
58ए	**पूंजी पर्याप्तता के लिए माना गया टियर 2 पूंजी**	66834.00		
58बी	**एक्सेस अतिरिक्त टियर 1 पूंजी जिसे टियर 2 पूंजी माना जाता है।**	0		
58सी	**पूंजी पर्याप्तता के लिए स्वीकार्य कुल टियर 2 पूंजी (58ए + 58बी)**	66834.00		
59	कुल पूंजी (टीसी = टी1 + टी2) (45 + 58सी)	6,06,361.93		
	पूर्व बासेल III व्यवहार के अधीन रकम के संबंध में जोखिम भारित आस्तियां			
	जिसमें से: (समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें.			
	जिसमें से: %			
60	**कुल जोखिम भारित संपत्ति (60a + 60 + 60c)**	35,85,324		
60ए	**जिनमें से: कुल क्रेडिट जोखिम भारित संपत्ति**	30,48,547		
60बी	**जिनमें से: कुल बाजार जोखिम भारित संपत्ति**	1,65,194		
60सी	**जिनमें से: कुल परिचालन जोखिम भारित संपत्ति**	3,71,583		
	पूंजी अनुपात			
61	कॉमन इक्विटी टियर 1 (जोखिम भारित परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में)	14.25%		
62	टियर 1 (जोखिम भारित परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में)	15.05%		
63	कुल पूंजी (जोखिम भारित परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में)	16.91%		
64	संस्थान विशिष्ट बफर आवश्यकता (न्यूनतम सीईटी 1 आवश्यकता प्लस पूंजी संरक्षण और प्रतिचक्रीय बफर आवश्यकताएं, जोखिम भारित परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में व्यक्त)			
65	जिनमें से: पूंजी संरक्षण बफर आवश्यकता			
66	जिनमें से: बैंक विशिष्ट प्रतिचक्रीय बफर आवश्यकता			
67	जिनमें से: जी-एसआईबी बफर आवश्यकता			
68	बफर को पूरा करने के लिए कॉमन इक्विटी टियर 1 उपलब्ध है (जोखिम भारित परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में)			
	राष्ट्रीय न्यूनतम (यदि बेसल III से अलग है)			
69	नेशनल कॉमन इक्विटी टियर 1 न्यूनतम अनुपात (यदि बेसल III न्यूनतम से अलग है)	8.00%		
70	राष्ट्रीय टियर 1 न्यूनतम अनुपात (यदि बेसल III न्यूनतम से अलग है)	9.50%		

				31.03.2022
				(रु मिलियन में)
क्रं. सं.	31 मार्च 2017 से पहले प्रयुक्त बासेल III आम प्रकटन टेम्पलेट	पात्र राशि	बासेल III लागू होने से पहले की राशि	संदर्भ संख्या
71	राष्ट्रीय कुल पूंजी न्यूनतम अनुपात (यदि बेसल III न्यूनतम से अलग है)	11.50%		
	कटौती के लिए सीमा से नीचे की राशि (जोखिम भार से पहले)			
72	अन्य वित्तीय संस्थाओं की पूंजी में गैर-महत्वपूर्ण निवेश			
73	वित्तीय संस्थाओं के सामान्य स्टॉक में महत्वपूर्ण निवेश			
74	बंधक सेवा अधिकार (संबंधित कर देयता का शुद्ध)			
75	अस्थायी अंतर (संबंधित कर देयता का शुद्ध) से उत्पन्न स्थगित कर संपत्ति			
	टियर 2 में प्रावधानों को शामिल करने पर लागू सीमा			
76	मानकीकृत दृष्टिकोण (कैप के आवेदन से पहले) के अधीन एक्सपोजर के संबंध में टियर 2 में शामिल करने के लिए पात्र प्रावधान	36934.00		
77	मानकीकृत दृष्टिकोण के तहत टियर 2 में प्रावधानों को शामिल करने की सीमा			
78	आंतरिक रेटिंग-आधारित दृष्टिकोण (कैप के आवेदन से पहले) के अधीन एक्सपोजर के संबंध में टियर 2 में शामिल करने के लिए पात्र प्रावधान			
79	आंतरिक रेटिंग-आधारित दृष्टिकोण के तहत टियर 2 में प्रावधानों को शामिल करने की सीमा			
	चरणबद्ध व्यवस्था के अधीन पूंजीगत उपकरण (केवल बीच में लागू) 31 मार्च, 2017 और 31 मार्च, 2022)			
80	सीईटी 1 उपकरणों पर वर्तमान सीमा चरणबद्ध व्यवस्था के अधीन है			
81	कैप के कारण सीईटी 1 से बाहर की गई राशि (रिडेम्पशन और परिपक्वता के बाद कैप से अधिक)			
82	एटी1 उपकरणों पर वर्तमान सीमा चरणबद्ध व्यवस्था के अधीन	28520.00		
83	कैप के कारण एटी 1 से बाहर की गई राशि (रिडेम्पशन और परिपक्वता के बाद कैप पर अधिक)	0.00		
84	टी2 उपकरणों पर मौजूदा सीमा चरणबद्ध व्यवस्था के अधीन	0.00		
85	सीमा के कारण टी 2 से बाहर की गई राशि (रिडेम्पशन और परिपक्वता के बाद कैप से अधिक)	0.00		

तालिका डीएफ-12 :
पूंजी की संरचना- समाधान संबंधी आवश्यकताएं यथा 31.03.2022

चरण 1

चरण 1 के तहत, बैंकों को अपने वित्तीय विवरणों में अपनी बैलेंस शीट लेने की आवश्यकता होती है (नीचे मध्य कॉलम में रिपोर्ट की गई संख्याएं) और समेकन के नियामक दायरे को लागू होने पर संख्याओं की रिपोर्ट करें (नीचे दाएं हाथ के कॉलम में रिपोर्ट की गई संख्याएं)। यदि नियामक समेकन बैलेंस शीट में ऐसी पंक्तियां हैं जो प्रकाशित वित्तीय विवरणों में मौजूद नहीं हैं, तो बैंकों को मध्य कॉलम में शून्य का मूल्य देना होगा और समेकन के नियामक दायरे के लिए कॉलम में संबंधित राशि प्रस्तुत करनी होगी। हालांकि, बैंक इंगित कर सकते हैं कि बैलेंस शीट में ऐसी राशि के लिए सही व्यवहार क्या है.

		वित्तीय विवरणियों के अनुरूप तुलन पत्र	विनियामक द्वारा समेकन की गुंजाइश के अंतर्गत तुलनपत्र
		यथा रिपोर्टिंग तिथि (₹ मिलियन में)	यथा रिपोर्टिंग तिथि (₹ मिलियन में)
ए	**पूंजी एवं देयताएं**		
i	प्रदत्त पूंजी	41,043.05	41,043.05
	आरक्षितियां एवं अधिशेष	5,63,286.36	5,61,541.37
	अल्प संख्यक हित	1,565.14	1,565.14
	कुल पूंजी	**6,05,894.55**	**6,04,149.56**
ii	जमाराशियां	**67,21,941.22**	**67,22,173.49**
	जिसमें से : बैंकों से जमाराशियां	5,18,058.38	5,18,058.38
	जिसमें से : ग्राहकों से जमाराशियां	62,03,882.85	62,04,115.12
	जिसमें से : अन्य जमाराशियां (कृ. उल्लेख करें)	-	-
iii	उधार	**6,50,152.25**	**6,49,790.23**
	जिसमें से : आरबीआई से	26,920.00	26,920.00
	जिसमें से : बैंकों से	451.58	89.57
	जिसमें से : अन्य संस्थाओं एवं एजेन्सियों से	5,03,773.83	5,03,773.83
	जिसमें से : अन्य (कृपया उल्लेख करें)	27,486.84	27,486.84
	जिसमें से : पूंजी लिखत	91,520.00	91,520.00
iv	अन्य देयताएं एवं प्रावधान	**2,82,369.47**	**2,28,668.72**
	कुल	**82,60,357.50**	**82,04,782.00**
बी	आस्तियां		
i	भारतीय रिज़र्व बैंक में नकदी और शेष	47,43,815.49	4,42,906.94
	बैंकों में शेष और मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धन	4,03,017.30	4,03,250.35
ii	निवेश:	21,13,235.52	20,60,379.87
	जिसमें से : सरकारी प्रतिभूतियां	19,14,246.22	18,91,102.37
	जिसमें से : अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	10,513.11	
	जिसमें से : शेयर	13,732.85	10,334.04
	जिसमें से : डिबेंचर एवं बॉण्ड	1,05,048.14	99,787.05

		वित्तीय विवरणियों के अनुरूप तुलन पत्र	विनियामक द्वारा समेकन की गुंजाइश के अंतर्गत तुलनपत्र
		यथा रिपोर्टिंग तिथि (₹ मिलियन में)	यथा रिपोर्टिंग तिथि (₹ मिलियन में)
	जिसमें से : अनुषंगियां/संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनियां	21,824.33	23,153.53
	जिसमें से : अन्य (वाणिज्यिक कागज़ात, म्यूचुअल फण्ड इत्यादि)	47,870.86	36,002.88
iii	**ऋण एवं अग्रिम**	**48,86,876.99**	**48,86,805.33**
	जिसमें से : बैंकों को ऋण एवं अग्रिम	3,69,275.14	3,69,275.14
	जिसमें से : ग्राहकों को ऋण एवं अग्रिम	45,17,601.85	45,17,530.19
iv	**अचल आस्तियां**	**1,00,605.57**	**1,00,436.76**
v	**अन्य आस्तियां**	**3,12,806.63**	**3,11,002.74**
	जिसमें से : सद्भाव एवं अमूर्त आस्तियां	4,590.68	
	जिसमें से : आस्थगित कर आस्तियां	66,587.11	66,587.11
vi	**समेकन पर सद्भाव**	-	-
vii	**लाभ एवं हानि खाते में नामे शेष**	-	-
	कुल आस्तियां	**82,60,357.50**	**82,04,782.00**

चरण -2

चरण 2 के अंतर्गत, बैंको को तालिका डीएफ - 11 (भाग I/II, जो भी लागू हो) में वर्णित पूँजीगत प्रकटन टैम्पलेट की परिभाषा में उपयोग किए गए सभी घटकों की पहचान के लिए तुलन पत्र में विनायमक सीमा का विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। नीचे कुछ घटकों के उदाहरण दिए गए है जिन्हें बैंकिंग समूह विशेष के लिए विस्तृत करने की आवश्यकता है। बैंक का तुलनपत्र जितना जटिल होगा उसे उतनी ही ज्यादा मदों को प्रकटित करने की आवश्यकता होगी। प्रत्येक घटक को एक संदर्भ संख्या/वर्ण दिया जाए जिसे चरण 3 में उपयोग किया जा सके ।

		वित्तीय विवरणियों के अनुरूप तुलन पत्र	विनियामक द्वारा समेकन की गुंजाइश के अंतर्गत तुलन पत्र
		यथा रिपोर्टिंग तिथि	यथा रिपोर्टिंग तिथि
ए	**पूंजी एवं देयताएं**		
i	**प्रदत्त पूंजी**	**41,043.05**	**41,043.05**
	जिसमें से : सीईटी 1 हेतु पात्र राशि	41,043.05	41,043.05
	जिसमें से : एटी 1 हेतु पात्र राशि	-	-
	आरक्षितियां एवं अधिशेष	**5,63,286.36**	**5,61,541.37**
	अल्प संख्यक हित	**1,565.14**	**1,565.14**
	कुल पूंजी	6,05,894.55	6,04,149.56
ii	**जमाराशियां**	**67,21,941.22**	**67,22,173.49**
	जिसमें से : बैंकों से जमाराशियां	5,18,058.38	5,18,058.38
	जिसमें से : ग्राहकों से जमाराशियां	62,03,882.85	62,04,115.12
	जिसमें से : अन्य जमाराशियां (कृपया उल्लेख करें)	-	-

		वित्तीय विवरणियों के अनुरूप तुलन पत्र	विनियामक द्वारा समेकन की गुंजाइश के अंतर्गत तुलन पत्र
		यथा रिपोर्टिंग तिथि	यथा रिपोर्टिंग तिथि
iii	**उधार**	**6,50,152.25**	**6,49,790.23**
	जिसमें से : आरबीआई से	26,920.00	26,920.00
	जिसमें से : बैंकों से	451.58	89.57
	जिसमें से : अन्य संस्थाओं एवं एजेन्सियों से	5,03,773.83	5,03,773.83
	जिसमें से : अन्य (कृपया उल्लेख करें)	27,486.84	27,486.84
	जिसमें से : पूंजी लिखत	91,520.00	91,520.00
iv	**अन्य देयताएं एवं प्रावधान**	2,82,369.47	2,28,668.72
	जिसमें से : सद्भाव से संबंधित डीटीएल	0.00	0.00
	जिसमें से : अमूर्त आस्तियों से संबंधित डीटीएल	0.00	0.00
	कुल	**82,60,357.50**	**82,04,782.00**
बी	आस्तियां		
i	**भारतीय रिज़र्व बैंक में नकदी एवं शेष**	**4,43,815.49**	**4,42,906.94**
	बैंकों में शेष तथा मांग एवं अल्प सूचना पर प्राप्य धन	**4,03,017.30**	**4,03,250.35**
ii	**निवेश:**	**21,13,235.52**	**20,60,379.87**
	जिसमें से : सरकारी प्रतिभूतियां	19,14,246.22	18,91,102.37
	जिसमें से : अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	10,513.11	-
	जिसमें से : शेयर	13,732.85	10,334.04
	जिसमें से : डिबेंचर एवं बॉण्ड	1,05,048.14	99,787.05
	जिसमें से : अनुषंगियां/संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनियां	21,824.33	23,153.53
	जिसमें से : अन्य (वाणिज्यिक कागज़ात, म्यूचुअल फण्ड इत्यादि)	47,870.86	36,002.88
iii	**ऋण एवं अग्रिम**	**48,86,876.99**	**48,86,805.33**
	जिसमें से : बैंकों को ऋण एवं अग्रिम	3,69,275.14	3,69,275.14
	जिसमें से : ग्राहकों को ऋण एवं अग्रिम	45,17,601.85	45,17,530.19
iv	**अचल आस्तियां**	**1,00,605.57**	**1,00,436.76**
v	**अन्य आस्तियां**	**3,12,806.63**	**3,11,002.74**
	जिसमें से : सद्भाव एवं अमूर्त आस्तियां		
	जिसमें से :		
	सद्भाव		
	(अन्य अमूर्त (एमएसआर को छोड़कर)		
	आस्थिगित कर आस्तियां	66,587.11	66,587.11
vi	**समेकन पर सद्भाव**		
vii	**लाभ एवं हानि खाते में नामे शेष**		
	कुल आस्तियां	**82,60,357.50**	**82,04,782.00**

चरण -3

चरण 3 के अंतर्गत, बैंकों को प्रत्येक इनपुट का स्त्रोत दिखाने के लिए तालिका डीएफ- 11 (भाग I / II, जो भी लागू हो) में जोडे गए कॉलम को पूर्ण करने की आवश्यकता है।

(I) उदाहरणार्थ, पूँजीगत प्रकटन टैम्पलेट में 'संबंधित आस्थगित कर आस्तियों के सद्भाव'' की पंक्ति शामिल है। तालिका डीएफ -11(भाग I / II, जो भी लागू हो) के अंतर्गत प्रकटन टैम्पलेट में इस मद के प्रकटन के बाद, बैंक को समेकन की विनियामकीय सीमा के अंतर्गत तुलन पत्र के घटक 'ए'', उदाहरण चरण 2 में, तथा घटक 'सी'' में अंतर को टैम्पलेट की पंक्ति 8 की गणना दिखाने के लिए 'ए-सी' दर्शाना होगा।

आम प्रकटन टैम्पलेट बासेल III का सार (जोड़े गए कॉलम सहित) - तालिका डीएफ़ - 11 (भाग आई/भाग II, जो भी लागू हो)			
आम इक्विटी टियर 1 पूंजी : लिखत एवं आरक्षितियां			
		बैंक द्वारा रिपोर्ट किया गया विनियामक पूंजी का अंश	चरण 2 से विनियामक के समेकन की गुंजाइश के अंतर्गत तुलन पत्र के संदर्भ संख्या/पत्रों पर आधारित स्रोत
